kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-49 ❒ गुरुवार, 19 मार्च 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



नव संवत्सर हर हृदय में नई उमंग, विश्वास और संकल्प का संचार करे। यह पर्व हमारी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर को और मजबूत बनाते हुए समाज में एकता, सद्भाव और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करे। सभी लोग इस नव वर्ष का स्वागत नए सपनों, सकारात्मक ऊर्ज़ा और लोककल्याण के संकल्पों के साथ करें। आनंदीबेन पटेल

अश्लील गीतों और दृश्यों पर रोक लगाने के लिए सरकार प्रतिबद्धः वैष्णव 11

राज्यसभा चुनाव में अनुपस्थिति पर कांग्रेस के तीन विधायकों से जवाब-तलब 12

## संक्षेप

### लखनऊ में पासपोर्ट ऑफिस को साइनाइड भरे सिलेंडर से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ।** राजधानी के गोमतीनगर में लोहिया पथ किनारे स्थित रीजनल पासपोर्ट ऑफिस को साइनाइड भरे सिलेंडर से उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी भरा ई-मेल रीजनल पासपोर्ट अफसर की आधिकारिक आईडी पर आया। इसमें लिखा था कि पूरे परिसर में 19 स्थानों पर साइनाइड से भरे सिलेंडर रखे गए हैं। बुधवार दोपहर 2:10 बजे ताबड़तोड़ धमाके किए जाएंगे, बचा सकते हो तो बचा लो। पुलिस कंट्रोल रूम को यह सूचना मिलते ही गोमतीनगर इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और अधिकारी आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। तत्काल पूरे परिसर को खाली करवा लिया गया। दो घंटे तक मुख्य गेट से लेकर ऑफिस, वेटिंग एरिया, पार्किंग एरिया, मेज-कुर्सी के नीचे, अलमारियां खुलवाकर, शौचालय समेत पूरी इमारत में कोने-कोने की चेकिंग हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से की गई। इसके अलावा डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) ने पड़ताल की। हालांकि कोई भी संदिग्ध वस्तु पुलिस व बीडीएस टीम को नहीं मिली।

### मुर्मु आज से तीन दिन की उत्तर प्रदेश यात्रा पर

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार को उत्तर प्रदेश की तीन दिन की यात्रा पर जायेंगी जहां वह अयोध्या में राम मंदिर दर्शन के बाद मथुरा में गोवर्धन परिक्रमा करेंगी। राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को यहां बताया कि श्रीमती मुर्मु गुरुवार को अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर जाएंगी। वह राम जन्मभूमि मंदिर परिसर के विभिन्न स्थानों पर दर्शन और आरती में शामिल होंगी तथा श्री राम यंत्र स्थापना कार्यक्रम में भाग लेंगी। राष्ट्रपति शुक्रवार को वृंदावन में रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन करेंगी। वह शनिवार को मथुरा में गोवर्धन परिक्रमा करेंगी और उसके बाद दिल्ली लौट आएंगी।

### साध्वी निरंजन ज्योति ने ओबीसी आयोग के अध्यक्ष पद का दायित्व संभाला

**नयी दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता साध्वी निरंजन ज्योति ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (ओबीसी) का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया। साध्वी निरंजन ज्योति ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में खुद यह जानकारी दी और यह दायित्व सौंपने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। ओबीसी अध्यक्ष पद का दायित्व संभालने के बाद उन्होंने इस दौरान उनके स्वागत के लिए मौजूद प्रशंसकों के साथ फोटो भी खिंचवाए और कुछ फोटो शेयर किये। प्रशंसकों ने इस दौरान माला पहनाकर और तालियां बजाकर उनका स्वागत किया है।

# प्रदेश में न कोई भय है, न तनाव और न ही दंगों का खतरा: योगी

## मुख्यमंत्री ने कहा, 9 वर्षों में राज्य में बदल गई कानून-व्यवस्था की तस्वीर

कैनविज टाइम्स ब्यूरो





**योगी बोले**

- ❒ जल्द ही पेंशन में वृद्धि करेगी कैबिनेट, 1.06 करोड़ वृद्धों को दी जाएगी बढ़ी पेंशन
- ❒ शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जा रहे त्योहार, नवरात्रि व रमजान में अब नहीं कोई तनाव
- ❒ 9 साल में दीं 9 लाख से अधिक नौकरियां, 2.19 लाख पुलिस भर्तियों से मजबूत हुआ तंत्र
- ❒ 1.75 लाख महिलाएं भर्ती की गई, 1.10 करोड़ से ज्यादा महिला स्वयंसेवी समूह
- ❒ मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास और सतत समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने पर ''नव निर्माण के 9 वर्ष'' पुस्तक का किया विमोचन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार को विपक्ष पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। पहले जहां त्योहारों के दौरान भय, तनाव, दंगे और कर्फ्यू का माहौल बन जाता था, वहीं अब नवरात्रि और रमजान जैसे महत्वपूर्ण पर्व एक साथ पूरी शालीनता और सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि जल्द ही प्रदेश कैबिनेट वृद्धा पेंशन में बढ़ोतरी करेगी। साथ ही संस्कृत छात्रों के लिए छात्रावास व भोजन की नई योजना शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का 28 मार्च को उद्घाटन कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया गया है। सरकार ने जातीय व क्षेत्रीय चश्मे से देखकर किसी को लाभ नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में 'नव निर्माण के नौ वर्ष' पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि अलविदा की नमाज और ईद जैसे अवसर भी पूरी शांति से संपन्न हो रहे हैं और कहीं कोई हलचल या अव्यवस्था देखने को नहीं मिलती। यही बदला उत्तर प्रदेश में हुआ है, जहां लोग निर्भय होकर अपने धार्मिक स्थलों पर जा रहे हैं और सुरक्षा का वास्तविक अहसास कर रहे हैं। जल्द ही पेंशन में वृद्धि करेगी कैबिनेटमुख्यमंत्री ने निराश्रित महिला, वृद्ध व दिव्यांगजन पेंशन की भी चर्चा करते हुए बताया कि 1.06 करोड़ से अधिक परिवारों को प्रदेश सरकार 12 हजार रुपये वार्षिक पेंशन उपलब्ध करा रही है। इनके कल्याण के लिए कैबिनेट जल्द ही इसमें वृद्धि का भी निर्णय लेगा। सरकार स्नातक व परास्नातक की मेधावी बेटियों को स्कूटी भी उपलब्ध कराएगी। बेटी की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति का कार्यक्रम भी चल रहा है। सरकार दो करोड़ से अधिक नौजवानों को टैबलेट देगी, इसमें से 50 लाख युवाओं को टैबलेट दिया जा चुका है, शेष को भी जल्द ही उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री से 28 मार्च को जेवर एयरपोर्ट का लोकार्पण करने का अनुरोध किया है। जेवर एयरपोर्ट से अर्थव्यवस्था में ग्रोथ होगी। उप्र सरकार को एक लाख करोड़ रुपये की आय होगी। उन्होंने कहा कि इसी महीने गंगा एक्सप्रेसवे का कार्य पूरा हो जाएगा। जापान, सिंगापुर व जर्मनी के मंत्री व निवेशक कहते हैं कि यूपी में जीरो टॉलरेंस व जीरो करप्शन की नीति है। इसीलिए वे निवेश करने आ रहे हैं। विपक्ष पर मुख्यमंत्री का तीखा प्रहारमुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पहले पहचान का संकट था। अब विकास और विश्वास का नया उत्तर प्रदेश सामने है। वर्ष 2017 के पहले प्रदेश में भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और अव्यवस्था थी। मुख्यमंत्री ने कहा, 2017 के बाद डबल इंजन सरकार ने राज्य को 'बॉटलनेक' स्थिति से निकाल कर 'ब्रेकथ्रू' में बदला है। 2017 से ● शेष पेज 11 पर

# 'पंच कार्ड' से दो नाम मिटा दिए हैं, अभी और नाम मिटाए जाएंगे : नेतन्याहू

एजेंसी

यरुशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का एक नया वीडियो सामने आया है जिसमें वह हंसते हुए यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि ''मैं जिंदा हूं'', साथ में उन्होंने धमकी दी है कि वह अपने ''पंच कार्ड'' में शामिल अन्य ईरानी नेताओं को मारने का सिलसिला जारी रखेंगे।

इससे पहले मंगलवार को बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया था कि ईरान के नेता और देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी तथा 'बासिज' बल के कमांडर गुलाम रजा सुलेमानी को मार दिया गया है। नेतन्याहू ने अपनी मौत की अफवाहों का खंडन करने वाले वीडियो की श्रृंखला जारी रखते हुए अपने निजी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक और वीडियो साझा किया। इस वीडियो में वह इजराइल में अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी से मुलाकात करते नजर आए। इस वीडियो में हकाबी नेतन्याहू से कहते हैं कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए भेजा है कि आप ठीक हैं। इस पर नेतन्याहू ने कहा, '' हां, माइक मैं ज़िंदा हूं। इसके बाद इजराइली प्रधानमंत्री ने अपनी जेब से एक कार्ड निकालते हुए कहा, ''मैं ज़िंदा हूं और मेरे पास यह कार्ड है लेकिन इसे पढ़ने की कोशिश मत करिए। उन्होंने कहा, ''यह एक 'पंच कार्ड' है। आज मैंने इस पंच कार्ड से दो नाम मिटा दिए हैं और आप देख सकते हैं कि इस सूची में अभी कितने नाम बाकी हैं। माना जा रहा है कि ये दोनों नाम अली लारीजानी और गुलाम रजा सुलेमानी के थे। इजराइली नेता ने जोर देते हुए कहा, हम उन उन्मादियों को ख़त्म कर रहे हैं जो परमाणु हथियार विकसित करना चाहते हैं और उन्हें इजराइल को मिटाने के बाद हर अमेरिकी शहर तक पहुंचाना चाहते हैं। वे ऐसा नहीं कर सकेंगे। हम इन्हें समाप्त कर रहे हैं। इससे पहले नेतन्याहू ने एक बयान में कहा, ''आज सुबह हमने अली लारीजानी को मार गिराया३ उसके साथ ही हमने बासिज के कमांडर को भी मार गिराया ये 'अपराधियों के सहायक' थे जो तेहरान और ईरान के अन्य शहरों की सड़कों पर लोगों को आतंकित कर रहे थे। इजराइली हमले में 28 फरवरी को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद लारीजानी प्रभावी रूप से ईरान के युद्ध प्रबंधन के प्रभारी के रूप में उभरे थे। नेतन्याहू ने कहा, ''हम इस शासन को कमजोर कर रहे हैं ताकि ईरानी जनता को इसे हटाने का अवसर मिल सके। यह सब एक साथ नहीं होगा और न ही आसानी से होगा लेकिन अगर हम दृढ़ रहे, तो हम उन्हें अपना भविष्य तय करने का मौका देंगे।



### ईरान के खुफिया मंत्री खतीब मारे गये

**तेहरान/तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज़ ने दावा किया है कि ईरान की राजधानी तेहरान में रात भर किए गए इजरायली हवाई हमले में ईरानी खुफिया ● शेष पेज 11 पर

# ईडी रेड में ममता की दखलंदाजी से सुप्रीम कोर्ट नाराज

❒ कहा- आई-पैक दफ्तर पहुंचकर आपने ठीक नहीं किया

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल से कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का दखल देना 'अच्छी स्थिति नहीं' है। आई-पैक कार्यालय में ईडी की छापेमारी को लेकर शीर्ष कोर्ट ने यह टिप्पणी की।

बार एंड बेंच के अनुसार, जस्टिस पंकज मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसी के काम में बाधा आने पर उसे बिना किसी उपाय के नहीं छोड़ा जा सकता। बेंच की यह टिप्पणी उस समय आई, जब पश्चिम बंगाल की ओर से यह दलील दी गई कि कोई केंद्रीय एजेंसी संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सीधे सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकती। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल की ओर से वकील श्याम दीवान पेश हुए। उन्होंने कहा, ईडी कोई अलग कानूनी इकाई नहीं है, यह केवल सरकार का एक विभाग है। इसकी अपनी कोई अलग



पहचान नहीं है। लाइव लॉ के अनुसार, उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई मौलिक अधिकार लागू ही नहीं होता, तो अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दायर नहीं की जा सकती। वकील दीवान ने दलील दी कि अगर ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों को अनुच्छेद 32 का इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई, तो यह संघीय ढांचे के लिए 'खतरनाक उदाहरण' बन सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा होने पर सांविधानिक व्यवस्था में मौजूद संतुलन और नियंत्रण ● शेष पेज 11 पर

# यूएई से 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर गुजरात पहुंचा भारतीय टैंकर


नयी दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से करीब 81 हजार टन कच्चा तेल लेकर एक भारतीय टैंकर 'जग लाडकी' बुधवार को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचा। बंदरगाह की संचालक कंपनी अडानी पोर्ट्स ने बताया कि 274.19 मीटर की लंबाई वाले और 50.04 मीटर चौड़े हल वाले इस टैंकर में 80,886 टन कच्चा तेल लाया गया है। यह यूएई के फुजैरा बंदरगाह से तेल भरकर रवाना हुआ था। अडानी पोर्ट्स ने कहा है कि इस खेप से बड़ी तेल शोधन कंपनियों को आपूर्ति जारी रखने में मदद मिलेगी जो पश्चिम एशिया में जारी व्यवधान के बीच देश की ऊर्ज़ा सुरक्षा सुनिश्चित करने में मुंद्रा बंदरगाह की भूमिका को उजागर करता है। उल्लेखनीय है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई तथा ईरान द्वारा जवाबी हमले से पश्चिम एशिया से और पश्चिम एशिया के रास्ते आने वाली आपूर्ति प्रभावित हुई है। ऐसे में कच्चे तेल की और दूसरे पेट्रोलियम उत्पादों की हरेक खेप का महत्व बढ़ गया है।

# दिल्ली के पालम की रामचौक मार्केट में आग से नौ लोगों की मौत

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के द्वारका जिले के पालम इलाके की रामचौक मार्केट स्थित एक बहुमंजिली इमारत में बुधवार सुबह लगी आग में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में तीन मासूम लड़कियां भी हैं। हादसे में कई लोग झुलस गए हैं। कइयों ने जान बचाने के लिए इमारत से छलांग लगा दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हादसे की जांच मजिस्ट्रेट से कराने के आदेश दिए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट में इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री गुप्ता ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि पालम स्थित बहुमंजिला आवासीय भवन में हुई भीषण



अग्निकांड के बारे में जानकर अत्यंत व्यथित हूं। जिला प्रशासन, दिल्ली अग्निशमन विभाग और दिल्ली पुलिस बचाव अभियान जुटे हुए हैं। घटना की जांच मजिस्ट्रेट से कराने के आदेश दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार मृतकों में दो पुरुष प्रवेश (33) तथा कमल (39) और चार महिलाएं आशु (35), लाडो (70), हिमांशी (22) तथा दीपिका (28) हैं। मृतकों में तीन नाबालिग लड़कियां भी हैं जिनकी आयु 15 वर्ष, 6 वर्ष और 3 वर्ष है। सफदरजंग अस्पताल में 19 वर्षीय युवक को भर्ती कराया गया है, जो 25 प्रतिशत झुलस गया है। पुलिस के अनुसार, इस इमारत (डब्ल्यूजेड-124ए) के बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और पहली मंजिल पर कपड़ा और कॉस्मेटिक का शोरूम है। यह मार्केट प्रधान राजेंद्र कश्यप का बताया जा रहा है। दूसरी और तीसरी मंजिल पर उनका परिवार रहता है। आग तेजी से पूरी बिल्डिंग में फैल गई, जिससे अंदर मौजूद लोग फंस गए। सूचना पाते ही पालम विलेज थाने के एसएचओ समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया।दमकल विभाग की 20 गाड़ियां और 11 एंबुलेंस भेजी गईं। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस के मुताबिक आग लगने के दौरान दो लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से छलांग लगा दी, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। दमकलकर्मियों ने अब तक 10 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। घटना की जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। मौके पर पुलिस, दमकल, बीएसईएस, एयरफोर्स, पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें मौजूद रहीं।

# बाराबंकी से बहराइच के बीच राजमार्ग को चार-लेन का करने की मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-927 पर बाराबंकी से बहराइच के बीच हिस्से को चार लेन का बनाने का निर्णय लिया है जिस पर 6969.04 करोड़ रुपये की लागत आयेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की आज यहां हुयी बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बाराबंकी से बहराइच के बीच के 101.5 किलोमीटर के हिस्से को चार लेन का बनाया जायेगा जिससे इन जिलों के शहरी क्षेत्रों में भीड़भाड़ की समस्या का समाधान होगा। इस पर 6969.04 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। यह परियोजना प्रमुख बस्तियां को बाईपास करेगी, औसत यात्रा गति बढ़ाएगी, यात्रा के मौजूदा समय को लगभग एक घंटे तक कम करेगी। इससे समग्र सड़क सुरक्षा, ईंधन दक्षता और वाहन परिचालन लागत में सुधार आयेगा और क्षेत्रीय गतिशीलता और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। परियोजना पूरी होने पर, नेपालगंज सीमा के माध्यम से भारत और नेपाल के बीच एक महत्वपूर्ण सीमा पार व्यापार और पारगमन गलियारे के रूप में काम करेगी। इससे रूपईडीहा लैंड पोर्ट तक पहुंचने में आसानी होगी। इससे बहराइच और श्रावस्ती जिलों का संपर्क बढ़ेगा और कृषि व्यापार, पर्यटन, सीमा पार वाणिज्य और क्षेत्रीय निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा।

## मोदी मंत्रिमंडल

### बनेंगे 100 नये विश्व स्तरीय औद्योगिक पार्क

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 33,660 करोड़ रुपये की भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य) को मंजूरी प्रदान कर दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ● शेष पेज 11 पर

## अगले महीने राज्यसभा से सेवानिवृत होने वाले 59 सदस्यों के विदाई भाषण में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# राजनीति में निरंतर योगदान, कभी पूर्ण विराम नहीं होता

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राजनीति में कभी पूर्ण विराम नहीं होता और इसमें सक्रिय लोग हमेशा समाज और देश की प्रगति में अपना योगदान देते रहते हैं। श्री मोदी ने अगले महीने राज्यसभा से सेवानिवृत होने वाले 59 सदस्यों को भावभीनी विदायी देते हुए यह बात कही।

उच्च सदन में सदस्यों का कार्यकाल छह वर्ष का होता है और हर दो वर्ष में इसके एक तिहाई सदस्य सेवा निवृत होते हैं जिनका स्थान नये सदस्य लेते हैं जिससे यह सदन अनवरत सक्रिय रहता है। सेवानिवृत होने वाले सदस्यों में उप सभापति हरिवंश, नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवे गौड़ा, शरद पवार, रामदास अठावले और तिरूचि शिवा जैसे वरिष्ठ सदस्य शामिल हैं।

श्री मोदी ने कहा कि राजनीति में कभी पूर्ण विराम नहीं होता और देश तथा समाज को नेताओं का सक्रिय योगदान हमेशा



मिलता रहेगा। उन्होंने श्री खरगे, श्री गौड़ा और श्री पवार का उल्लेख करते हुए कहा कि इन सदस्यों की आधी से अधिक उम्र संसदीय जिम्मेदारी निभाते हुए बीती है और ये सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि इन सदस्यों को जब भी जो भी जिम्मेदारी मिली है उसके प्रति समर्पित कैसे रहना है यह उनसे सीखा जा सकता है।

श्री खरगे ने अपने भाषण में जब कहा कि श्री मोदी आजकल अपने भाषणों में शेरो शायरी नहीं करते तो श्री खरगे के भाषण के बाद श्री मोदी ने कहा कि वह श्री खरगे की अपेक्षा के अनुसार एक शेर के जरिये अपनी बात रखते हैं । प्रधानमंत्री ने कहा कर्म ऐसा करो मन में जहां से गुजरें तुम्हारी नजरें ,उधर से तुम्हें सलाम आये। उपसभापति हरिवंश के बारे में उन्होंने कहा कि उन्होंने लंबे समय तक अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया और सबका विश्वास जीतने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री हरिवंश का लंबा अनुभव है और जब सदन नहीं चलता है तो युवाओं के साथ इनका संवाद चलता रहता है, देश के प्रति संवेदनाएं पैदा करने का काम चलता रहता है हर कोने में जाकर काम किया है। श्री मोदी ने कहा कि श्री रामदास अठावले सदाबहार है वह आगे भी लोगों की जीवन में हास्य और विनोद परोसते रहेंगे । प्रधानमंत्री ने उम्मीद जतायी कि नये सांसदों को पुराने सांसदों के अनुभव का लाभ मिलता रहेगा। संसद के दोनों सदनों को एक दूसरे का पूरक बताते हुए उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में जब भी महत्वपूर्ण निर्णय लेना होता है तो हम दूसरा विचार जानते हैं और इस दूसरे विचार की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि इसी तरह दोनों सदनों में यहकाम चलता है और इससे बहस तथा विचारों को एक ● शेष पेज 11 पर

### मोदी ने कुवैत के शहजादे के साथ पश्चिम एशिया घटनाक्रम पर बात की

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के शहजादे शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बातचीत कर उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं और पश्चिम एशिया के सुरक्षा घटनाक्रम की समीक्षा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि श्री मोदी ने कुवैत के शहजादे शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बात की और आगामी ईद पर्व की शुभकामनाएं दीं। बातचीत के दौरान श्री मोदी और शहजादे ने पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति पर विचार-विमर्श किया और हाल के घटनाक्रमों पर चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हुए हमलों की भारत द्वारा निंदा को दोहराया और इस बात पर जोर दिया कि हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य के माध्यम से सुरक्षित और मुक्त नौवहन सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। दोनों नेताओं ने सहमति व्यक्त की कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर कूटनीतिक संवाद आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कुवैत में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण के लिए निरंतर सहयोग के लिए शहजादे का धन्यवाद भी किया। प्रधानमंत्री ने बाद में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, महामहिम शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह, कुवैत के क्राउन प्रिंस से बातचीत की और आगामी ईद पर्व की शुभकामनाएँ दीं। हमने पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति पर विचार-विमर्श किया और हालिया घटनाक्रमों पर चिंता व्यक्त की। कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की भारत द्वारा निंदा को दोहराया। हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य के माध्यम से सुरक्षित और मुक्त नौवहन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर कूटनीतिक संवाद आवश्यक है। मैंने कुवैत में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण के लिए उनके निरंतर सहयोग के लिए उनका धन्यवाद किया।

# शिक्षक का काम समाज में शिक्षा की अलख जगाना : ऋचा सिंह

❒ अमावां ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय थुलवासा में आयोजित हुआ शिक्षक सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। बेसिक शिक्षा विभाग को वर्षों तक सेवा देने के बाद आगामी 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने जा रही प्रधानाध्यापक का सम्मान संकुल बैठक में किया गया। अमावां ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय थुलवासा में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह रहीं। शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान सेवानिवृत्त होने जा रहे संकुल बावन बुजुर्ग बल्ला के कम्पोजिट विद्यालय जरैला की प्रधानाध्यापक शैल कुमारी का सम्मान अंगवस्त्र व यादगार फोटो फ्रेम देकर किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने कहा कि शिक्षक वह मोमबत्ती होते हैं, जो खुद जलकर दूसरों को प्रकाश देने का कार्य करते हैं। शिक्षा और शिक्षक एक दुसरे के पूरक होते है। उन्होंने कहा कि वे शिक्षा की रोशनी के पूरे समाज को रोशन करते रहते हैं। काम से ही व्यक्ति की पहचान होती है। प्रधानाध्यापक शैल कुमारी ने वास्तव में अपना नाम कमाया है। जिस दिन से हम सभी सेवा में आ जाते हैं, उस दिन से सेवानिवृत्त की तिथि भी तय हो जाती है लेकिन शिक्षक का काम समाज शिक्षा की अलख जगाना है जो कि सदैव जारी रहता है। एआरपी कहा कि पौराणिक काल से ही गुरु ज्ञान के प्रसार के साथ साथ समाज के विकास का बीड़ा उठा रहे हैं। गुरू अज्ञान रुपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाने वाला सशक्त माध्यम होता है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक संस्कार के ज्ञानदीप शिक्षक होते हैं। शिक्षक रितेश कुमार, इशरत जहां ने प्रधानाध्यापक के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आपने काम से क्षेत्र में बेहतर मुकाम पाया है। थुलवासा के प्रधानाध्यापक राजेन्द्र यादव ने धारा प्रवाह की कविता सुनाते हुए कहा कि हमारा काम सदैव शिक्षा देना है और इसे आगे भी जारी रखना होगा। कार्यक्रम का संचालन संकुल बल्ला नीरज कुमार ने किया। इस मौके पर तेज प्रकाश श्रीवास्तव, ऊषा सिंह, अनीता, फात्मा बानो, फरजाना, मीना, करुणा यादव, बिरजिस अंजुम, गरिमा सिंह, ऊषा, हेमलता, अर्चना बौद्ध, आएशा, हनी गुलाटी, मुकेश साहू, डॉ मनोज, राजेन्द्र सिंह, सुधीर कुमार, धर्मेन्द्र सिंह चौहान, प्रभा गुप्ता, सत्यभामा, सविता यादव, राम गोपाल, धीरेंद्र यादव, सुनील यादव, धर्मेन्द्र तिवारी, मनीषा सिंह, राखी पटेल, धीरेन्द्र सिंह,श्वेता वर्मा, हेमंत सरण,अमित यादव, श्रीकांत दिवाकर, सुनील यादव नरई, राजेंद्र यादव, विश्रामा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट ने होली मिलन एवं सम्मान समारोह किया आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



रायबरेली। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट ने होली मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। परंतु इस वर्ष चौहान गुट द्वारा माहे रमज़ान के मुबारक महीने पड़ने वाले होली मिलन एवं सम्मान समारोह में रोज़ा इफ्तार का भी आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में रोजेदारों ने पहुंचकर इफ्तार किया।

उक्त सभी कार्यक्रम का आयोजन शहर के सुपर मार्केट स्थित पार्क में किया गया। होली मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ सिटी मजिस्ट्रेट रामऔतार जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उसके पहले शाम को रोजा इफ्तार पार्टी और उसके बाद नमाज अदा की गई। हालांकि शाम 4 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत आल्हा और होली गीतों से कर दी गई थी। बीच में रोजा इफ्तार और नमाज के लिए कार्यक्रम को रोकते हुए दोबारा शुरू हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान और विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला प्रदेश अध्यक्ष पूनम सिंह मौजूद रहीं। कार्यक्रम में पहुंचने पर जिला कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा दोनों अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। अजय जादूगर ने अपने जादू से लोगों को आकर्षित किया। साथ ही आर्केस्ट्रा पार्टी ने भी होली गीतों पर खूब धूम मचाया और जनता को नचाया। कार्यक्रम में गायिका नेहा सिंह राठौर के गीतों पर झूमे सभी लोग। जिलाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष व युवा जिला अध्यक्ष ने मिलकर मुख्य अतिथि जी सी सिंह चौहान को 51 किलो की माला पहनाई और तलवार भेंट की। साथ ही शैलेन्द्र अग्निहोत्री की भी तलवार भेंट की गई। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान के साथ महिला प्रदेश अध्यक्ष पूनम जिलाध्यक्ष सिंह, मो0 उमर, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, वसीम खान, राजेंद्र वर्मा, अमित मिश्रा, संदीप पाठक, मो नजर, प्रीतिमा चौधरी, आशीष वर्मा, राजेश सोनी, चंदन सोनी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्रयागराज में प्रधान डाकघर में बम की सूचना से मचा हड़कंप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज में स्थित प्रधान डाकघर प्रयागराज में बम होने की सूचना मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और बम स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंच गई।सुरक्षा के मद्देनज़र पूरे डाकघर परिसर को तत्काल खाली करा लिया गया और आसपास के इलाके में भी सतर्कता बढ़ा दी गई। बम डिस्पोज़ल टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।फिलहाल टीम हर संदिग्ध वस्तु की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है और जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट जानकारी दी जाएगी।

## प्रयागराज स्टेशन पुनर्विकास, दिल्ली–वाराणसी हाई–स्पीड कॉरिडोर एवं स्वच्छता योजना पर संसद में जोर

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में अनुदान की मांग 2025S26 पर चर्चा के दौरान भारतीय रेल के आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।अपने संबोधन में उन्होंने प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास को विशेष प्राथमिकता बताते हुए कहा कि इसे एक आधुनिक और प्रमुख रेलवे हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। स्टेशन पर अत्याधुनिक अवसंरचना, बेहतर यात्री सुविधाएं, सुगम पहुंच और प्रभावी भीड़ प्रबंधन प्रणाली विकसित की जा रही है, जिससे विशेष रूप से बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के दौरान यात्रियों को राहत मिलेगी।मंत्री ने प्रस्तावित दिल्लीSवाराणसी हाई–स्पीड रेल कॉरिडोर (बुलेट ट्रेन परियोजना) का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि यह कॉरिडोर यात्रा समय को काफी कम करेगा और उत्तर भारत के प्रमुख शहरों के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा। इसके साथ ही यह परियोजना क्षेत्रीय आर्थिक विकास और पर्यटन को भी गति देगी।इसके अतिरिक्त, उन्होंने रेलवे में स्वच्छता को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए बताया कि सभी जोनों में विशेष रूप से जनरल कोचों की सफाई पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसके लिए एक समग्र मास्टर प्लान लागू किया जा रहा है, जिसमें उन्नत निगरानी तंत्र, ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग सेवाएं और यात्री जागरूकता अभियान शामिल हैं।अनुदान की मांग के दौरान प्रस्तुत ये पहलें भारतीय रेल को अधिक आधुनिक, स्वच्छ और यात्री–केंद्रित बनाने की दिशा में सरकार की निरंतर कोशिशों को दर्शाती हैं।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते 5 अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के कीडगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।थाना कीडगंज पुलिस टीम ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए यमुना नदी किनारे हेलीपैड के नीचे छापेमारी की, जहां पांच लोग जुआ खेलते पकड़े गए। पुलिस ने मौके से कुल 1680 रुपये मालफड़ व 760 रुपये जामातलाशी के रूप में बरामद किए।गिरफ्तार अभियुक्तों में पंकज निषाद, अमित जायसवाल, ऋषभ केसरवानी, प्रियांशु मिश्रा और जितेन्द्र पाल शामिल हैं, जो सभी प्रयागराज के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी बताए जा रहे हैं।इस मामले में थाना कीडगंज में मु0अ0सं0 48/2026 के तहत सार्वजनिक जुआ अधिनियम धारा 13 में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक भूपेन्द्र यादव, सन्दीप यादव, अनूप कुमार, सूरज वर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## एसडीएम पर महिला के गंभीर आरोप, वीडियो वायरल से मचा हड़कंप



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के बारा तहसील में तैनात उप जिला अधिकारी पर एक महिला ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता रूपा देवी का कहना है कि वह अपने परिजन का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील पहुंची थी, लेकिन वहां मौजूद एसडीएम ने उसकी बात सुनने के बजाय उसे डांटकर भगा दिया। महिला का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारी द्वारा न केवल अभद्र व्यवहार किया गया, बल्कि उसकी समस्या का समाधान भी नहीं किया गया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों में इस मामले को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर लोग कार्रवाई की मांग कर रहे हैं और अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं।हालांकि, अभी तक प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। अक्सर इस तरह के मामलों में जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होती है, क्योंकि कई बार आरोपों की सत्यता की पुष्टि जांच के बाद ही हो पाती है। फिलहाल मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है, और लोगों की नजर अब प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है।

## प्रयागराज में मच्छरों का कहर, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम बेपरवाह


**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में इन दिनों मच्छरों का आतंक तेजी से बढ़ता जा रहा है, जिससे आम जनता परेशान है। शहर के लगभग हर इलाके में मच्छरों की भरमार हो गई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम दोनों ही हाथ पर हाथ रखकर बैठे हैं। न तो नियमित फॉगिंग हो रही है और न ही जलभराव वाले स्थानों पर कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है। नालियों की सफाई और कीटनाशक छिड़काव की व्यवस्था भी बेहद कमजोर नजर आ रही है।मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। बावजूद इसके, प्रशासन की ओर से कोई ठोस अभियान नजर नहीं आ रहा है।लोगों का कहना है कि शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। शहरवासियों ने जल्द से जल्द फॉगिंग, साफ–सफाई और स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की है।स्थिति:अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। जनता अब प्रशासन से तत्काल कदम उठाने की मांग कर रही है।

## ग्राम पंचायत अमरहा में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन



**रायबरेली , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) एस रहमान ने बताया कि जल महोत्सव 2026 के अंतर्गत आज जनपद रायबरेली के विकास खंड डलमऊ की ग्राम पंचायत अमरहा में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जल अर्पण परंपरा के तहत जल बंधन, जल संचयन, जल शपथ , वृक्षारोपण, जल यात्रा आदि गतिविधियों में ऊँचाहार विधायक प्रतिनिधि, ब्लॉक प्रमुख व अन्य गणमान्य अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। इसके बाद ग्रामीण पेयजल व्यवस्था की जिम्मेदारी ड्ड ड ट्ट ए अमरहा के सदस्यों को सौंप दी गयी।

# गोपाल विद्यालय कोरांव का छात्र नवोदय विद्यालय की परीक्षा की उत्तीर्ण, प्रबंधन समेत माता पिता ने दी बधाई



कैनविज टाइम्स संवाददात

कोरांव, प्रयागराज । नयन पाल पुत्र रामसेवक पाल निवासी संसारपुर कोरांव प्रयागराज का जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ है। वह गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज अंग्रेजी माध्यम कोरांव प्रयागराज के कक्षा पांचवीं के छात्र हैं। विद्यालय के प्रबंधक राजा अजेय सिंह , प्रधानाचार्य डॉ मो0 साबिर अली , उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई, राकेश कुमार सिंह कार्यवाहक ,बृजेश कुमार श्रीवास्तव गोविंद मिश्र, और अन्य शिक्षकों ने नयन पाल को शुभकामनाएं दी हैं। नयन पाल के चयन से उनके परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है।

# पशु चिकित्सा अधिकारी पशुपालक के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरॉव, प्रयागराज । विकसित भारत मिशन के तहत पशुपालन विभाग उ0प्र0 प्रसार योजनान्तर्गत पशुपालकों के ज्ञान समृद्धि एवं कौशल उन्नयन हेतु ग्रामीण स्तर पर कार्यरत कार्मिकों एवं स्वरोजगार योजना में प्रशिक्षित पशु मैत्री, वैक्सीनेटर, कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता एवं प्रगतिशील पशुपालकों के प्रशिक्षण आयोजित करके समृद्ध एवं पशुपालन करने हेतु पशु प्रजाति का चयन, खान-पान प्रबन्धन, पशु एवं पशु उत्पाद विपणन, हरा चारा उत्पादन एवं संरक्षण भण्डारण विषयों विस्तृत चर्चा करके पशु एवं पशु उत्पाद की उत्पादन लागत कम करने के गुण प्रशिक्षणार्थियों को बताए गये।


हरा चारा एवं सामान्य विभिन्न फसलों के उत्पादन हेतु कृषि शस्य प्रक्रियाओं के सम्पादन जैविक तरीके से करने के लिए गोबर से जैविक उर्वरक एवं कम्पोस्ट निर्माण के साथ ही ऊर्जा उत्पादन पर भी प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डा0 ईश्वरी नारायण यादव, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी, कोरॉव, प्रयागराज, डा0 संजीव कुमार सिंह, पशुचिकित्साधिकारी, खीरी, कोरॉव, प्रयागराज के साथ पशुचिकित्सालय सहयोगी कर्मी सतीश कुमार यादव, अनिरुद्ध कुमार , सुशील कुमार यादव की भूमिका व्यवस्थापक के रूप में महत्वपूर्ण रही।

## प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 09 दिवसीय मेलेख प्रदर्शनी का शुभारम्भ

रायबरेली । उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 09 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी का आयोजन आरडीए के सामुदायिक केंद्र विकास प्राधिकरण रतापुर रायबरेली में आयोजित किया गया। विधायक सलोन अशोक कुमार ने 09 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विषाल कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमृता सिंह उपस्थित रही। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लगाए गए स्टॉलों का अतिथियों द्वारा भ्रमण कर अवलोकन किया गया एवं केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं जनहित में क्रियानवित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/परियोजनाओं/कार्यों पर आधारित सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया गया।

# परसदेपुर में सम्मान समारोह: मण्डल अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी ने नामित सदस्यों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। नगर पंचायत परसदेपुर में आज एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मण्डल अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी ने नामित सदस्यो को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी।

मण्डल अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि नामित सदस्य नगर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी से ही क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिल रही है। उन्होंने सभी सदस्यों से जनहित में और अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान सदस्यों को माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत में विकास योजनाओं को लेकर भी चर्चा हुई और आने वाले समय में तेज गति से कार्य कराने का आश्वासन दिया गया। मण्डल अध्यक्ष द्वारा नामित सदस्यों का भव्य सम्मानबड़ी संख्या में कार्यकर्ता और जनता की उपस्थितिविकास कार्यों को गति देने पर जोरजनहित में कार्य करने का आह्वानकार्यक्रम ने नगर पंचायत परसदेपुर की राजनीति और विकास को लेकर नई ऊर्जा का संचार किया है, जिससे आने वाले समय में क्षेत्र में बड़े बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है।इस मौके पर सभासद संदीप मोदनवाल, पूर्व सभासद श्रीकांत त्रिवेदी मण्डल उपाध्यक्ष अंजनी मिश्रा, रामनाथ यादव शक्तिकेंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

# जब विभाग ही रहनुमा बन जाये तब नियम कायदे की किसे परवाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । दुकान का बंद है पर काम चालू है जी है ये महानगर थाना क्षेत्र डालीगंज के पावर हाऊस के पास देशी शराब की दुकान है जो दिखने मे तो बंद लगती है पर यहाँ सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहती है तभी यहाँ आपको सुबह से नशे मे धुत लोग ज़मीन पर लेटे भी दिखाई दे रहे होंगे। इससे पहले भी हमने एक खबर प्रकाशित की थी जिसमे बताया था कि कैसे यहाँ आबकारी विभाग के नियमो की अनदेखी हो रही है क्योंकि जो नियम शराब बिक्री का 10 से 10 बजे का है वो यहाँ लागू नही होता क्या इसकी वजह विभाग से ठेकेदार की साँठ गाँठ है या कुछ और लेकिन जब यहाँ लोगो से पूछा कि क्या इस पर कोई कार्यवाही नही होती तो सूत्रों के हवाले से जो जानकारी मिली वो चौकाने वाली है सूत्र बताते हैं कि विभाग को सब पता रहता है वो आते भी हैं पर नियम को कैसे ताक पर रखा जाए उसकी सीख भी वही दे जाते हैं इसने उनका क्या लाभ होता होगा ये बात भी किसी से छिपी नही है तो जब संरक्षण ही विभाग दे रहा है तो नियम की परवाह कौन करता है ऐसे मे शराब के आदि लोगो को 24 घंटे शराब देना यहाँ की प्राथमिकता बन गई है दुकान बंद हो तो हो शराब ज़रूर मिलेगी सुबह आओ या रात। अब इस व्यवस्था से लोगों पर क्या गुज़रती है इससे किसी का कोई सरोकार नही सब अपना उल्लू सीधा करने मे जो व्यस्त है खैर हमारा काम है आपको बताना कि नियम कायदे बनाने वाले जब खुद इसका तोड़ बता दे तो समझ जाइये कि वहां मना कुछ भी कभी भी नही होता वैसा फ़ेको तमाशा देखो वाला आलम होता है जैसा हमे डालीगंज पावरहाऊस के पास की शराब की दुकान पर दिखा भी है।उम्मीद की जानी चाहिए कि कुछ सख्ती इस नियम को लेकर की जाए ताकि आने जाने वालों को ऐसा दृश्य कम से कम सुबह सुबह तो ना दिखाई दे।

# मानव तन पर न करें जरा सा भी घमण्ड: लखनानन्द सरस्वती महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । अंतिम दिन भागवत कथा सुनने का महत्व इतना है कि भागवत प्रेमी भक्त अगर श्रद्धा से उसे आखिरी दिन ही सुन लें तो पूरे सप्ताह कथा सुनने के बराबर पुण्य अर्जित हो जाता है।यह संदेश अहिरवार धाम से पधारे लखनानन्द सरस्वती महाराज ने कथा के अंतिम दिन बुधेश्वर के डिप्टीखेड़ा में दिलीप यादव द्वारा आयोजित कथा का समापन करते हुए यहां बड़ी संख्या में उपस्थित श्राद्वालुओं को दिया।लखनानन्द सरस्वती महाराज ने हरि अंनन्त हरि कथा अनन्ता की उक्ति सामने रखते हुए कहा कि गोविंद की यह भागवत कथा बगैर गोविंद के,बगैर राधारानी की अनुकम्पा के न तो कही जा सकती है और न ही सुनी जा सकती है।

रुक्मिणी विवाह से आगे गोविंद के प्रथम पुत्र प्रद्युम्न की कथा कहते हुए कहा कि प्रद्युम्न को साक्षात कामदेव का रूप बताते हुए कहा कि हमें इस मानव तन पर तनिक भी घमण्ड नही करना चाहिए।यह तन भी उन्ही गोविंद का है और उन्ही की कृपा से संचालित होता है।उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत भी कामदेव अर्थात महादेव की समाधि की भाषा मे लिखा गया है।शिशुपाल वध की चर्चा करते हुए कहा कि गोविंद पर भरोसा करो तो पूरा करो व्व ही तुम्हारी नइया पार लगा सकते हैं,और सिर्फ प्रभु पर ही नही,अपने आराध्य पर ही नही,जिस किसी पर भरोसा करो तो पूरा करो,तभी काज सफल होंगें इसी तरह गोविंद से प्रेम करो या किसी और से करो,पूरे सच्चे मन से करो तभी प्रेम को पाओगे।कथा समापन से पहले समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव विजय सिंह यादव,लखनऊ पश्चिम विधानसभा के भाजपा नेता विनीत शुक्ला बीनू,प्रधान संघ अध्यक्ष काकोरी आनन्द यादव, ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति उत्तर प्रदेश चेयरमैन केशरी राव धारा सिंह यादव,सपा लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष शशिलेन्द्र यादव,पत्रकार ज्ञान सिंह,विजय शर्मा,निवर्तमान पार्षद सरोज रावत सहित आदि ने आरती उतारी।इससे पहले यहां पूर्णहुति देकर हवन किया गया।साथ ही विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ,जिसमे हजारों भक्तगणों ने प्रसाद चख कर भगवान का आशीर्वाद लिया।


उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14233-SLR-F1-PYGS-MUR-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.04.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.04.2026 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14229-SLR-F1-PYGS-YNRK-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.04.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.04.2026 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20401-SLR-F1-BSB-LKO-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.04.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.04.2026 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14123-SLR-F1-MBDP-CNB-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.04.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02 04.2026 at 12:00 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders. | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 903/26

# मोहनलालगंज में एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, 733 किलो गांजा बरामद

❒ अंतराज्यीय गिरोह के दो तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज, लखनऊ । मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्पेशल टास्क फोर्स ने मोहनलालगंज क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरराज्यीय गिरोह के दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। टीम ने एक कंटेनर से भारी मात्रा में 733 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.83 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई से तस्करी के नेटवर्क में हड़कंप मच गया है।गिरफ्तार किए गए आरोपितों में बांदा निवासी विनोद कुशवाहा और हमीरपुर निवासी जितेंद्र शिव हरे शामिल हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन तथा गांजा ढोने में प्रयुक्त टाटा कंटेनर भी बरामद किया है।एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि उड़ीसा और आंध्र प्रदेश से गांजे की बड़ी खेप कंटेनर के माध्यम से लखनऊ लाई जा रही है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपाधीक्षक धर्मेश कुमार शाही के निर्देशन में टीम ने मोहनलालगंज के बिंदौवा क्षेत्र में बाबा ढाबा के पास घेराबंदी कर दी। संदिग्ध कंटेनर को रोककर जब तलाशी ली गई तो उसके भीतर छिपाकर रखा गया भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। मौके पर ही दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ के दौरान आरोपितों ने कई अहम खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि उनका गिरोह उड़ीसा और आंध्र प्रदेश से सस्ते दामों में गांजा खरीदकर मध्य प्रदेश के रास्ते उत्तर प्रदेश और बिहार के विभिन्न जिलों में सप्लाई करता था। इस अवैध कारोबार से गिरोह के सदस्य मोटा मुनाफा कमा रहे थे और लंबे समय से सक्रिय थे।इस संबंध में इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ मोहनलालगंज कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।एसटीएफ की इस कार्रवाई को क्षेत्र में मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस मुस्तैदी की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि इस तरह की कार्रवाइयों से युवाओं को नशे की लत से बचाने में मदद मिलेगी।

## नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज, कई स्थानों पर बड़ी कार्रवाई

लखनऊ। शहर में बढ़ते अतिक्रमण और यातायात बाधाओं को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ द्वारा बुधवार को व्यापक एवं सघन अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों एवं फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में जोन-4 की जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी (सहायक नगर आयुक्त) के नेतृत्व में समता मूलक चौराहे से लोहिया अस्पताल, हैनीमैन चौराहा, मैक्स अस्पताल के आसपास तथा चंदन अस्पताल से 1090 चौराहे तक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर निगम की प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल की संयुक्त कार्रवाई में अवैध अतिक्रमण को हटाया गया और बाधित यातायात को सुचारू किया गया। अभियान के दौरान लगभग 7 ठेले, 1 ठेलिया, 6 काउंटर, 2 गैस सिलेंडर, 12 बेंच, 1 मेज एवं 2 पानी के आइस बॉक्स जब्त किए गए। यह कार्रवाई प्रवर्तन दल-296 एवं कर अधीक्षक बनारसी दास की निगरानी में संपन्न हुई।

# बकाएदारों पर नगर निगम की सख्ती विद्युत सेवा आयोग का भवन सील



कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखनऊ । नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा गृह कर की वसूली में तेजी लाई गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के समाप्त होने में अब मात्र 13 दिन शेष रह गए हैं, ऐसे में बकाएदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। नगर निगम के सभी जोनों में विशेष अभियान चलाकर बड़े बकाएदारों की पहचान की जा रही है और उनके विरुद्ध सीलिंग की कार्यवाही की जा रही है।इसी क्रम में बुधवार को नगर निगम जोन-4 में बड़ी कार्रवाई देखने को मिली। जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में टीम ने गोमती नगर के विभव खंड स्थित विद्युत सेवा आयोग पर भी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया गया। विद्युत सेवा आयोग पर 11 लाख 16 हजार 789 रुपये का गृह कर बकाया था। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई को अंजाम दिया। यह पूरी कार्रवाई जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी के निर्देशन में कर अधीक्षक बनारसी दास एवं राजस्व निरीक्षक अजय वर्मा की मौजूदगी में संपन्न कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि बकाया कर की वसूली के लिए आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और बड़े बकाएदारों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

# राज ज्वैलर्स में हुई लाखों की चोरी का खुलासा ज्वेलर्स सहित चार आरोपी गिरफ्तार

❒ चोरी का माल,नकदी और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद।

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी के सैरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने राज ज्वैलर्स की दुकान के बाहर हुई लाखों की चोरी का सफल खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में चोरी का माल खरीदने वाले एक ज्वेलर्स समेत कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में चांदी के आभूषण, सोने के लॉकेट, नकदी और घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद हुई है। घटना 22 जनवरी 2026 की है जब राज ज्वैलर्स के मालिक दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश आभूषणों से भरा झोला लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की और करीब 150 से अधिक एएद्वड्ढ कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद आरोपियों को चिन्हित किया। मंगलवार देर रात लोधमऊ अंडर पास के पास से सैरपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर राहुल राठौर, विवेक वर्मा और राहुल वर्मा को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी का माल खरीदने वाले ज्वेलर्स अजय वर्मा (निवासी सैरपुर बाजार) को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने चोरी का कुछ सामान अजय वर्मा को 1,36,500 रुपये में बेच दिया था और रकम आपस में बांट ली थी।पुलिस ने आरोपियों के पास से चांदी करीब 1 किलो 440 ग्राम (पायल, पायजेब, बिछिया व अन्य) सोना 03 अदद सोने के लॉकेट (मंगलसूत्र सहित) व अन्य कीमती आभूषण व कुल 28,000 रुपये नगद व घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल बरामद किया। इस खुलासे में सैरपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार कोरी, उपनिरीक्षक सिद्धार्थ जायसवाल, रामदेव, अनुराग गोस्वामी, हेड कांस्टेबल शिवपाल सिंह, कांस्टेबल अरविंद कुमार वर्मा, राजेश आर्या और महिला कांस्टेबल प्रियंका सिंह शामिल रहीं। साथ ही, सर्विलांस टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक दीपक कुमार और उनकी टीम (अवधेश गिरी, नदीम, संतोष, अमित व राघवेंद्र) ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# भव्य कवि सम्मेलन में गूंजा राष्ट्रभाव साहित्य और संस्कृति का संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । द लिली हेल्पिंग हैंड ट्रस्ट एवं आराधन परिवार के संयुक्त तत्वावधान में द लिली विलास में पूज्य कालीचरण महाराज के पावन सानिध्य में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में देश एवं प्रदेश के प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी ओजस्वी, राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत एवं भावपूर्ण रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन में साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह तथा संस्कृति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह सहित कई सांसद एवं विधायकगण ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के गणमान्य व्यक्तियों की भी विशेष उपस्थिति रही, जिनमें सिंधी समाज के नानक चंद जी, सिख समाज के सरदार निर्मल सिंह, सरदार हरपाल सिंह जग्गी, सरदार परविंदर सिंह एवं पंजाबी समाज के अनिल वर्मानी जी प्रमुख रूप से शामिल रहे। आयोजकों के अनुसार, बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमियों, बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य अतिथियों की सहभागिता ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। यह कवि सम्मेलन साहित्य, संस्कृति एवं राष्ट्रभक्ति के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## चयन वेतनमान लागू न होने पर शिक्षकों का आंदोलन 2 अप्रैल को

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । जनपद के शिक्षकों ने चयन वेतनमान लागू न किए जाने के विरोध में आंदोलन की घोषणा कर दी है। शिक्षकों के संगठन ने स्पष्ट किया है कि लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है, जिससे उनमें गहरा असंतोष व्याप्त है।संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार, दिनांक 01 नवंबर 2025, 17 दिसंबर 2025, 29 जनवरी 2026 एवं 10 फरवरी 2026 को संबंधित अधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से बार-बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। यहां तक कि 10 फरवरी 2026 को दिए गए पत्र पर भी अपेक्षित निर्णय नहीं लिया गया है।शिक्षकों का कहना है कि चयन वेतनमान की प्रक्रिया पूर्ण न होने के कारण उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को गंभीर मानते हुए संगठन ने निर्णय लिया है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो 02 अप्रैल 2026 को धरना एवं प्रदर्शन किया जाएगा।संगठन के अध्यक्ष सुरेश जायसवाल एवं महामंत्री ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है, ताकि शैक्षिक व्यवस्था प्रभावित न हो।

## कमरे में पंखे से फंदा लगाकर युवक ने दी जान

**बख्शी का तालाब,लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता**। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के कठवारा ग्राम पंचायत के मजरा बीच का खेड़ा में एक युवक ने कमरे में लगे छत के पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार की सुबह मृतक की पत्नी रेखा ने सूचना दी थी कि उनके पति रामसागर (35) ने घर के कमरे में लगे पंखे से फांसी लगा ली है। सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फील्ड यूनिट को बुलाकर साक्ष्य संकलन कराया।प्रभारी निरीक्षक सजंय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## कमरे में पंखे से फंदा लगाकर युवक ने दी जान

**बख्शी का तालाब ,कैनविज टाइम्स संवाददाता**। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के कठवारा ग्राम पंचायत के मजरा बीच का खेड़ा में एक युवक ने कमरे में लगे छत के पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार की सुबह मृतक की पत्नी रेखा ने सूचना दी थी कि उनके पति रामसागर (35) ने घर के कमरे में लगे पंखे से फांसी लगा ली है। सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फील्ड यूनिट को बुलाकर साक्ष्य संकलन कराया।प्रभारी निरीक्षक सजंय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## जमीन कब्जे का विरोध पड़ा भारी, महिला समेत पूरे परिवार पर हमला

**बख्शी का तालाब,लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता**। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के रामपुर बेहड़ा गांव में जमीन कब्जे को लेकर दबंगई का मामला सामने आया है। आरोप है कि बिल्डर और उसके साथ आए करीब 25 लोगों ने महिला समेत उसके पूरे परिवार पर हमला कर दिया। गांव निवासी नीतू के अनुसार रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे हरिहर नगर, थाना इंदिरानगर निवासी बिल्डर हरिश्चन्द्र अपने सहयोगियों इमरान, सतीश व अन्य अज्ञात लोगों के साथ उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करते हुए बाउंड्रीवाल का निर्माण करा रहा था। विरोध करने पर आरोपितों ने नीतू को घेरकर मारपीट शुरू कर दी।पीड़िता के शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे उसके भाई उदय प्रताप, रामसागर, रामगोपाल व माधौ प्रसाद तथा पत्नी गुड़िया, रेनू और सुनीता को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा। आरोप है कि सभी को डंडों से पीटते हुए गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई।घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई और पीड़ित पक्ष ने थाने में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन तीन दिन बीतने के बाद भी पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।निराश पीड़ित परिवार ने बुधवार को एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह से मिलकर पूरा मामला बताया और न्याय की गुहार लगाई। एसीपी ने प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## पीड़ित की जमीन पर पड़ोसी द्वारा किया गया कब्जा, शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्यवाई

**बख्शी का तालाब,लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता**। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में एक महिला की जमीन पर पड़ोसी द्वारा कब्जा किये जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पड़ोसी द्वारा पुलिस से शिकायत की गई लेकिन पुलिस ने आरोपी पर कार्यवाई करने के बजाय उल्टा डाट कर भगा दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसीपी गोसाईंगंज से की है।पीड़िता नीलम पत्नी रोशन लाल निवासिनी टनटहा थाना-सुशांत गोल्फ सिटी ने बताया कि पैतृक बटवारे में मेरे पति को जो जमीन मिली उस पर उन्ही के भाई द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया अब वह बनवाने नही दे रहे जबकि उन्होंने बटवारे में मिले अपने हिस्से में निर्माण करवा लिया। विपक्षीगण संतोष, गोविंद पुत्र सरजू, निवासी- ग्राम टंटहा थाना थाना सुशांत गोल्फ सिटी, जनपद- लखनऊ तथा इनके दो साथी नाम वा पता अज्ञात प्रार्थिनी के घर में घुस आये और जबरदस्ती प्रार्थिनी के साथ छेड़खानी करने लगे और कहने लगे की हम तुम्हारी भूमि कब्जा करके रहेंगे। इस बात की शिकायत जब सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस से की तो वह आरोपी के पक्ष में बात करने लगे। और डॉट कर भगा दिया।

# फर्नीचर दुकान से नकदी के साथ डीवीआर भी ले गये चोर

❒ सैरपुर क्षेत्र में वारदात से दहशत, सीसीटीवी सबूत मिटाने की आशंका,पुलिस जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब। सैरपुर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बार फिर पुलिस गश्त को चुनौती देते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। सीतापुर रोड स्थित रेवांता होटल के पास बीती रात अज्ञात चोरों ने एक फर्नीचर की दुकान का शटर तोड़कर करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी पार कर दी।

इतना ही नहीं, चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी अपने साथ ले गए, जिससे वारदात की साजिश और सुनियोजित तरीके से अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है।मड़ियांव थाना क्षेत्र के डुडौली निवासी मनोज ने सैरपुर थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी फर्नीचर की दुकान रेवांता होटल के पास स्थित है। रोज की तरह दुकान बंद कर वह घर चले गए थे। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे तो शटर टूटा मिला और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर कैश काउंटर से लगभग डेढ़ लाख रुपये गायब मिले, साथ ही सीसीटीवी डीवीआर भी चोरी हो चुकी थी।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ ही नजदीकी स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कोरी ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जल्द ही घटना का खुलासा करने के लिए टीम गठित कर दी गई है।क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# विराट रूप की झांकी से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

❒ हवन-यज्ञ व भंडारे के साथ शिव महापुराण कथा का भव्य समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । नगराम क्षेत्र के कटरा कस्बा में आयोजित द्वितीय श्री शिव महापुराण कथा का बुधवार को विधिवत हवन-यज्ञ के साथ भव्य समापन हो गया। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया।

नैमिषारण्य से पधारे कथावाचक अवधेश नन्दन मिश्र (अनुभवी जी) ने कथा के अंतिम दिन श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप का भावपूर्ण वर्णन किया। भगवान के विराट रूप का प्रसंग सुनकर तथा विराट झांकी के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और भक्ति में लीन दिखाई दिए।कथा के मुख्य आयोजक अवधेश गुप्ता, सुशील गुप्ता, राम आधार वर्मा व डॉ. रमेश चौरसिया ने बताया कि समापन अवसर पर हवन-यज्ञ के उपरांत कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी संदीप शुक्ला, रजनीकांत गुप्ता सहित समिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## गोसाईंगंज इलाके में तीन दुकानों में चोरीशटर का ताला तोड़ कर उठा ले गए मशीनें व साउंड सिस्टम

लखनऊ । गोसाईंगंज इलाके के कबीरपुर गांव में अज्ञात चोरों ने तीन बैंड दुकानों के शटर का ताला तोड़ कर साउंड सिस्टम व मशीनें चोरी कर ले गए। सुबह जब दुकान खोलने आये तो पता चला कि रात के वक्त चोरों ने तीन दुकानों का ताला तोड़कर चोरी किये है।पीड़ित जमील ने बताया कि वह कई वर्षों से कबीरपुर में शादी विवाह आदि कार्यक्रमो में।बैंड बजाने का काम करते है। कबीरपुर गांव में एक दुकान मे अपनी शमा बैंड के नाम से ऑफिस बना रखा है, व सामान रखने के लिये दुकान ले रखी है। उन्ही की पास रहीम ने अपनी साहिल बैंड का आफिस व दुकान तथा हुकुमचंद ने सोनी बैंड ने नाम से दुकान और ऑफिस बना रखा है। तीनो दुकानों में अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर इम्प्ली फायर मशीने व साउंड सिस्टम चोरी कर ले गए। पीड़ितों ने बताया कि 112 पर सूचना देने के बाद गोसाईंगंज पुलिस से लिखित में कंप्लेन की है। पुलिस के मुताबिक अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है।

# जल अर्पण कार्यक्रम के तहत टिकरी ग्राम पंचायत को सौंपी गई पेयजल योजना

❒ जल जीवन मिशन के तहत ह्लहर घर नल से जल लक्ष्य को मजबूती, स्थानीय स्तर पर संचालन की जिम्मेदारी तय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । विकास खण्ड बख्शी का तालाब की ग्राम पंचायत टिकरी में उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) द्वारा 'जल अर्पण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से जल जीवन मिशन के अंतर्गत पूर्ण की गई ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना का औपचारिक हस्तांतरण ग्राम पंचायत एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण पेयजल योजनाओं के संचालन, रखरखाव एवं सतत प्रबंधन की जिम्मेदारी स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित करना था, ताकि योजनाएं दीर्घकाल तक प्रभावी रूप से संचालित होती रहें।कार्यक्रम की अध्यक्षता सदस्य विधान परिषद रामचन्द्र सिंह ने की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख बख्शी का तालाब, मंडल अध्यक्ष कुम्हरावां, अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), अन्य अधिकारीगण, ग्राम प्रधान, स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।अपने संबोधन में रामचन्द्र सिंह ने कहा कि जल अर्पण कार्यक्रम जल जीवन मिशन के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। योजनाओं का ग्राम पंचायतों को हस्तांतरण स्थानीय स्वामित्व, जवाबदेही एवं सामूहिक सहभागिता को मजबूत करेगा, जिससे पेयजल व्यवस्था की स्थिरता सुनिश्चित होगी।उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम स्तर पर संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी मिलने से योजनाओं की गुणवत्ता बनी रहेगी और लोगों को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।कार्यक्रम के दौरान ह्लहर घर जलङ्घ की घोषणा को साथ प्रतीकात्मक रूप से योजना का हस्तांतरण किया गया। साथ ही यह संदेश दिया गया कि जल संरक्षण, उसका उचित उपयोग और प्रबंधन केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है।वहीं ग्रामीणों से अपील की गई कि वे जल संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

## महापौर से मिले नामित पार्षद, नगर विकास पर हुई सार्थक चर्चा



लखनऊ । बालाकदर रोड स्थित महापौर कैंप कार्यालय पर बुधवार को नामित पार्षद रूपचंद्र अग्रवाल , पुरुषोत्तम पुरी , नेहा सिंह राठौर जी, किशन पाल जी एवं अखिलेश गिरी का आगमन हुआ। इस दौरान सभी नामित पार्षदों ने महापौर सुषमा खर्कवाल जी से शिष्टाचार भेंट की। महापौर सुषमा खर्कवाल ने सभी नवनियुक्त पार्षदों को उनके नामांकन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह दायित्व जनसेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर है और सभी पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करें। भेंट के दौरान नगर के विकास, स्वच्छता, जलापूर्ति एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। महापौर ने पार्षदों से अपेक्षा जताई कि वे नगर निगम के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे शहर के समग्र विकास को गति मिल सके।

# बड़ा राजनीतिक झटका : भाजपा छोड़ नागेश्वर द्विवेदी की पत्रकारिता में वापसी

❒ बोले—अब कलम से लड़ी जाएगी जनता की लड़ाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ। निगोहां के मस्तीपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी ने पार्टी से इस्तीफा देकर पत्रकारिता में वापसी का बड़ा ऐलान किया है। उनके इस फैसले से क्षेत्रीय राजनीति में हलचल मच गई है।

बुधवार को समर्थकों के बीच संबोधन में द्विवेदी ने कहा कि जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी, व्यक्तिगत कारणों और समय की कमी के चलते उन्होंने यह निर्णय लिया। उन्होंने दो टूक कहा, ह्लमैं राजनीति छोड़ नहीं रहा, बल्कि अपने मूल रास्ते—पत्रकारिता—पर लौट रहा हूं। अब मेरी कलम ही मेरा हथियार होगी और मैं जनता की आवाज बनूंगा।ङ्कपत्रकारिता से अपने करियर की शुरुआत करने वाले द्विवेदी वर्ष 2000 से राजनीति में सक्रिय रहे और क्षेत्र में मजबूत जनाधार बनाया। अब उन्होंने साफ किया कि वे पत्रकारिता के जरिए किसान, मजदूर, युवा और गरीबों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे। द्विवेदी के इस कदम को मोहनलालगंज क्षेत्र में बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

## अज्ञात लोगों ने युवक को पीटा गाड़ी व मोबाइल तोड़ापुलिस में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी

लखनऊ । सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में जेप्टो कंपनी के स्टोर में काम करने वाले कैफ निवासी गोसाईगंज के साथ कुछ अज्ञात लोगों ने रास्ते मे।रोककर मारपीट की। मारपीट के दौरान उसका मोबाइल फोन पर गाड़ी तो दी। उससे झगड़े के दौरान उसकी जेब मे रखे रुपये दस हजार गिर गए।पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह 16 मार्च की रात करीब साढ़े दस बजे ड्यूटी खत्म होने के बाद घर जा रहा था तभी कुछ लोगो ने उसे रोक लिया गाली गलौज के साथ मारपीट करने लगे। उसी दौरान उसके पास रखे रुपये दस हजार कही गिर गए। अज्ञात हमला वरो ने पिटाई के साथ उसका मोबाइल फोन व गाड़ी बाइक तोड़ दी। पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच में जुटी है।

# सपा महिला सभा का मंहगाई व गैस सिलेंडर को लेकर प्रदर्शन, नारेबाजी

❐ पहले मंहगाई ने कमर तोड़ी, अब गैस की कमी ने महिलाओं की रसोई छीनी: गायत्री वर्मा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। मंहगाई और गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव के निर्देश पर सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया के नेतृत्व में खिरनीबाग जीआईसी मैदान के पास महिला सभा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की और मांग की गई कि गैस सिलेंडर की कीमत कम की जाए।

इस मौके पर महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा ने कहा कि पूरे भारत में खासकर उत्तर प्रदेश में विगत कई दिनों से गैस सिलेंडर की भारी किल्लत हो रही है। जिससे आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ये मामला हम महिलाओं से सीधे जुड़ा है। कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। सरकार ने पहले कमरतोड़ मंहगाई की और अब गैस की कमी से महिलाओं की रसोई छीन ली। इससे महिलाओं की जिंदगी बद से बदत्तर होती जा रही है। महिला सभा की जिलाध्यक्ष किरन कठेरिया ने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकार का कहना है कि गैस की कोई कमी नहीं है। सरकार का यह कहना हास्यप्रद और आम जनता एवं महिलाओं के जख्म पर नमक छिड़कने के समान है। सरकार आम जनता की रोजमर्रा की जिंदगी में बढ़ती परेशानी को अनदेखा कर रही है। इस दौरान समाजवादी पार्टी की महानगर अध्यक्ष जाफरीन, निधि श्रीवास्तव, ममता देवी, राजबेटी, विटोली देवी, सुनीता देवी, नन्हीं, सीमा, प्रियंका, सुनीता राणा, बबीता कश्यप, मुस्कान, ज्योति कश्यप आदि मौजूद रहीं।

# सकरन में सरकारी इमारतों के गायब होने का सिलसिला जारी, रउवापुर नेवादा में सामुदायिक केंद्र लापता

❐ ग्रामीणों का आरोप है कि मौजूदा प्रधान की लापरवाही या मिलीभगत से इस सरकारी संपत्ति को ध्वस्त करा दिया गया है




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर। क्षेत्र में सरकारी संपत्तियों के रहस्यमयी तरीके से गायब होने का मामला लगातार चर्चा का विषय बनता जा रहा है। कोंसर चौराहे पर बने यात्री प्रतीक्षालय के नेस्तनाबूत होने के बाद अब ग्राम पंचायत रउवापुर नेवादा में लाखों रुपये की लागत से बना सामुदायिक केंद्र ही अचानक 'गायब' हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

जानकारी के अनुसार, उक्त सामुदायिक केंद्र का निर्माण पूर्व प्रधान द्वारा जनहित में कराया गया था, जिससे ग्रामीणों को सामाजिक व सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए सुविधा मिल सके। लेकिन अब मौके पर भवन का नामोनिशान तक नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि मौजूदा प्रधान की लापरवाही या मिलीभगत से इस सरकारी संपत्ति को ध्वस्त करा दिया गया है। इस पूरे प्रकरण ने स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर लाखों रुपये की लागत से बनी सरकारी इमारत बिना किसी जिम्मेदारी तय हुए कैसे गायब हो सकती है? क्या इसके पीछे कोई सुनियोजित खेल है या फिर प्रशासन की उदासीनता?ग्रामीणों अरुण अवस्थी, कमलेश, कल्लू, मो. इरफान, सलीम, हारून, सुनीता, रेखा, प्रीती, रामकुमार, मुन्नीलाल व कौशल ने आक्रोश जताते हुए कहा कि यदि इसी तरह सरकारी भवनों का ध्वस्तीकरण होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब ब्लॉक मुख्यालय, सीएचसी और पुलिस स्टेशन जैसी महत्वपूर्ण इमारतें भी सुरक्षित नहीं रह पाएंगी।ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। वहीं प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले में कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, जिससे लोगों में नाराजगी और बढ़ती जा रही है।

# गन्ने से भरी और लोड ट्रक का टायर फटने से महिला पर गिरा गन्ना, मौत–हाइवे पर लगा लंबा जाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा, खीरी। धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के हरदुआ पुल पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।जिसमें एक महिला की जान चली गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद धौरहरा-ढकेरवा हाइवे पर लंबा जाम लग गया।

जानकारी के अनुसार जुवारी ग्रुप की गोबिंद शुगर चीनी मिल ऐरा के लालजी पुरवा गन्ना क्रय केंद्र से गन्ना लादकर जा रही एक ट्रक का अचानक टायर फट गया।टायर फटते ही ट्रक अनियंत्रित हो गया और उस पर लदा गन्ना सड़क पर गिर पड़ा।जिसकी चपेट में राहगीर आ गए।हादसे के समय काजीपुरवा निवासी कमलेश की पत्नी सुनीता (35) अपनी बेटी शिवानी के साथ सीडी से घर लौट रही थीं।अचानक गन्ना उनके ऊपर गिर गया।जिससे वह पूरी तरह दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गईं।स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा पहुंचाया।जहां से हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जिला अस्पताल में इलाज के दौरान सुनीता ने दम तोड़ दिया।घटना में शिवानी और सलीम को भी चोटें आई हैं, जिनका इलाज सीएचसी में चल रहा है।सूचना मिलते ही कोतवाल रविन्द्र सोनकर,कस्बा चौकी इंचार्ज वीरेंद्र सिंह और क्राइम इंस्पेक्टर गंगा प्रसाद यादव मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। वहीं एसडीएम शशीकांत मणि और नायब तहसीलदार वीरेंद्र यादव ने भी मौके का निरीक्षण किया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रक पर ओवरलोड गन्ना लदा था।जिसके चलते यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई न होने से ऐसे हादसे लगातार हो रहे हैं।हादसे के बाद पुल पर गिरे गन्ने के कारण धौरहरा-ढकेरवा हाइवे पर भीषण जाम लग गया। जेसीबी मशीन की मदद से गन्ना हटवाया गया, जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद यातायात सुचारू हो सका।

## भागवत कथा के छठवें दिन गोवर्धन लीला एवं महा रास की कथाओं को सुनकर आनंदित हुए श्रद्धालु

रायबरेली। क्षेत्र के ग्राम सभा ओथी में इन दिनों मोक्षदायिनी श्रीमद्भागवत कथा का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हो रहा है। यजमान आशीष मौर्य के निवास पर आयोजित इस पुण्य अनुष्ठान का संकल्प क्षेत्र के ग्राम सभा जिहवा निवासी आनंद मिश्रा द्वारा लिया गया है यह उनके द्वारा संकल्पित छठवीं श्रीमद्भागवत कथा है, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। कथा स्थल पर सप्तवेदी, गणेश,अंबिका, रुद्र हनुमत देव सहित विभिन्न देवताओं की विधिवत स्थापना कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है। आपको बता दें कि, बुधवार को कथा के छठवें दिन अमांवा ब्लॉक से आमंत्रित की गई कथा वाचक संध्या जी ने प्रमुख रूप से गोवर्धन लीला एवं महा रास जैसी अद्भुत कथाओं का व्याख्यान किया। कथा व्यास ने बताया कि, भगवान ने अपने बाएं हाथ की उंगली पर गोवर्धन को धारण किया और वृंदावन वासियों की रक्षा किया। जब इंद्र ने यह देखा तो इंद्र ने आकर के भगवान श्री कृष्ण से क्षमा मांगी और भगवान ने उनको क्षमा कर दिया।

# पलायन पर मजबूर परिवार को हाईवे से रोक पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

❐ देर से जागी सकरन पुलिस, कार्रवाई पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन, सीतापुर। थाना सकरन क्षेत्र के ग्राम दुगना में पुलिस की कथित लापरवाही से आहत एक पीड़ित परिवार बुधवार को पलायन के लिए घर छोड़कर निकल पड़ा। परिवार जिला मुख्यालय के रास्ते प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलने जा रहा था, लेकिन दुगना से चकलेबाबा मंदिर के बीच हाईवे पर पुलिस ने उन्हें रोक लिया।

मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ पीड़ित परिवार को समझा-बुझाकर वापस थाने ले गए, जहां आनन-फानन में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इस कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि पीड़ित परिवार पिछले कई दिनों से चोरी की घटना को लेकर न्याय की गुहार लगा रहा था, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही थी। इससे आहत होकर परिवार ने घर के बाहर पोस्टर लगाकर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए और पलायन का निर्णय लिया। परिवार का कहना है कि लगातार अनदेखी के चलते उनका कानून से भरोसा उठ गया था, जिसके बाद वे मजबूरन यह कदम उठाने को विवश हुए। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि यदि पुलिस पहले ही सक्रियता दिखाती तो मामला इस स्थिति तक नहीं पहुंचता। फिलहाल पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद मामले की कार्रवाई जारी होने की बात कही जा रही है, लेकिन क्षेत्र में अब भी आक्रोश और असंतोष का माहौल बना हुआ है।

# सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल रंग लाई, शासन से स्वीकृति शहर को जाम से मिलेगी बड़ी राहत, विकास को नई गति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ सीडीओ अभिषेक कुमार के प्रयासों से मिली कृष्णा टॉकीज ओवरब्रिज (लेवल क्रासिंग संख्या - 121) को हरी झंडी

❐ इससे पहले संकटा देवी से लालपुर बैरियर तक फोरलेन सड़क को स्वीकृति मिल चुकी थी

लखीमपुर खीरी । जिले में वर्षों से प्रतीक्षित ओवरब्रिज और यातायात सुधार का सपना अब हकीकत बनने जा रहा है। लगातार कदम-दर-कदम प्रयास और मजबूत पैरवी के बाद सीडीओ अभिषेक कुमार ने शासन से कृष्णा टॉकीज ओवर ब्रिज (लेवल क्रासिंग संख्या - 121) को मंजूरी दिलाई।

इससे पहले संकटा देवी से लालपुर बैरियर तक फोरलेन सड़क को स्वीकृति मिल चुकी थी। लेकिन रेलवे ओवरब्रिज की अनुमति न मिलने के कारण प्रोजेक्ट अधर में लटका हुआ था। अब दोनों मंजूरियों के साथ यह परियोजना लखीमपुर खीरी में विकास और जनकल्याण का नया प्रतीक बन जाएगी।इस मेगा प्रोजेक्ट के पीछे सीडीओ अभिषेक कुमार की दूरदृष्टि और निरंतर प्रयास निर्णायक साबित हुए। उन्होंने शहर के मुख्य मार्ग की स्थिति और जाम की समस्या को शासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया। कई दौर की बैठकें, तकनीकी रिपोर्ट और समन्वय के बाद अंततः शासन से स्वीकृति मिल गई।

### जाम से राहत, रफ्तार को मिलेगी आजादी

कृष्णा टॉकीज क्रॉसिंग पर घंटों लगने वाला जाम अब इतिहास बनने जा रहा है। हजारों वाहन रोज इस चौराहे से गुजरते हैं और अक्सर रेलवे फाटक बंद होने पर लंबी कतारें लग जाती हैं। फोरलेन और आरओबी बनने के बाद न सिर्फ यातायात सुगम होगा, बल्कि शहर के मुख्य मार्गों का दबाव भी घटेगा।बताते चलें कि संकटा देवी चौराहे से लेकर लालपुर बैरियर तक 3.65 किलोमीटर लंबे, 24 मीटर चौड़े फोरलेन मार्ग के निर्माण को मंजूरी दे दी है। यही नहीं, इस मार्ग पर शहर की सबसे भीड़भाड़ वाली कृष्णा टॉकीज रेलवे क्रॉसिंग पर थ्री लेन रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) भी बनेगा।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ सड़क या पुल बनाना नहीं, बल्कि हर नागरिक का जीवन आसान और सुरक्षित बनाना है। मैंने यह प्रोजेक्ट इसलिए आगे बढ़ाया ताकि लोग घंटों जाम में न फंसे, शहर की रफ्तार रुके नहीं, और हर कदम पर विकास दिखाई दे। यह सिर्फ एक पुल नहीं, यह लखीमपुर खीरी के हर नागरिक के लिए सुविधा, सुरक्षा और प्रगति का प्रतीक है जो कि जनपद के विकास की गति को तीव्र रफ्तार दिलाएगी।

# रोजगार मेला का हुआ आयोजन विधायक ने बांटे नियुक्ति पत्र

❐ सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध : विधायक अरविन्द सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत जिला सेवायोजन कार्यालय ने राजकीय पॉलीटेक्निक ददरौल में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया। जिसमें निजी क्षेत्र की 30 प्रतिष्ठित कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। इस रोजगार मेले में कुल 3087 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से साक्षात्कार उपरान्त निजी क्षेत्र के विभिन्न पदो के लिए 1132 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेलें में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवल किया और रोजगार मेला में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान विधायक अरविन्द कुमार सिंह ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश में युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार ने कई पहल की हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत युवाओं को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार प्रदान किये जा रहे हैं और उन्हें स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने रोजगार में चयनित सभी अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। रोजगार मेले में मुख्य रूप से महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लिमिटेड, जेएफ राने रुद्रपुर वोल्टास लिमिटेड उधमसिंह नगर, सुवोज प्राइवेट लिमिटेड नोयडा, मैसर्स सिसका इलेक्ट्रीकल्स लखनऊ आदि 30 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया।

## जनगणना भारत के तहत चार्ज अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत की जनगणना को लेकर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह कि अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनर ने जनगणना चार्ज अधिकारियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का आयोजन शहर के एक होटल में किया गया। इस दौरान एडीएम वित एवं राजस्व अरविंद कुमार ने कहा कि लंबे समय के बाद जनगणना की प्रक्रिया कराई जा रही है। इसको सुचारू रूप से सफल बनाना है। डीएम ने बताया कि शहर में लगभग एक हजार कार्मिकों की आवश्यकता होगी। जिसमें 104 फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण के लिए व्यवस्था की जा रही है। प्रशिक्षण के बाद परीक्षा होगी। जिसमें सफल अभ्यर्थियों को ही कार्य में लगाया जाएगा। कहा कि जनगणना बिंदुओं पर कार्य जल्द शुरू किया जाए और लोगों को स्वत ऑनलाइन फॉर्म फिल करने हेतु प्रेरित किया जाए। उन्होंने जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित दिशा-निर्देशों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कहा कि इस चरण के तहत क्षेत्र के सभी भवनों, आवासीय एवं गैर–आवासीय मकानों का व्यवस्थित विवरण संकलित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, निर्धारित प्रपत्रों के सही संकलन, डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग तथा समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में तथा सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को पूर्ण जिम्मेदारी, गंभीरता एवं सजगता के साथ संपन्न कराएं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सामूहिक विवाह के तहत निगोही में 212 जोड़ों का विवाह सम्पन्न



शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत तिलहर विधानसभा के अंतर्गत निगोही के आदर्श इंटर कालेज रामलीला मैदान में मुख्य अतिथि तिलहर विधायक सलोन कुशवाहा, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, ब्लाक प्रमुख निगोही भानु प्रताप सिंह, तिलहर ब्लाक प्रमुख कविता यादव साहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में तिलहर विधान सभा क्षेत्र के 212 नव दंपतियों जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। जिसमें 198 हिन्दू एवं 14 मुस्लिम नवयुगलों का विवाह रीतिरिवाज से सम्पन्न हुआ। इस दौरान विधायक सलोना कुशवाहा ने कहा कि बेटियों को बोझ ना समझा जाए, सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार ने बेटियों की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली है। सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में बेटियों के हाथ पीले करने के लिए प्रति जोड़े पर एक लाख रुपए खर्च कर रही है। सरकार महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास दे रही है। सरकार निर्धन परिवारों को गरीबी से उठाने का कार्य कर रही है। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 60 हजार रुपए कन्या के खाते में, 25 हजार रुपए की विवाह सामग्री और 15 हजार रुपए विवाह की व्यवस्थाओं में खर्च किए जाते हैं। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा, उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, संबंधित खण्ड विकास अधिकारी, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत अध्यक्ष तथा अधिशासी अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## त्योहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए हुई पीस कमेटी की बैठक

शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। एसपी के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी सदर प्रयांक जैन की अध्यक्षता में थाना रोजा परिसर में आगामी त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ सदर ने उपस्थित धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के संभ्रांत लोगों से वार्ता की और आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित न करें। कहा कि जनपद पुलिस द्वारा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे हैं। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा कानून व्यवस्था से संबंधित कोई जानकारी मिले, तो तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन का सहयोग करने तथा क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने का आश्वासन दिया। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के साथ समस्त स्टाफ और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# योगी सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष, पूरे जनप्रतिनिधियों ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड

❐ गिनाई उपलब्धियां, लाभार्थियों ने जनप्रतिनिधियों-अफसरो संग देखा सीधा प्रसारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । उप्र सरकार के नव निर्माण के नौ वर्षद्व पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को कलेक्ट्रेट में जिला प्रशासन के तत्वावधान में 09 दिवसीय मेले और विकास प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जहां एक ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मनमोहा, वहीं सरकारी योजनाओं के संगम ने लाभार्थियों को कई सौगातें दी।

विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार ने संग फीता काटकर व दीपजलाकर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरकार के नव निर्माण के नौ वर्षद्व पूर्ण होने पर केंद्रित लघु फिल्म देखी और सुनी गई। इससे पहले राजधानी लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। कार्यक्रम का सफल संयोजन सीडीओ अभिषेक कुमार और उनकी टीम ने किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सदर योगेश वर्मा ने अपार समर्थन देने के लिए आमजनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 09 वर्षों में किसान के उत्थान के लिए, बेरोजगारों को रोजगार देना, परंपरागत उद्यमिता को आगे बढ़ाया गया, मातृशक्ति के स्वावलंबन के लिए जो कार्य किए गए। आज प्रदेश विकास की उदाहरण बनकर उभरा है। प्रदेश वही है, जनता वही है, सिस्टम वही है, सिर्फ सरकार बदलने मात्र से बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। विधायक ने जिले और उनकी विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की कीर्तिमान उपलब्धियों को जनमानस के समक्ष प्रस्तुत किया और उनकी पुष्टि कराई। कहा कि इन विकास पहलों से आमजन के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार हुआ है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया गया है।भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने 09 वर्ष के कार्यकाल में योगी जी के नेतृत्व में प्रदेशवासियों की कल्याण और प्रदेश को प्रगति की राह पर ले जाने के लिए काम हुआ है। प्रदेश में आज कानून का राज है, जहां जनमानस सुरक्षित महसूस कर रहा है। आज उप्र की कानून व्यवस्था की मिसाल पूरे भारत में दी जाती है। प्रशासन योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन करते हुए इसे जनमानस तक पहुंचाने में प्रतिबद्धता से काम कर रहा है। उन्होंने जनमानस के बीच योजनावार आंकड़े प्रस्तुत करते हुए उपलब्धियां गिनाई। कार्यक्रम में विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से रेखांकित करते हुए कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आम आदमी की जिंदगी में व्यापक बदलाव आया है। सरकार ने अंत्योदय के मंत्र को धरातल पर उतारते हुए योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया है, जिससे लोगों का जीवन स्तर में सुधार हुआ है।*09 दिवसीय मेले में दिखी सीएम योगी के कार्यकाल की उपलब्धियां, जनप्रतिनिधियों ने किया स्टालों का अवलोकन*प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूरा होने पर अभूतपूर्व उपलब्धिया 09 दिवसीय मेले में दिखी। सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए। जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अफसरो के साथ सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए कि मेले में आने वाले व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं का न केवल जानकारी दे बल्कि उन्हें योजना से जोड़कर उनके जीवन सुगम बनाया जाए। *सरकार की उपलब्धियों से रूबरू कराती विकास प्रदर्शनी, जनप्रतिनिधियों ने किया शुभारंभ*कलेक्ट्रेट में सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई 09 दिवसीय विकास प्रदर्शनी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, विधायक योगेश वर्मा व विनोद शंकर अवस्थी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व सीडीओ अभिषेक कुमार मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदर्शनी में पीएम नरेन्द्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया है। इससे आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी मिल रही है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि प्रदर्शनी में किसानों, महिलाओं, युवाओं व वंचित वर्गों के लिए चलाई जा रही योजनाओं और नवाचारों को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। नगर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं सहित आमजन बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे हैं।*जनप्रतिनिधियों ने अफसरों संग लाभार्थियों को दी योजनाओं की सौगात, चेहरे खिले*कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, विधायक योगेश वर्मा, और विनोद शंकर अवस्थी व डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ जिले के 1140 स्वयं सहायता समूहों को 03 करोड़ 42 लाख रुपये का रिवाल्विंग फंड सौंपा।

# पुलिस मुठभेड़ में पांच पशु तस्कर गिरफ्तार, गोली लगने से तीन घायल, सिपाही भी जख्मी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। सहसवान क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार रात मुठभेड़ के दौरान पांच पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें तीन आरोपी गोली लगने से घायल हुए हैं। एक सिपाही भी जख्मी हुआ है। सहसवान थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात मुठभेड़ के दौरान संरक्षित पशुओं को मारने वाले गिरोह के पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

इस दौरान दोनों ओर से हुई फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से तीन आरोपी घायल हुए हैं। एक सिपाही भी जख्मी हो गया। पुलिस के अनुसार मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि चार-पांच व्यक्ति टेढ़ाघाट पुल के पास गांव चमरपुरा के जंगल में पशुओं की हत्या करने की फिराक में हैं। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने की कोशिश की और खुद को घिरा देख पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें नईम, कौसर और इसराइल गोली लगने से घायल हो गए। वहीं मुठभेड़ के दौरान सिपाही शक्ति सिंह के दाहिने हाथ में गोली लग गई। बाद में पुलिस ने सभी आरोपियों को दबोच लिया, जबकि आसपास के जंगल में कॉम्बिंग कर दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में नईम निवासी भवानीपुर खल्ली, शाहरुख निवासी बाजपुर, अली हसन, कौसर और इसराइल निवासी घूरनपुर शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पहले भी संरक्षित पशुओं को मारकर मांस बेचते रहे हैं और आर्थिक लाभ के लिए फिर से इसी योजना के तहत जंगल में इकट्ठा हुए थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच तमंचे 315 बोर, दस कारतूस, एक कुल्हाड़ी, तीन छुरी, काली पन्नी और प्लास्टिक का कट्टा बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक बरामद सामान से साफ है कि आरोपी पशु की हत्या की पूरी तैयारी के साथ मौके पर पहुंचे थे। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों पर पहले से ही हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और पशु क्रूरता से जुड़े कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एसपी ग्रामीण डॉ हृदेश कठेरिया और सीओ सहसवान अशोक कुमार सिंह ने हुए कहा कि ऐसे गिरोहों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पानी समझकर शराब में मिला लिया केमिकल, पीने से दो लोगों की मौत, एक अन्य की हालत नाजुक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- हाइड्रोजन पराक्साइड केमिकल को पानी समझकर शराब में मिलाकर पी लिया। देखते ही देखते तीनों की हालत बिगड़ने लगी, दो लोगों को परिजन जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल ले गए
- जबकि तीसरे ने गांव में ही दम तोड़ दिया

बदायूं। उझानी कोतवाली क्षेत्र में जन्मदिन पार्टी के दौरान छिपकर शराब पी रहे तीन लोगों ने पानी समझकर पैग में केमिकल मिला लिया। उसे पीने से तीनों की हालत बिगड़ गई। इनमें दो लोगों की मौत हो गई। तीसरे की हालत नाजुक है। बदायूं में जन्मदिन की पार्टी में तीन लोग चुपके से शराब पी रहे थे।

मंगलवार शाम करीब पांच बजे एक कमरे में दूध में मिलाने वाला हाइड्रोजन पराक्साइड केमिकल को पानी समझकर शराब में मिलाकर पी लिया। देखते ही देखते तीनों की हालत बिगड़ने लगी। दो लोगों को परिजन जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल ले गए। जबकि तीसरे ने गांव में ही दम तोड़ दिया। निजी अस्पताल में हालत बिगड़ी तो उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया। जहां एक अन्य को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे का उपचार जारी है। उसकी भी हालत गंभीर बताई जा रही है। घर में चल रहा था जन्मदिन का कार्यक्रम

उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव बरामय खेड़ा निवासी जुगेंद्र के घर में बच्चे के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रात्रि जागरण का कार्यक्रम था। दिन में परिवार व रिश्तेदारों के खाने की व्यवस्था की गई थी। शाम करीब पांच बजे जुगेंद्र का भाई कामेश चौहान (63 साल) अपने साथी यशपाल (45साल) व सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव अन्नी के रहने वाले दामोदर (42 साल) के साथ बैठकर चुपचाप शराब पी रहे थे। परिजनों ने बताया कि जिस कमरे में शराब पी रहे थे, वहीं पर दूध में मिलाने वाला केमिकल हाइड्रोजन पराक्साइड रखा हुआ था। नशे में उन्होंने उसे पानी समझा और शराब में मिलाकर तीनों ने पी लिया। कुछ ही देर में उनकी हालत बिगड़ने लगी। बताया जा रहा कि सिविल लाइंस क्षेत्र के गांव अन्नी निवासी दामोदर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के लोग कामेश व यशपाल को बदायूं ले आए और एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां बिगड़ने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिवार के लोग जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां कामेश को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। यशपाल का उपचार जारी है। सीओ उझानी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति के मरने की सूचना जिला अस्पताल से आई है, लेकिन परिवार के लोग पोस्टमॉर्टम कराने से मना कर रहे हैं। पुलिस मामले की फिर भी जांच कर रही है। कोई शिकायती पत्र मिलता है तो जांच कर कार्रवाई कराई जाएगी।

# 'हर घर नल से जल' को नयी रफ्तार, उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार के के बीच जल जीवन मिशन 2.0 पर समझौता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को सुदृढ़ करने की दिशा में उत्तर प्रदेश ने एक और अहम कदम बढ़ाया है। जल जीवन मिशन 2.0 के तहत केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गये हैं। इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहे।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'हर घर नल से जल' के लक्ष्य को जमीन पर उतारने की दिशा में यह समझौता मील का पत्थर साबित होगा। इससे पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन में गति, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित होगी, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण परिवारों को मिलेगा।उन्होंने केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय को इस पहल की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए नरेंद्र मोदी का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का संकल्प अब तेजी से साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पेयजल व्यवस्था में आए व्यापक बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले जहां सीमित गांवों तक ही पाइप पेयजल की सुविधा थी। वहीं अब हजारों गांवों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित हो रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफ़ेलाइटिस जैसी बीमारियों पर नियंत्रण में स्वच्छ जल और बेहतर स्वच्छता की अहम भूमिका रही है।उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का फोकस केवल कनेक्शन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि योजनाओं के दीर्घकालिक संचालन और रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वर्तमान में बड़ी संख्या में गांवों में जलापूर्ति के साथ अनुरक्षण व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अब योजना को उन सभी गांवों तक विस्तारित किया गया है, जहां अभी तक पाइप पेयजल की सुविधा नहीं पहुंची थी। बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्रों में, जहां कभी पानी की गंभीर किल्लत थी, वहां अब घर-घर नल से जल पहुंच रहा है।

वहीं, श्री पाटिल ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने राज्यों से आग्रह किया कि सभी परियोजनाएं दीर्घकालिक उपयोग और टिकाऊ विकास को ध्यान में रखकर लागू की जाएं। कार्यक्रम में वी. सोमन्ना और स्वतंत्र देव सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## गुरुवार को मुख्यमंत्री करेंगे देवास रोड स्थित तरण ताल का लोकार्पण

उज्जैन । मध्य प्रदेश के उज्जैन में नगर निगम द्वारा देवास रोड स्थित तरण ताल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल का पुनर्निर्माण 8.30 करोड़ रुपए लागत से किया गया है। तरण ताल का लोकार्पण गुरुवार को गुड़ी पड़वा पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य में होगा।बुधवार को निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। ज्ञात रहे नगर निगम द्वारा 8 करोड़ 30 लाख रुपए लागत से देवास रोड स्थित तरणताल पर पुराने स्विमिंग पूल के स्थान पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल का पुनर्निर्माण किया गया है। इसमें 25 बाय 50 मीटर के पुल का निर्माण किया गया है जिसमें 4.5 फीट से 6.15 फीट तक गहराई रखी गई है। बच्चों के लिए वार्मअप पुल जिसकी गहराई 2.5 से 3 फीट रखी गई है इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल में विजिटर गैलरी बनाई गई है।

# पूनम सिंह ने होली मिलन समारोह में बढ़ाया उत्साह महिला शक्ति के सम्मान को बताया प्रेरणादायक पहल




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। रायबरेली शहर के सुपर मार्केट में ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल (चौहान गुट) द्वारा आयोजित होली मिलन एवं सम्मान समारोह में कमला फाउंडेशन अध्यक्ष पूनम सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुईं।

कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए पूनम सिंह ने आयोजन की सराहना की और कहा कि होनहार प्रतिभाओं एवं समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला शक्तियों का सम्मान करना एक अत्यंत प्रेरणादायक पहल है, जो समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करती है। इस अवसर पर उन्होंने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं आमजनों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। साथ ही आयोजन की सफलता के लिए संस्था को बधाई एवं शुभकामनाएं भी प्रेषित की। पूनम सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, सम्मान और एकता को मजबूत करते हैं तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, स्थानीय नागरिक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिससे आयोजन का माहौल उत्साहपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण बना रहा।

## टीएसआई ने साइलेंसर से पटाखा छोड़ने वाली दो बाइक, एक ईको गाड़ी की सीज, 65 हजार जुर्माना

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ट्रैफिक पुलिस के सब-इंस्पेक्टर ने मंगलवार को वाहन चेकिंग के दौरान दो पटाखा बाइक समेत एक ईको गाड़ी सीज कर दिया। टीएसआई ललित कुमार ने बताया कि यातायात नियमों के उल्लंघन और ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही हैं, यह दोनों 'पटाखा बाइक' साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज निकाल रही थी चेकिंग के दौरान इसलिए इन्हें रोककर दोनों बाईकों सीज कर दिया गया हैं। मुख्य रूप से सार्वजनिक स्थानों पर शांति भंग करने और मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने वालों को सबक सिखाने के लिए यह कार्रवाई की गई है। यह अभियान निरंतर चलता रहेगा।बाइक सवारों द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करके सड़कों पर पटाखों जैसी तेज आवाज निकाली जाती हैं, जिससे आम जनता और विशेष रूप से बुजुर्गों व बच्चों को परेशानी हो रही हैं।

टीएसआई ललित कुमार ने इन वाहनों को रोककर उनके कागजात और साइलेंसर की जांच की। नियमों के विरुद्ध पाए जाने पर दोनों बाइकों समेत एक ईको गाड़ी को सीज कर दिया गया। मॉडिफाइड साइलेंसर बाईकों का 65500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। भैंस बांधने गई युवती से सामूहिक दुष्कर्म, दोनों आरोपी हिरासत में- मां की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा, असलहा दिखाकर दी थी धमकीबख्शी का तालाब लखनऊ। महिगवां थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार देर रात युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों नामजद आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना मंगलवार रात्रि करीब 12 बजे की है, जब युवती घर से बाहर छूट गई भैंस को बांधने जा रही थी। इसी दौरान गांव के ही दो युवक उसे पकड़कर जबरन सुनसान स्थान पर ले गए और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोप है कि घटना के दौरान आरोपियों ने असलहा दिखाकर पीड़िता को डराया-धमकाया।घटना के बाद पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी, जिसके बाद उसकी मां ने थाना महिगवां में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी बृजेश कुमार और लवकुश, निवासी ग्राम सरावा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।प्रभारी निरीक्षक रामकुमार गुप्ता ने बताया कि दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है और मामले की गहन जांच जारी है।

## लखनऊ में बिजली चोरी पर कड़ा प्रहार, 6 के खिलाफ दर्ज हुआ मुक़दमा

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी में बिजली चोरी के खिलाफ विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़े स्तर पर अभियान चलाया। मध्य क्षेत्र में चल रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत 17 व 18 मार्च 2026 को रेड टीमों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कई अनियमितताओं का खुलासा किया।

बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता एडमिन एन्ड रेड सुशील कुमार के अनुसार, 17 मार्च को सहायक अभियंता और अवर अभियंता के नेतृत्व में रेड टीम ने कुल 61 कनेक्शनों की जांच की। इस दौरान 42 बकायेदार उपभोक्ताओं को समझा कर उनका बकाया बिल जमा कराया गया और कई के कनेक्शन की स्थिति सुधारी गई। वहीं 18 मार्च को सुबह चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान में 30 उपभोक्ताओं के यहां जांच की गई, जिसमें 6 लोग सीधे तौर पर बिजली चोरी करते पकड़े गए। इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ उपभोक्ता बिना बिल जमा किए अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। ऐसे 5 कनेक्शनों को तत्काल प्रभाव से काट दिया गया और उनके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसके अलावा, बकाया बिल न चुकाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ भी सख्ती दिखाई गई और कई कनेक्शनों को डिस्कनेक्ट किया गया। बिजली विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा और बिजली चोरी या बकाया बिल के मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे समय से बिल जमा करें और वैध तरीके से ही बिजली का उपयोग करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना को अमल में लाने की क़वायद शुरू, जल्द पूरी होगी प्रक्रिया

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने पिछले हफ़्ते मंत्रिमंडल की ओर से 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना' को मंज़ूरी दिए जाने के बाद राज्य सड़क परिवहन निगम ने ग्रामीण इलाकों में बस कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक़ निगम इस महीने के आखिर तक इस योजना का प्रचार-प्रसार पूरा कर लेगा और बसों को चलाने के लिए निजी ऑपरेटरों से आवेदन मांगेगा। आवेदनों की छंटनी का काम अप्रैल के मध्य तक पूरा हो सकता है। इस योजना का मकसद हर ज़िला मुख्यालय से ज़िले के गांवों तक कम से कम दो बसें चलाना है। एक अधिकारी ने बताया, ''इस योजना के तहत ज़िला मुख्यालय से चलने वाली बसों की अधिकतम संख्या पर कोई रोक नहीं है।'' विभाग के अधिकारी ने बताया कि ये बसें आकार में छोटी होंगी। इनकी अधिकतम लंबाई सात मीटर और बैठने की क्षमता 28 यात्रियों की होगी।ये बसें रात में गांवों में ही रुकेंगी, जबकि सुबह प्रखंड और तहसील होते हुए 10 बजे तक ज़िला मुख्यालय पहुंच जाएंगी। किराया स्थानीय स्तर पर ज़िलाधिकारी की अध्यक्षता वाली एक समिति तय करेगी। दरअसल, प्रदेश के हजारों गांवों में जल्द ही सार्वजनिक परिवहन की सुविधा शुरू होने जा रही है।

## नौ वर्षों में बदली उत्तर प्रदेश की तस्वीर, कानून-व्यवस्था और विकास में हुआ बड़ा बदलाव: पाठक

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेशवासियों का आभार जताते हुए कहा कि बीते वर्षों में राज्य ने विकास और सुशासन की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। लखनऊ के लोकभवन में सरकार के नौ साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में श्री पाठक ने यह बात कही । इस दौरान पाठक ने समाजवादी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नौ साल पहले उत्तर प्रदेश की पहचान टूटी सड़कों, अनियमित बिजली आपूर्ति और वीआईपी कल्चर से होती थी। इटावा और रामपुर जैसे जिलों में लंबे समय तक बिजली कटौती आम बात थी। शिक्षा व्यवस्था की स्थिति भी खराब थी और नकल माफिया सक्रिय थे। उप मुख्यमंत्री ने दावा किया कि वर्तमान सरकार में नकल विहीन परीक्षाएं कराई जा रही हैं और माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है।

# आर.आर. के.स्कूल में क्रिएटिव किड्स कार्निवाल का भव्य आयोजन हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- कार्यक्रम का आयोजन 2 साल से 6 साल आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की प्राकृतिक प्रतिभाओं को उभारने, निखारने, सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से किया गया

चंदौसी। बुधवार को सीता आश्रम रोड स्थित आर.आर.के स्कूल चंदौसी के तत्वावधान में क्रिएटिव किड्स कार्निवल आयोजन बहुत ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया जिसमें क्रिएटिव कॉर्नर्स, लाइव परफॉर्मेंस, जाम गेम्स, डेक मैजिक, ओरल हेल्थ केयर बूथ, फूड कोर्ट,फन फ़ेयर, हॉर्स राइडिंग आदि इवेंट्स आकर्षण का केंद्र रहे।

कार्यक्रम का आयोजन 2 साल से 6 साल आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की प्राकृतिक प्रतिभाओं को उभारने, निखारने, सर्वांगीण विकास एवं मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों में टीम वर्क, जिम्मेदारी, समर्पण आदि विभिन्न प्रकार के मूल्यों को विकसित करने में सहायता, सामुदायिक भावना को मजबूत करने और पढ़ाई से हटकर नई प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया। कार्निवल शुभारम्भ के पश्चात नियत समयानुसार अभिभावकों के शुभागमन से कुछ ही समय में स्कूल में चहल-पहल बढ़ गई। बच्चों नें अपनी पसंदीदा गतिविधियों हॉर्स राइडिंग एवं कार राइडिंग में हिस्सा लेकर स्कूल मेले का भरपूर आनंद उठाया। नन्हे-मुन्नों नें शिव तांडव, सोलो डांस,सांग, फ्री हैंड पेंटिंग, ब्लॉक पेंटिंग, क्ले एक्टिविटी से अपनी कला का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।कार्निवल में कोठीवाल डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर मुरादाबाद से आये अनुभवी डॉक्टर्स की टीम द्वारा बच्चों का दंत परीक्षण कर उन्हें अच्छी खुराक लेकर दांतों को स्वस्थ रखने का सुझाव दिया गया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र सूर्यांश शर्मा नें डेक मैजिक में ताश के पत्तों का उपयोग कर हाथ की सफाई के जरिए सभी दर्शकों को हैरान कर दिया।

कार्निवल में उपस्थित अभिभावकों ने कहा कि स्कूल कार्निवल बच्चों में आत्मविश्वास और सार्वजनिक बोलने के कौशल को काफी हद तक बढ़ा सकता है जिससे बच्चे अपने विचार और भावनाएं साझा करते समय अपने आप को सशक्त महसूस करते हैं साथ ही साथ इस प्रकार के स्कूल कार्निवल छात्रों को कर्तव्यों का आवंटन करते है,जो उन्हें जिम्मेदार बनाने के साथ-साथ जीवन में सही संतुलन बनाने का महत्व सिखाते हैं और कहा इस प्रकार के इवेंट विद्यालय में समय-समय पर यह होते रहना चाहिए इससे बच्चों में कुछ अलग करने की लालसा उत्पन्न होती है। मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक बनियाखेड़ा ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह,विशिष्ट डॉ टी. एस.पाल,मनोज कठैरिया अंकुर अग्रवाल ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।क्रिएटिव किड्स कार्निवल के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ संजय कुमार पाण्डेय एवं उप प्रधानाचार्य डॉ अर्चना शर्मा ने संयुक्त रूप से सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं कार्यक्रम वॉलिंटियर्स का आभार व्यक्त किया।

## मौर्य का दावा: 2027 में 2017 से भी होगी भाजपा की बड़ी जीत

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के नौ वर्ष पूरा होने के मौके पर राज्य के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल के सदस्यों और प्रदेशवासियों को बधाई दी है और कहा है कि यह दिन प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है और सरकार ने बीते वर्षों में विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। श्री केशव मौर्य ने लोकभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए बुधवार को ये बातें कहीं । उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में समाजवादी पार्टी सरकार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई शुरू की गई थी, क्योंकि उस समय प्रदेश में अपराधियों और माफियाओं का दबदबा था। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनके कार्यकाल में प्रदेश की स्थिति खराब हो गई थी।

# नाव/बोट संचालन हेतु सख्त दिशा-निर्देश जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल द्वारा यातायात सभागार में नाविकों संग गोष्ठी आयोजित कर श्रद्धालुओं/यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नाव/बोट संचालन हेतु सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए। इस दौरान बिना लाइफ जैकेट नाव संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित करते हुए ओवरलोडिंग पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए तथा आगामी सप्ताह से सभी नावों का पंजीकरण अनिवार्य कर बिना पंजीकरण संचालन पर रोक लगाने की बात कही गई। नाविकों को निर्देशित किया गया कि वे श्रद्धालुओं को अतिथि मानकर विनम्र व्यवहार करें और निर्धारित किराए से अधिक वसूली न करें। साथ ही गहरे पानी में निर्धारित सुरक्षित मार्ग का पालन, आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, आपात स्थिति में जल पुलिस को सूचना देने तथा नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना, नाव जब्ती एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। गोष्ठी में नाविकों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के निर्देश दिए गए तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन नाविकों को सम्मानित कर सभी को जिम्मेदारी एवं अनुशासन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री शिवहरी मीणा, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय/वरूणा जोन श्री प्रमोद कुमार, पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री गौरव बंशवाल सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे ।

# 16 रेल कर्मियों को एक्सिलेंस अवार्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन द्वार मंडल के भारतेन्दु सभागार कक्ष में संरक्षा,सुरक्षा एवं राजस्व वृद्धि के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले फरवरी-2026 माह से चयनित कुल 16 रेल कर्मचारियों को एक्सिलेंस अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि भारतीय रेल की सर्वोच्च प्राथमिकता यात्रियों की संरक्षा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसी दिशा में कार्य करते हुए मंडल के विभिन्न विभागों परिचालन, इंजीनियरिंग, सिगनल एवं दूरसंचार,लेखा,भंडार, विद्युत,सुरक्षा,वाणिज्य एवं संरक्षा विभाग ने समन्वित प्रयासों से उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। कार्यक्रम के दौरान उन कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए, जिन्होंने सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए संभावित दुर्घटनाओं को टाला तथा रेल संपत्ति एवं यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी सम्मानित कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रतिबद्धता अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों ने संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर जागरूकता एवं सतर्कता बनाए रखने का संकल्प दोहराया। मंडल प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी रेलकर्मी टीम भावना एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए भविष्य में भी संरक्षा एवं सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखें।

मंडल स्तर पर संरक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में मंडल रेल प्रबंधक से एक्सिलेंस अवार्ड पुरस्कार प्राप्त करने वालों में सपना कुमारी/वरिष्ठ एकाउंटेंट,राजेन्द्र/मंडल वाणिज्य निरीक्षक/बलिया,उमेश कुमार राम/की-मैन/राजापट्टी,अजय कुमार/की-मैन/राजापट्टी, संजय कुमार सेठ/ सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेल पथ)माधोसिंह, मुन्ना कुमार/हाउसकीपिंग सहायक/ वाराणसी, पिन्टू कुमार/वरिष्ठ लोको पायलट/छपरा, मनोज कुमार/लोको पायलट/छपरा, कौशल सिंह/सीनियर सेक्शन इंजीनियर(विद्युत)माधोसिंह,अरुण कुमार पटेल/ कंटावाला/ सिसवांबाजार, अमित त्रिपाठी/रेसुब कांस्टेबल/छपरा, योगेश कुमार सेठ/ जूनियर इंजीनियर टेलीकाम/वाराणसी,कौशल किशोर/डिपो सहायक/वाराणसी,विनय कुमार/ टी आर डी,चंदन कुमार रावत/कार्यालय अधीक्षक/संरक्षा एवं सतीश कुमार वर्मा /भूतपूर्व संरक्षा सलाहकार/वाराणसी आदि शामिल थे ।

# ई- केवाईसी, बुकिंग और ओटीपी बढ़ा रही लोगों की मुश्किलें

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । जिले में गैस का कोई संकट नहीं है। सप्ताह में एकाध दिन छोड़कर प्रतिदिन गैस कि गाड़ी आ रही है।समस्या ई-केवाईसी गैस बुकिंग और ओटी पी को लेकर खड़ी हो रही है।इसी को लेकर वितर ण में परेशानी हो रही है।सिर्फ एक दो दिन के लिए डोर टु डोर सिलिंडर भेजने की प्रक्रिया रोकी गईं थी,अब इसकी शुरुआत कर दी गई है शहरी क्षेत्र में डोर टू डोर सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है

गैस एजेंसी संचालक अपनी देखरेख में वितरण क रा रहे हैं।कमर्शियल गैस सिलेंडर का संकट खड़ा होने पर होटलों में भट्ठियां धधकने लगी हैं।लोग ल कड़ी के गिट्टक इस्तेमाल कर रहे,आवास विकास कच्चे बाबा मार्ग पर स्थित मंगलयम गैस प्रतिष्ठान गैस एजेंसी के संचालक देवेंद्र प्रताप सिंह ने बता या कि गैस का कोई संकट नहीं है।सप्ताह में एका ध दिन को छोड़कर प्रतिदिन गैस की गाड़ी आ रही है,हमारे यहां करीब 26 हजार उपभोक्ता हैं,यह को ई नई बात नहीं है पूर्व में भी ऐसा होता रहा है।सम स्या बुकिंग और ओटीपी को लेकर खड़ी हो रही है इसी वजह से डोर टु डोर सप्लाई पहले रोक दी गईं।

थी,अभी कुछ लोगो को एजेंसी से ही अपनी देखरे ख में वितरण करा रहे हैं ताकि ग्राहकों को शिकाय त का मौका नहीं मिल सके।वहीं सिलिंडर का संक ट होने से होटल संचालक भट्टी का सहारा लेने लगे हैं।शहर मे होटल चलाने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि गैस सिलेंडर का संकट खड़ा होने के बाद उन्हों ने पूर्व की तरह भट्टी जलानी शुरू कर दी है।इससे कारोबार भी प्रभावित नहीं हो रहा है।

# गोंडा में माइकधारी पत्रकारों की बाढ़ यूट्यूब चैनल बना कर शुरू हुई नई वसूली की संस्कृति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । गोनार्द की धरती पर गोंडा जिले मे इन दिनों एक नई 'पत्रकारिता' तेजी से पनप रही है।हालात यह हैं कि जैसे बरसात में कुकुरमुत्ते उग आते हैं, वै से ही गोंडा जिले में जगह-जगह यूट्यूब चैनल बना कर लोग खुद को पत्रकार घोषित करते नजर आ रहे हैं।हाथ में माइक, गले में कैमरा और मोबाइल ऑन करते ही ये लोग अपने आपको बड़े मीडिया संस्थानों से भी बड़ा पत्रकार बताने लगते हैं इन तथाकथित यूट्यूबर पत्रकारों के पास न तो किसी संस्थान का वैध आई-कार्ड है, न ही कोई अथॉरिटी लेटर और न ही किसी प्रकार का रजिस्ट्रेशन,इसके बावजूद नेताओं,मंदिरों, भंडारों और उद्घाटन कार्य क्रमों में पहुंचकर यह गैंग खुद को मीडिया बताकर आयोजकों पर दबाव बनाता है।आरोप है कि कई जगहों पर ये लोग कवरेज के नाम पर मोटी रकम वसूल कर चलते बनते हैं




सूत्रों के अनुसार गोंडा जिले का ही एक तथाकथित 'मीडिया संचालक' अपने आप को संपादक बताकर गैर जनपदों से युवाओं को बुलाकर उन्हें माइक थामाते है और यूट्यूब चैनल के नाम पर पत्रकार बनाते है। कई युवाओं को यह बताया जाता है कि बस माइक पकड़ो,मोबाइल ऑन करो और बन जाओ पत्रकार इसके बाद यही लोग मंदिरों,उद्घाटन समारोह कथा भागवत और आयोजनों में घूम-घूमकर कवरेज के नाम पर वसूली करते दिखाई देते हैं। विडंबना यह है की इन लोगों से जिले की प्रमुख खबरों से लेना ही देना नहीं है । विडंबना यह भी है कि कोई चाय बेच कर, ई-रिक्शा चलाकर, शादी विवाह में कैमरा चला कर या फिर पान मसाला बेचते-बेचते पत्रका र बन गया है।कोई शादी समारोह में फोटो खींचते-खींचते रिपोर्टर हो गया और कोई चाय की दुकान से सीधे 'मीडिया हाउस' का मालिक बन बैठा मोबा इल और माइक ने ऐसी 'क्रांति' ला दी है कि हर गली-मोहल्ले में एक नया चैनल और एक नया पत्रकार पैदा हो रहा है और ये पूरे प्रदेश में अपने आप को संपादक बताकर सबसे बड़ा पत्रकार बताते है इस तरह की गतिविधियों से जहां वास्त विक और जिम्मेदार पत्रकारों की छवि धूमिल हो रही,वहीं पत्रकारिता की गरिमा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# किसानों को उर्वरक की पूरी उपलब्धता का भरोसा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर है।बेलसर ब्लॉक के लौव्वा टेपरा ग्राम पंचायत के कृषि सेवा केंद्र के प्रबंधक कुलदीप मिश्रा ने नई दिल्ली में एचयूआरएल कंपनी के प्रबंध निदेशक एचबी मोहंती से मुलाकात कर किसानों को बुवाई के समय उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात उठाई। बैठक में कुलदीप मिश्रा ने डीएपी, यूरिया, फॉस्फेटिक और अन्य उर्वरकों की समय पर उपलब्धता की मांग की। उन्होंने बताया कि समय पर खाद न मिलने से किसानों की फसल प्रभावित होती है, इसलिए पहले से ही पर्याप्त व्यवस्था करना आवश्यक है।इस पर एचबी मोहंती ने आश्वासन दिया कि सभी किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा।उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप काम किया जा रहा है और लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इससे किसानों में संतोष और भरोसे का माहौल बना है।



# योगी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भव्य कार्यक्रम विकास मेले का शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । योगी सरकार के ल्लनव निर्माण के नौ वर्षङ्क पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को वेंकटाचार्य क्लब, में जिला प्रशासन के तत्वावधान में भव्य एवं सुव्यवस्थित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने की।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व आमजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान लोक भवन सभागार,लखनऊ से आयोजित वार्षिक पुस्तक ल्लनवनिर्माण के 9 वर्षङ्क के विमोचन का सजीव प्रसारण एनआईसी सभागार में देखा गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों ने प्रदेश सरकार की नौ वर्षों की उपल ब्धियों को ध्यानपूर्वक सुना एवं देखा।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्ज्वल न कर किया गया।इसके उपरांत ग्राम्य विकास की थीम पर आयोजित विकास



मेले का उद्घाटन कि या गया।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया गया है।साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, सड़ कों एवं एक्सप्रेसवे के निर्माण, विद्युत आपूर्ति में सुधार तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के सर्वांगीण विकास को गति मिली है।उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में व्यापक रूप से पहुंच रहा है।उन्होंने महिला सशक्तिकरण को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि विभिन्न योजनाओं–स्वयं सहायता समूह, महिला सुरक्षा एवं रोजगारपरक कार्यक्रमों–के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसके साथ ही युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में सुशासन,पारदर्शिता एवं जनकल्याण कारी नीतियों के माध्यम से विकास का एक नया दौर स्थापित हुआ है।सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासङ्क के मूल मंत्र को धरातल पर उतारते हुए प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।कार्यक्रम के अंत में अधिकारि यों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवा द स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना गया।इस अवसर पर जिला विकास अधि कारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचा री उपस्थित रहे।

## रूप सिंह भारती तीसरी बार बने प्रांतीय अध्यक्ष,वंश बहादुर को दूसरी बार प्रांतीय महामंत्री की जिम्मेदारी

मुरादाबाद । डॉ अंबेडकर मेमोरियल कमेटी उत्तर प्रदेश मुरादाबाद के द्विवार्षिक चुनाव में रूप सिंह भारती को तीसरी बार निर्विरोध प्रांतीय अध्यक्ष व वंश बहादुर को दूसरी बार प्रांतीय महामंत्री निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। वहीं विशाल कुमार जाटव को जिलाध्यक्ष और श्याम कुमार जाटव को जिला महामंत्री चुना गया। मुख्य चुनाव अधिकारी आदित्य कुमार श्रीवास्तव व चुनाव अधिकारी अजय वंश की देखरेख में बुधवार को सिविल लाइन स्थित अंबेडकर पार्क में चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई। संगठन की प्रांतीय, जनपदीय एवं महानगरीय शाखाओं के पदों के नामांकन पत्र लिए गए। जांच में नामांकन पत्र सही पाए गए। कोई प्रतिपक्षी न होने के कारण कई पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसमें प्रांतीय कार्यकारिणी में रूप सिंह भारती को प्रांतीय अध्यक्ष, वंश बहादुर को प्रांतीय महामंत्री, बृजनंदन को प्रांतीय कोषाध्यक्ष, मदनलाल सागर, एडवोकेट राजकुमार गौतम, मनमोहन सिंह को प्रांतीय उपाध्यक्ष, वीरेश कुमार गौतम, मुन्ना सिंह सागर, राधे कृष्ण को प्रांतीय उप महामंत्री, शिव स्वरूप सिंह अनिल कुमार, रामकिशोर वाल्मीकि को प्रांतीय संगठन प्रचार मंत्री घोषित किया गया।

# एसएसबी 59वीं वाहिनी में कार्डियक इमरजेंसी मेडिसिन व हार्ट अटैक जागरूकता पर विशेष सत्र आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। देश की सुरक्षा के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा भी हमारी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य के तहत 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), नानपारा द्वारा जवानों की स्वास्थ्य सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता क्लास का आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र का मुख्य विषय कार्डियक इमरजेंसी मेडिसिन तथा हार्ट अटैक जैसी गंभीर आपात स्थितियां रहीं। कार्यक्रम का संचालन द्वितीय कमान अधिकारी (चिकित्सा अधिकारी) डॉ. ए. लिंगैयाह द्वारा किया गया। सत्र के दौरान डॉ. ए. लिंगैयाह ने जवानों को हृदयाघात (हार्ट अटैक) के शुरुआती लक्षणों की सटीक पहचान करने और गोल्डन ऑवर महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर सही पहचान और त्वरित उपचार से कई अनमोल जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, जवानों को कार्डियक इमरजेंसी मेडिसिन के सही उपयोग और आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित किया गया, ताकि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें।



सशस्त्र सीमा बल अपने जवानों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ, जवानों को चिकित्सा आपात स्थितियों के लिए तैयार रखना भी बल के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों से जवानों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ती है और आपात परिस्थितियों से निपटने का आत्मविश्वास सुदृढ़ होता है।

## सीडीओ ने खराब प्रगति पर डीपीआरओ समेत एक दर्जन अधिकारियों का रोका वेतन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### मुख्यमंत्री डैशबोर्ड समीक्षा में लापरवाही उजागर होने पर जारी किया स्पष्टीकरण नोटिस

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह द्वारा माह फरवरी के मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा में जनपद की विभिन्न योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। डीएम एवं सीडीओ के निर्देशानुसार कम प्रगति बी सी एवं डी ग्रेड प्राप्त करने वाले संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये मुख्य विकास अधिकारी द्वारा माह मार्च का वेतन अवरुद्ध किया गया है जिससे विभागीय कार्यों में जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं है। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुए उनसे तत्काल स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। जिन अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है उनमें प्रवीण शुक्ला उपायुक्त स्वरोजगार, ऐश्वर्य यादव परियोजना निदेशक, मनोज त्यागी जिला पंचायत राज अधिकारी, संतोष कुमार श्रीवास्तव जिला कार्यक्रम अधिकारी, शैलेंद्र कुमार अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड), अभय कुमार सुमन उपायुक्त उद्योग, संदीप कुमार अधिशासी अभियंता सी डी एस, पी.के. सिंह अधिशासी अभियंता यूपी सीएलडीएफ, सतेंद्र विशेन सिंह परियोजना प्रबंधक यूपी आरएनएसएस, मनोज कुमार शर्मा अधिशासी अभियंता यूपी पावर कारपोरेशन लिमिटेड, मनोज कुमार अधिशासी अभियंता आवास विकास, हरिओम श्रीवास्तव अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जगपाल वर्मा अधीक्षण अभियंता यूपी एसआई डीसीओ एवं उमेश कुमार अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड दो शामिल हैं।जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से कहा कि जनपद में संचालित सभी योजनाओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# एसडीएम की त्वरित कार्रवाई से सरकारी भूमि हुई कब्जा मुक्त

**जनसुनवाई में प्राप्त हुई शिकायत का तत्काल हुआ निस्तारण**

**एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने राजस्व टीम को मौके पर भेज कर हटवाया कब्ज़ा**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच । उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की जनसुनवाई में ग्राम खटीकन, परगना चर्दा, तहसील नानपारा निवासी सफीकन पुत्री घसीटे द्वारा इस आशय की शिकायत की गई कि गाटा संख्या 323, रकबा 0.111 हेक्टेयर भूमि, जो कि राजस्व अभिलेखों में नवीन परती के नाम दर्ज (सरकारी भूमि) है, उस पर ग्राम निवासी मेंराज पुत्र मकबूल द्वारा पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा किया जा रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तत्काल राजस्व टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई। राजस्व टीम की जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर सरकारी भूमि पर किए जा रहे अवैध कब्जे को ध्वस्त करवा दिया गया और सरकारी जमीन से अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया गया तथा भूमि को कब्जा मुक्त कराकर पुनः सरकारी अभिलेखों के अनुसार सुरक्षित कराया गया। उप जिलाधिकारी श्रीमती जौहरी ने बताया कि तहसील क्षेत्र अन्तर्गत सरकारी भूमि, चकमार्ग अथवा सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों के संज्ञान में आने पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई अमल में लायी जाय।

## उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर 09 दिवसीय समारोह का हुआ शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### आडिटोरिम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

बहराइच । माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अपने 9 वर्ष पूर्ण होने पर ल्लउत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्षङ्क के रूप में 09 दिवसीय समारोह का आयोजन कर रही है। उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में आयोजित होने वाले 18 से 26 मार्च 2026 तक 09 दिवसीय समारोह का शुभारम्भ विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अतिथियों तथा अधिकारियों के साथ मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर मैट्रो एकेडमी की ओर गणेश वन्दना व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। उत्थान आडिटोरियम में आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित समारोह का सजीव प्रसारण किया गया



जिसे मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा आमजन द्वारा देखा व सुना गया। समारोह के दौरान मा. जनप्रतिनिधियों व अतिथियों को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान प्रदेष की 09 वर्ष उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था, निवेश, बुनियादी ढांचे, कृषि, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और तकनीक आधारित सुशासन के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। उत्तर प्रदेश आज भयमुक्त, निवेश अनुकूल और तेज़ी से विकसित होने वाला राज्य बन चुका है। हमारी सरकार में बेटियों के सम्मान के लिए बेटी पढ़ाओं, बेटी बचाओं योजनान्तर्गत बेटियों के जन्म से लेकर उनकी पढ़ाई तक का पैसा दिया जा रहा है। प्रदेश में गरीब, निर्धन, असहाय परिवारों की बेटियों के लिए सामुहिक विवाह अन्तर्गत 01 लाख रूपये की सहायता प्रदान की जा रही है। महिला सुरक्षा और सम्मान के दृष्टिगत मिशन शक्ति, महिला हेल्पलाइन 181, वीमेन पावर लाइन 1090, एंटी रोमियो स्क्वायड और महिला बीट पुलिसिंग के माध्यम से महिला सुरक्षा को मजबूत किया गया है। 19,839 महिला पुलिसकर्मियों की नियुक्ति की गई और 9,172 महिला बीटों का गठन किया गया। महिला एवं बाल अपराधों के निस्तारण में 98.90 प्रतिशत निस्तारण दर के साथ उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल है। सांस्कृतिक पुनर्जागरण और पर्यटन के क्षेत्र में मा. प्रधानमंत्री एवं मा. मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, चित्रकूट और नैमिषारण्य जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों का व्यापक विकास किया गया है। वर्ष 2025 में प्रदेश में 1 अरब 56 करोड़ से अधिक पर्यटक आए, जिससे उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटक आगमन में देश में प्रथम स्थान पर रहा। अयोध्या दीपोत्सव में 26 लाख से अधिक दीप जलाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर और अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण ने प्रदेश को वैश्विक धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाया है।

# बिलसंडा चेयरमैन डीके गुप्ता पर कसा कानूनी शिकंजा

**गाली-गलौज और धमकी का मुकदमा दर्ज**

**डीके गुप्ता की पहले रुरिया-धुरिया में हुई फजीहत,**

**फिर युवक को दी धमकी मुकदमा दर्ज**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जनपद की बिलसंडा नगर पंचायत के चेयरमैन डीके गुप्ता इन दिनों लगातार विवादों के केंद्र में बने हुए हैं। एक के बाद एक मामलों में उलझते चेयरमैन पर अब गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज हो गया है। बिलसंडा थाना क्षेत्र का चर्चित रुरिया-धुरिया कांड,थाना क्षेत्र के गांव रुरिया-धुरिया में नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता और ग्राम प्रधान कालीचरण के बीच विवाद हुआ था। बताया जाता है कि समझौता कराने गए चेयरमैन डीके गुप्ता और उनके साथियों की ग्रामीणों से जमकर झड़प हो गई, जिसमें उनकी स्कॉर्पियो का शीशा भी तोड़ा गया। किसी तरह जान बचाकर भागे चेयरमैन की यह घटना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। दोनों पक्षों की ओर से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घटना के अगले दिन सफाई कर्मियों की हड़ताल का नाटक,रुरिया-धुरिया कांड के अगले ही दिन शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता के इशारे पर सभी सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले गए । और थाना गेट पर धरना देकर प्रधान कालीचरण की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इस पर पूर्व चेयरमैन व विपक्षी नेता अटल सिंह जायसवाल ने फ़ेसबुक पर पोस्ट कर सफाई कर्मियों की हड़ताल को गलत और व्यक्तिगत रंजिश करार दिया।फ़ेसबुक पर की गई पोस्ट पर कमेंट पड़ा महंगा चेयरमैन डीके गुप्ता ने दी जान से मारने की धमकी इसी पोस्ट पर स्थानीय युवक व पत्रकार संतोष वर्मा ने कमेंट किया ''दाल में काला नहीं, पूरी दाल ही काली है।बस यही कमेंट चेयरमैन डीके गुप्ता को नागवार गुजरा। आरोप है कि बौखलाए चेयरमैन ने संतोष वर्मा को फोन कर अभद्र भाषा में गाली-गलौज की और घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी।इतना ही नहीं, एक पखवाड़ा पूर्व डीके गुप्ता दो दर्जन साथियों के साथ संतोष वर्मा के घर पहुँचकर दबंगई का प्रदर्शन किया, जिससे उनके बच्चे भी भयभीत हो गए।10 दिन तक पुलिस की चुप्पी फिर भूख हड़ताल का डर संतोष वर्मा ने थाना पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई लेकिन कई दिनों तक रिपोर्ट तक दर्ज नहीं हुई।अंतत पत्रकार रक्षक एकता सुरक्षा संघ के पदाधिकारियों ने 17 मार्च को थाना गेट पर भूख हड़ताल की चेतावनी दी और तब जाकर पुलिस हरकत में आई।

घटना के 10 दिन बाद अर्धरात्रि में नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया। अब चारों तरफ चर्चा नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता परकेस दर्ज होने के बाद नगर की गलियों में तरह-तरह की चर्चाएँ गर्म हैं। लोगों का कहना है कि संवैधानिक पद पर बैठे होने के बावजूद चेयरमैन द्वारा इस तरह की भाषा और व्यवहार ने उनकी छवि पूरे जनपद में धूमिल कर दी है।नगर के गलियारों में चर्चा है कि चेयरमैन साहब ने जैसे पूरे जमाने का ठेका ले रखा है।मामले की जाँच जारी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गहनता पूर्वक छानबीन शुरू कर दी है। गाली-गलौज का ऑडियो भी वायरल हो चुका है जो मामले में अहम सबूत माना जा रहा है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने उद्यान परिसर में साफ-सफाई कर किया श्रमदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत।उपाधि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के एक दिवसीय शिविर के पहले दिन स्वयंसेविकाओं ने मां सरस्वती की वंदना की तथा राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत उद्यान परिसर में साफ सफाई कर श्रमदान किया। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने उद्यान परिसर में झाड़ू लगा कर कचरा एकत्रित कर कूड़ेदान में डालने का कार्य किया।इस कार्य में याशिता, राधा,आन्या ,प्रतीक्षा यादव आदि भूमिका निभाई है।कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर कविता कनौजिया ने सभी स्वयंसेविकाओं को जन जागरूकता फैलाने का टास्क दिया और सभी ने प्रतिदिन एक अच्छा काम करने का संकल्प लिया है।डॉक्टर शेफाली सक्सेना ने सभी को निरंतर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर कविता कनौजिया ने किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वयंसेविकाओं में अक्षरा,मुस्कान बिष्ट, स्वाति, प्राची आदि ने साफ सफाई से संबंधित अपने विचार प्रस्तुत किए है।

# डाकघर में बम की सूचना से हड़कंप

**जांच में निकली अफवाह अधिकारियों ने ली राहत की सांस**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जिले के प्रधान डाकघर में बुधवार दोपहर बम रखे होने की सूचना से अचानक हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया और मौके पर बम निरोधक दस्ता व डॉग स्क्वायड को बुलाकर सघन जांच अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार, करीब 11 बजे डाकघर में बम की धमकी भरा मेल मिलने के बाद डाकघर परिसर को एहतियातन खाली करा लिया गया। इस दौरान पासपोर्ट सेवा केंद्र के कर्मचारियों समेत अन्य स्टाफ को भी बाहर निकाल दिया गया। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को अपने कब्जे में लेकर डाकघर के अंदर और बाहर गहन तलाशी ली। करीब आधे घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के दौरान डाकघर के प्रत्येक कमरे, बिल्डिंग और परिसर की बारीकी से जांच की गई। इस बीच मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। हालांकि, विस्तृत जांच के बाद कहीं भी कोई संदिग्ध या आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। पुलिस अधिकारियों ने राहत की सांस लेते हुए बताया कि यह सूचना अफवाह साबित हुई है। पोस्टमास्टर सुरेंद्र कुमार चौबे ने बताया कि उन्हें ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अब इस फर्जी मेल भेजने वाले की तलाश में जुटी हुई है और मामले की जांच जारी है। फिलहाल स्थिति पूरी तरह सामान्य है और डाकघर का कार्य फिर से शुरू कर दिया गया है।

# उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित सभासद ने जिलाधिकारी से की भेंट




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश चौहान ने पांच नामित सभासदों को साथ जिलाधिकारी से भेंट की हैं।आगामी 23 मार्च को नगर पालिका परिषद में होगी शपथ ग्रहण कार्यक्रम जिलाधिकारी ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि समाज हित में आप नये कीर्तिमान स्थापित करें। इस मौके पर नामित सभासद स्वतन्त्र देवल जिला मीडिया प्रभारी भाजपा, नितिन सक्सेना,पंकज तिवारी,प्रिंस प्यारेलाल लोधी,प्रतीक अग्रवाल टिन्नी उपस्थित रहे हैं।

## रहस्यमयी धुएं से हड़कंप रातभर परेशान रहे ग्रामीण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां में मंगलवार रात अचानक धुआं फैलने से लोगों की रातभर नींद उड़ा दी। रात करीब दस बजे से ही पूरे गांव में धुएं की चादर छा गई, जिससे सांस लेना मुश्किल हो गया। खासतौर पर हार्ट के मरीजों, बुजुर्गों और बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार, धुआं किसी अज्ञात स्रोत से लगातार उठता रहा। इसके चलते लोग रातभर गांव और मुझा रोड सहित आसपास के इलाकों में धुएं के स्रोत की तलाश करते रहे, लेकिन कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी। मामले की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल और पुलिस को दी गई, लेकिन देर रात तक धुएं के कारणों का पता नहीं चल सका।

## चित्रांश महासभा ने शासन द्वारा नामित सभासद को किया सम्मानित

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। चित्रांश सभा ने उत्तर प्रदेश शासन द्वारा द्वारा नामित नवनियुक्त सभासद मयंक सक्सेना के आवास पर पहुंच कर उनको सम्मानित किया गया हैं। सम्मानित करने वालों में मुख्य रूप से सुनील कुमार सक्सेना पूर्व सभासद, प्रभात सक्सैना एडवोकेट, धीरज प्रधान एडवोकेट, रजत सक्सेना, मोहन प्रधान, हर्ष प्रधान नगर अध्यक्ष भाजपा, सौरव सक्सेना सभासद, प्रतीक सक्सेना, नितिन सक्सेना एडवोकेट, राहुल सक्सेना एडवोकेट, तुषार सक्सेना सहित अन्य कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

## कृषि भूमि के नाम पर करोड़ों की ठगी का आरोप एसपी से शिकायत

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में कृषि भूमि खरीद के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। बदायूं जनपद के ग्राम कोट निवासी अनिकेत सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि सरताज सिंह, रूपेंद्र कौर सहित अन्य आरोपियों ने अभयपुर माधौपुर स्थित 13.82 एकड़ कृषि भूमि का सौदा कर करीब 1.29 करोड़ रुपये बैंक के माध्यम से तथा 61 लाख रुपये नकद ले लिए। विक्रय पत्र पर हस्ताक्षर भी करा लिए गए, लेकिन बाद में बैनामा पंजीकृत नहीं कराया गया। आरोपियों ने टालमटोल करते हुए 11 दिसंबर 2025 को उक्त भूमि किसी अन्य व्यक्ति के नाम कर दी। पीड़ित का कहना है कि कई माह बीतने के बाद भी न तो जमीन मिली और न ही रकम वापस की गई। मामले में साक्ष्य के रूप में बातचीत की रिकॉर्डिंग भी होने का दावा किया गया है। मामले में पुलिस से शिकायत की पर कार्रवाई नहीं हो सकी थी। पीड़ित ने एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी पुलिस ने मामले में सरताज सिंह,रूपेन्दर कौर, कवरपाल सिंह, गुरप्रीत सिंह,कुलवन्त सिंह और निशान सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## दवाओं की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ यूपीएमएसआरए का प्रदर्शन, एनपीपीए को सौंपा ज्ञापन

**सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दवाओं की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर आज उत्तर प्रदेश मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने शाखा अध्यक्ष सर्वेश अग्रहरि के नेतृत्व में नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी के चेयरमैन को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट कर्म सिंह के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि हाल के समय में आवश्यक एवं जीवनरक्षक दवाओं के दामों में बेतहाशा वृद्धि हुई है, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। संगठन ने आरोप लगाया कि दवा कंपनियां मूल्य नियंत्रण के नियमों की अनदेखी कर मनमाने तरीके से कीमतें बढ़ा रही हैं, जो कि गंभीर चिंता का विषय है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि दवाओं के मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता लाई जाए, अनियंत्रित मूल्य वृद्धि पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा आवश्यक दवाओं को सख्ती से मूल्य नियंत्रण के दायरे में रखा जाए।

इस अवसर पर संदीप कुमार तिवारी (केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य) ने कहा कि दवाओं की कीमतों में इस प्रकार की अनियंत्रित वृद्धि सीधे तौर पर आम जनता के स्वास्थ्य के अधिकार पर हमला है। सरकार और एनपीपीए को इस पर तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए, अन्यथा संगठन व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के शैलेन्द्र सिंह, अभिषेक मिश्रा, इंदर वर्मा समेत कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस ने चौहत्तर ग्राम स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

तिलोई अमेठी **कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मोहनगंज पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करते हुये एक युवक को चौहत्तर ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत गुरुवार को थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान मेराज अहमद पुत्र रियाज अहमद निवासी ग्राम भेलाई कला थाना मोहनगंज को चौहत्तर ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## पुलिस ने अंतर्जनपदीय बदमाश को तमंचे के साथ भेजा जेल

अमेठी **कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जगदीशपुर पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक अन्तर्जनपदीय बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी में वांछित मुसर्रफ उर्फ ननकू पुत्र सत्तार निवासी मोहल्ला लोहिया वार्ड मदीना मस्जिद कस्बा व थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी उम्र करीब तीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पुलिस द्वारा गिरफ्तार युवक एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद लखनऊ व अमेठी में चोरी, जालसाजी व धोखाधड़ी आदि विभिन्न धाराओं में कुल नौ अभियोग पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पकड़े गये बदमाश के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# बाइक सवार युवक को रोडवेज बस ने मारी टक्कर, मौत




कैनविज टाइम्स संवाददाता

**लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के मुरली नहर के समीप वाराणसी टू लखनऊ हाईवे पर हुई घटना**

लंभुआ/सुल्तानपुर। रोडवेज बस में बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, गंभीर रूप से घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस 108 की मदद से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ पहुंचाया गया जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करने में लगी हुई है। मामला लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के मुरली नहर के समीप वाराणसी टू लखनऊ हाईवे पर हुई, जहां वाराणसी से लखनऊ की तरफ जा रही रोडवेज बस ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ पहुंचाया गया। जहां मृतक किशोर को कब्जे में लेकर पुलिस विधि कार्रवाई कर रही है। युवक की पहचान रमेश मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा निवासी ग्राम सैतापुर सराय थाना लंभुआ जनपद सुल्तानपुर के रूप में हुई।

# किसान दिवस का बहिष्कार, केवीके मुख्यालय पर किसानों का धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। आज केवीके (कृषि विज्ञान केंद्र) मुख्यालय पर आयोजित किसान दिवस कार्यक्रम का किसानों ने जोरदार बहिष्कार कर दिया। जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस ओम प्रकाश सिंह की अगुवाई में किसानों ने कार्यक्रम में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया और विरोध जताया। किसानों का आरोप है कि कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति से उनकी समस्याओं को नजरअंदाज किया गया, जिससे उनमें भारी नाराजगी फैल गई। नाराज किसानों ने किसान दिवस का बहिष्कार करते हुए केवीके मुख्यालय के गेट पर ही धरना शुरू कर दिया। धरने पर बैठे किसानों ने कहा कि जब तक उनकी समस्याओं को सुनने के लिए जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं होंगे, तब तक इस तरह के कार्यक्रमों का कोई औचित्य नहीं है। किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की और जल्द समाधान की मांग की। इस दौरान जिला अध्यक्ष हृदय राम वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जगदीश चौरसिया, जगदीश सिंह, रामप्रकाश सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, अफसर अली, विजयपाल, राम भारत गॉड, वेद प्रकाश सिंह, राम तीरथ मिश्रा सहित अन्य किसान एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। मौके पर मौजूद किसानों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है, जिससे वे आंदोलन के लिए मजबूर हैं। स्थिति को देखते हुए प्रशासन की ओर से किसानों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं।उसके बाद समस्त किसानों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया और उनसे बार्ता हुई की किसान दिवस की अध्यक्षता आप करेंगे और किसान दिवस विकास भवन के प्रेरणा सभागार मे होना चाहिए जिसको सुनने के बाद बार्ता हेतु कल 11बजे का समय दिया हैं।

# समाज का उत्थान और विकास शिक्षित व्यक्ति से ही संभव : मुन्ना सिंह

**ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी में ब्लाक प्रमुख ने शिक्षा की गुणवत्ता के साथ अभिवावकों से सम्पर्क करने पर जोर दिया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । शिक्षक समाज को नई दिशा प्रदान करता है और शिक्षित व्यक्ति क्षेत्र के साथ ही समाज का विकास और उत्थान कर सकता है इसलिये आज के बदलते परिवेश में शिक्षा बहुत जरुरी है और परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक निष्ठा लगन और ईमानदारी से कार्य कर विद्यालय के साथ ही साथ बच्चों को भी सजाने और संवारने का कार्य करें।यह बात ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने ब्लाक संसाधन केंद्र सिंहपुर के प्रांगण में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में कही। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि कायाकल्प के साथ ही अन्य योजनाओं के तहत परिषदीय विद्यालयों को जनप्रतिनिधियों द्वारा सजाया गया है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी विद्यालय में कोई समस्या आ रही है तो वहां का प्रधानाध्यापक हमसे अपनी बात कह सकता है उसकी समस्या चौबीस घण्टे में निस्तारित करने का प्रयास करुंगा।सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कहा कि क्षेत्र के समस्त परिषदीय विद्यालयों में शीतल पेयजल के लिये वाटर कूलर लगाये गये है जिन विद्यालयों में वाटर कूलर खराब है उनको चिन्हित कर मरम्मत कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय तक आवागमन के लिये मार्ग और जल निकासी के लिये नाली का निर्माण कराया जा रहा है।खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि निपुण आकलन में सिंहपुर ब्लाक ने जनपद में तीसरा स्थान हासिल किया है।ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने पर जेहटा उसरहा, सातनपुरवा, टेढ़ई, सराय माधव, फत्तेपुर,पन्हौना, भीखीपुर, रतवलिया मंझार, खरगपुर, टिकरी सहित अन्य कई गांवों के ग्राम प्रधान को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि व खण्ड शिक्षा अधिकारी अंगवस्त भेंटकर स्वागत किया। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि द्वारा आगामी इकतीस मार्च को रिटायर्ड होने वाली शिक्षिका राम संवारी शुक्ला, पुष्पलता मिश्रा ने श्रीराम चरित मानस और अंगवस्त्र भेंट किया। अतिथियों ने टीएलएम प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुये कम्पोजिट विद्यालय सिंहपुर में मरम्मत कार्य का फीता काटकर लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन सिंह भदौरिया ने की। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन अनुज शुक्ला एवं ओंकार पाण्डेय ने किया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी कमलेश यादव,भाजपा नेता धर्मेश मिश्रा, कौशलेंद्र सिंह, गौरव श्रीवास्तव, आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, रिंकू सिंह,अनुराग मिश्रा, मिंटू सिंह,सत्येंद्र तिवारी, श्याम बहादुर सिंह, रविकांत श्रीवास्तव, दीपिका अवस्थी, जयश्री सैनी, उबैद अहमद, राशिद खान, दिलीप शुक्ला, मोहम्मद अनीस, आशुतोष शुक्ला, मनोज कुमार शुक्ला, नवनीत त्रिवेदी, ध्रुवराज पासी, प्रदीप जायसवाल, सतीश गौतम,धर्मेंद्र सिंह, जितेन्द्र नाथ त्रिवेदी, बद्री नाथ यादव, अशरफ नवाज, देवेन्द्र पटेल,आलोक शुक्ला, शेखर द्विवेदी, आशीष गुप्ता, सचिन चौरसिया, सरिता शुक्ला, बीना यादव, दीप शिखा, रुचि बाजपेई, मोनिका सिंह, रिमझिम सिंह, निधि उपाध्याय, चंदा त्रिवेदी, जया त्रिपाठी सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधान व प्रबंध समिति अध्यक्ष मौजूद रहे।

## ब्लॉक सभागार में 'नवनिर्माण: 9 वर्ष संकल्प से सिद्धि' कार्यक्रम आयोजित उपस्थित रहे विधायक एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह

पूरनपुर। ब्लॉक सभागार में 'नवनिर्माण: 9 वर्ष संकल्प से सिद्धि, सुरक्षा, सुशासन और समृद्धि' विषय पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धियों को विस्तार से बताते हुए कहा कि सरकार ने हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं से समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने सुरक्षा, सुशासन और विकास को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं।

## सम्पादकीय

# कम नहीं होतीं अमेरिकी बाधाएं

विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहलाने वाला अमेरिका इसके अलावा भी कई कारणों से पहचाना जाता है। दूसरे वर्ल्ड वॉर के बाद से सुदृढ़ होती उसकी आर्थिक व्यवस्था ने उसे अत्यधिक मजबूत बनाया। अपने प्राकृतिक संसाधनों के बूते उसने विश्व बाजार में दावेदारी पक्की कर ली। आज अमेरिकी डॉलर के दबदबे और सैन्य शक्ति के प्रभाव में उसका जवाब नहीं। कमोबेश यही स्थिति इजराइल की है, जो अपनी कुशल आधुनिक सेनाओं और खुफिया एजेंसी मोशाद के लिए प्रसिद्ध है। किसी भी आपात स्थिति से मुकाबले के लिए यहां आम नागरिकों के लिए भी सैन्य प्रशिक्षण इस देश को विशेष बनाता है। दुनिया की ऐसी दो बड़ी ताकतें एक साथ मिलकर लंबे समय से कई तरह के प्रतिबंध झेल रहे ईरान पर हमला करें, तो सहज परिणाम की कल्पना की जा रही थी। युद्ध के खिंचते चले जाने से यह धारणा टूटने लगी कि सोवियत संघ के बिखराव के बाद विश्व अमेरिका के पीछे एकध्रुवीय हो गया है। ईरान के साथ युद्ध के 14 वें-15वें दिन अमेरिका ने खुद दुनिया के देशों से एक अपील कर इस धारणा को खत्म कर दिया कि वह किसी से भी अकेले लड़ने में सक्षम है। राष्ट्रपति ट्रंप की इस अपील में अमेरिका की लाचारी झलकने लगी कि साथी देश होर्मुज जलडमरू क्षेत्र को खुला, सुरक्षित और स्वतंत्र बनाने में सहयोग करें। ईरान के साथ इजराइल और अमेरिका के संघर्ष के चलते इस क्षेत्र से तेल और गैस आपूर्ति रुक गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर ट्रंप ने इस तरह की अपील ब्रिटेन, जापान, दक्षिण कोरिया सहित चीन से भी कर डाली। यह अपील ऐसे समय आई, जब कहा जा रहा था कि ईरान के पीछे चीन भी कई तरीकों से खड़ा है। अमेरिका की बौखलाहट को उसकी ओर से ईरान के खार्ग द्वीप पर किए हमले से समझा जा सकता है। ईरान के तेल का करीब 90 फीसद यहीं से निर्यात होता है। ईरान ने दावा किया कि अमेरिका हमले में तेल के बुनियादी ढांचे पर फर्क नहीं पड़ा। देखने की बात है कि इस हमले का वैश्विक तेल बाजार पर कितना असर होगा। भले तेल के बुनियादी ढांचे पर फर्क न पड़े, पर सैन्य तनाव तेल आपूर्ति में बाधक ही होगा। दो हफ्ते से भी अधिक समय तक ईरान भी अमेरिकी और इजराइली हमलों का माकूल जवाब देता हुआ लगा। उन खाड़ी देशों में भी हमले हुए जहां अमेरिका ने अपने सैन्य अड्डे बना रखे हैं। कतर, कुवैत, सऊदी अरब, यूएई और बहरीन में मिसाइल, ड्रोन या इंटरसेप्शन के मामले दिखे। इन देशों ने सुरक्षात्मक स्थिति बनाए रखना सही समझा। समय के साथ उनका अमेरिका पर भरोसा खत्म हो जाए तो इसमें आश्चर्य नहीं। अपनी दुर्गति देख अमेरिका ईरान से वापसी का फैसला कर ले, तो यह आश्चर्य की बात नहीं होगी। वेनेजुएला में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर अमेरिका ले आना लोगों को याद है। इस ताजा घटना के बाद मानवाधिकारों के उल्लंघन, हत्याओं के दोषी और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे मामलों में निकोलस पर अमेरिका में ही मुकदमा चल रहा है। उनकी पत्नी पर मादुरो को सहयोग करने के आरोप हैं। दोनों को किस तरह की सजा मिल सकती है, इस पर वर्ल्ड मीडिया को कोई शक नहीं है। यह जरूर है कि अमेरिका अब भारत सहित कई देशों को वेनेजुएला से तेल खरीदवाने की नीति पर काम कर रहा है। रूस से तेल लेने की कथित छूट की उसने समय सीमा तय करने का दावा किया। अब ईरान पर हमले में इजराइल के साथ उतरने का अमेरिकी मकसद भी आर्थिक अधिक है। हालांकि उसे वेनेजुएला जैसी सफलता नहीं मिल सकी है। दुनिया में अमेरिका के कुछ प्रमुख सैन्य अभियान पहले भी असफल हो चुके हैं अथवा उसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं। इराक का मामला लोगों के जेहन से शायद उतर गया हो। वर्ष 2003 में इराक में उसके दखल से बाथ पार्टी की सरकार जरूर गिर गई। तीन साल के अंतराल पर 2006 में बगदाद के उत्तरी उपनगर काजिमैन के इराकी-अमेरिकी संयुक्त सैन्य अड्डे 'कैंप जस्टिस' में सद्दाम हुसैन को फांसी दे दी गई थी। इसके बावजूद सब कुछ अमेरिका के अनुकूल नहीं रहा।

# संभावना के महासागर का मंथन

(नव संवत्सर गुड़ी पड़वा पर विशेष)

**समय के उसी महावैभवी पथ पर एक तरफ जहां फूलों की सौंदर्य सुरभि समाई है, वहीं कंटक भी बिखरे पड़े हैं। यह वही पथ है जो एकबारगी हमें लहूलुहान कर देता है, किंतु संभावनाओं का अनन्त सागर भी तो वहीं से आकार ग्रहण करता है। यही है वह अरण्यपथ जो कठिन है, किंतु असीम संभावनाओं एवं उपलब्धियों से युक्त भी है। शायद यही है वह उपलब्धियो से ओतप्रोत रास्ता जिस पर चलते हुए दुविधाओं की सड़ांध समाप्त हो जाती है, और उद्देश्य पूर्ण यात्रा के फूल खिलते हुए दिखाई देते हैं, किंतु हमें यह समझना होगा कि यात्रा की इस सुख सुरभि में कांटों की वेदना भी समाई होती है, इसलिए प्रत्येक कदम सम्हाल कर रखने की जरूरत पेश आती है, क्योंकि कठिन कंटकाकीर्ण मार्ग को, अरण्यपथ को चुन लिया है जिसने, परीक्षाओं के सिलसिले उसके समक्ष कतारबद्ध खड़े नजर आते ही हैं। सफलताओं के ये आसान से लगने वाले रास्ते परीक्षाओं की वह पूर्व दिशा है, जिसे बादलों ने आच्छादित कर रखा है, किंतु सतत प्रयासों रुपी पुरुषार्थ उन्हें छिन्न भिन्न कर देता है, ओर सफलता रुपी स्वर्णिम प्रभात की नूतन रश्मियां प्रस्फुटित हो ही जाती है। कठिनाइयों के उन बेतरतीब सिलसिलों से होकर ही सफलताओं के महाद्वार खुलते हैं। यही है, वह दिव्यतम सुख की अनुभूति का महाद्वार, जहां से आसमानी बुलंदियां हमारे स्वागत समारंभ हेतु तत्पर दिखाई देती है। यही है वह चिरंतन शाश्वत सत्य के अनुसंधान का पथ जहां पर आगे बढ़ जाने पर फिर होकर भी नहीं होने की विराट संभावनाएं दस्तक देने लगती है। यही है वह अमृत का महाकोश, युग युगान्तर से जिसे हम खोजते आए हैं, और जिसकी छत्रछाया ने अनगिनत मानवों को महामानव के रूप में स्थापित कर दिया है।**

हमारी गौरवमयी एवं समृद्ध सनातन सांस्कृति परंपरा के महान पर्व गुड़ी पड़वा, हिंदू नववर्ष पर सब तरफ हर्षोल्लास का वातावरण निर्मित होता हुआ दिखाई देता है। नववर्ष आगमन में प्रकृति ने नूतन साज शृंगार कर लिया है, चन्द्रमा की ओजपूर्ण किरणें वनस्पति जगत सहित हमारे तन मन को आप्लावित करने लगी है, कहीं किसी वृक्ष पर बैठी कोयल मीठे स्वरों में कुहुकने लगी है, गुलाब मोगरा, चमेली, आम, नीम, महुआ की मदमय सुगंध सुरभि जीवन को नई ऊर्ज़ा, नई चेतना एवं नया आयाम देने लगी है, किंशुक सुमन ने अपने मनभावन ओर आग उगलते रंग से हमारे मनोभावों को उद्दीप्त कर दिया है और अमलतास एवं गुलमोहर का उन्मादित सौंदर्य सिर चढ़कर बोलने लगा है। नियति के ऐसे मनमोहक परिदृश्य को निहारते हुए अरण्य निवासी योवनाओं के प्रणय गीतों का गुंजायमान मद्धिम स्वर भी सुनाई देने लगा है। ऐसे रसमय वातावरण में लगता है कि सनातन संस्कृति के प्रतीक नव संवत्सर के स्वागत हेतु नियति नटी ने अपना वैभव लुटाना शुरू कर दिया है। अतः प्रकृति की इस वैभवी कृपा को प्रणाम करते हुए, नव संवत्सर २०८३ का हर्षोल्लास पूर्वक स्वागत अभिनन्दन किया जाना चाहिए।

उत्सव प्रधान हमारे देश में उत्सवी दिनों को पूरी जिंदादिली से मनाया जाता रहा है, और चूंकि हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा हमारी गौरवमयी एवं समृद्ध सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व है, इसलिए गुड़ी पड़वा पर हमारी उत्सव धर्मिता की अभिव्यक्ति भी स्वाभाविक ही है। हिंदू नववर्ष के शानदार आगाज से अंतर्मन आनंद की उन्मादकारी सीमाओं को छू लेने को आतुर है, ऐसे रंगारंग उत्सवी माहौल में हमारी सांस्कृतिक परंपराएं भी हमें अपने महाभावों को अभिव्यक्त करने हेतु प्रेरित करती है। अतः महान आध्यात्मिक वैभव से युक्त पंचाक्षर ''नमः शिवाय'' और सनातन आध्यात्मिक संस्कृति के महानतम वंदनीय वाक्यों ''जय श्री राम'' और जय श्री ''कृष्ण'' के महाबोधि संबोधन से हम समवेत स्वरों में सनातन संस्कृति के महापर्व नववर्ष २०८३ गुड़ी पड़वा का स्वागत अभिनन्दन करते हुए नववर्ष के आगमन पर विश्व में शांति और सभी प्राणियों के कल्याण के निमित्त अति प्रासंगिक एवं समीचीन यह शुभमङ्गलकामना करते हैं, कि ''सभी सुखी हों, सभी निरोगी हों, सभी का जीवन मंगलमय हो, और किसी को भी कोई दुःख न हो।''

सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः,सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चित दुःख भागभवेत।''

गुड़ी पड़वा से आरंभ नव संवत्सर संपूर्ण विश्व के लिए सुख समृद्धि दायक, अहिंसा, शांति और सौहार्द का संदेश वाहक तथा वैभव कारक होगा और हम जीवन में सर्वोच्च सफलताओं की और अपने कदम बढ़ाते हुए अविरल गति से निरंतर आगे बढ़ते जाएंगे।

जीवन में सर्वोच्चता की और बढ़ने की यह संकल्प शक्ति ही यकीनन हमें एक बेहतर कल की तरफ ले जाती है, जहां से उत्कर्ष का मार्ग प्रशस्त होता है, और उस मार्ग पर चलते हुए हम अपनी मंजिल तक पहुंचने में कामयाब हो सकते है, किंतु जीवनपथ में आने वाली वास्तविकताओं को भी हम नहीं नकार सकते, इसलिए उन्हें दृष्टिगत रखते हुए ही हमें अपने उद्देश्य प्राप्ति की दिशा में अग्रसर होना है।

जीवन के आलोक पथ पर अग्रसर होते हुए मानसिक स्तर पर चाहे हम सागर की अनंत गहराइयों को पा जाएं अथवा विंध्याचल की शैल शृंखलाओं को अपनी फौलादी बांहों में भर लें, किंतु वास्तविकताओं की विराटता भी हमें बार बार अपनी जमीनी हकीकत बताती ही रहती है, ऐसे में जीवन की वास्तविकताओं से रूबरु होते हुए एवं एक एक दिन के मैदानी अनुभव से ही श्रेष्ठता के आयामों को छुआ जा सकता है। महान् उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु उठे कदम अंततः अपनी मंजिल पर पहुंच ही जाते हैं, किंतु जीवन पथ पर आगे बढ़ते हुए हमें यह समझना होगा कि रास्ते कभी भी सीधे सपाट नहीं हुआ करते हैं, इसलिए कठिन रास्तों से गुजरने की क्षमताएं भी हमें पहले ही विकसित करनी होगी, साथ ही हौसलों की बुलंदियों को बरकरार रखना होगा, क्योंकि एक वह हौसला ही तो है, जो भूतकाल की असफलताओं को नई सफलताओं में तब्दील कर देता है, और एक मुकम्मल जहां हमारे हाथों में सौंप देता है।




जीवन में आगे बढ़ते हुए कदाचित ऐसे से मोड़ भी आते हैं जब धैर्य ही हमारा आदर्श मित्र साबित होता है, क्यौकि धैर्यहीनता ही एक ऐसी बेड़ी है, जो हमारे कदमों को बरबस ही थाम लेती है, तब दिखाई दे रही मंजिल भी सहसा ही दूर दिखाई देने लगती है, और तब उस गतिमान समय की परिधि में आबद्ध हम लोग सहसा ही विचलित हो कर नियति पर नाराज हो जाते हैं, और तब व्यथा की विपरीतता में कह उठते हैं कि एक एक क्षण पहाड़ बन गया है, और जब खुशी का अवसर मिलता है तो कहने लगते हैं कि समय कितना जल्दी व्यतीत हो गया, ऐसा लगता है कि जैसे बात आजकल की ही हो, किंतु वह क्षण न तो पहाड़ की मानिंद था, और न ही चींटी द्वारा ले जाए जा रहे एक महीन कण की तरह अतिलघु ही था, वक्त का वह कतरा परिंदे की तरह आसमान को अपने आगोश में भर लेने के कथित मानसिक भावों से युक्त भी नहीं था, वास्तविकताओं में हमने ही उसे अपने संकीर्ण सुख-दुःखों से, हानि लाभ से या फिर जय-पराजय से संयुक्त कर दिया था, शायद इसीलिए वह शुचि वक्त अच्छा या खराब नाम पा गया। दरअसल वह कालचक्र के परिक्रमा पथ का एक नन्हा सा हिस्सा था, समय का वह एक कतरा था, जिस पर दौड़ते हुए हम कभी उत्कर्ष पर पहुंचे थे, और वह भी समय का ही एक कतरा था, जिस पर चलते हुए कदाचित हम लड़खड़ाते हुए गिर पड़े थे, और तब उस गतिमान शुचि समय को हमारे ही द्वारा कई संज्ञाओं से विभूषित कर दिया गया था, जबकि समय के उसी प्रवाह ने अन्य अनगिनत लोगों को अमृत तत्व से अभिसिंचित भी किया। निश्चित तौर पर उस एक ही समय को देखने का हमारा नजरिया तात्कालिक लाभ हानि के अल्पकालिक प्रवाह से ही संयुक्त था, शायद इसीलिए अनुभूतियां भी पृथक पृथक रूप ग्रहण कर गईं।

समय के उसी महावैभवी पथ पर एक तरफ जहां फूलों की सौंदर्य सुरभि समाई है, वहीं कंटक भी बिखरे पड़े हैं। यह वही पथ है जो एकबारगी हमें लहूलुहान कर देता है, किंतु संभावनाओं का अनन्त सागर भी तो वहीं से आकार ग्रहण करता है। यही है वह अरण्यपथ जो कठिन है, किंतु असीम संभावनाओं एवं उपलब्धियों से युक्त भी है। शायद यही है वह उपलब्धियो से ओतप्रोत रास्ता जिस पर चलते हुए दुविधाओं की सड़ांध समाप्त हो जाती है, और उद्देश्य पूर्ण यात्रा के फूल खिलते हुए दिखाई देते हैं, किंतु हमें यह समझना होगा कि यात्रा की इस सुख सुरभि में कांटों की वेदना भी समाई होती है, इसलिए प्रत्येक कदम सम्हाल कर रखने की जरूरत पेश आती है, क्योंकि कठिन कंटकाकीर्ण मार्ग को, अरण्यपथ को चुन लिया है जिसने, परीक्षाओं के सिलसिले उसके समक्ष कतारबद्ध खड़े नजर आते ही हैं। सफलताओं के ये आसान से लगने वाले रास्ते परीक्षाओं की वह पूर्व दिशा है, जिसे बादलों ने आच्छादित कर रखा है, किंतु सतत प्रयासों रुपी पुरुषार्थ उन्हें छिन्न भिन्न कर देता है, ओर सफलता रुपी स्वर्णिम प्रभात की नूतन रश्मियां प्रस्फुटित हो ही जाती है। कठिनाइयों के उन बेतरतीब सिलसिलों से होकर ही सफलताओं के महाद्वार खुलते हैं। यही है, वह दिव्यतम सुख की अनुभूति का महाद्वार, जहां से आसमानी बुलंदियां हमारे स्वागत समारंभ हेतु तत्पर दिखाई देती है। यही है वह चिरंतन शाश्वत सत्य के अनुसंधान का पथ जहां पर आगे बढ़ जाने पर फिर होकर भी नहीं होने की विराट संभावनाएं दस्तक देने लगती है। यही है वह अमृत का महाकोश, युग युगान्तर से जिसे हम खोजते आए हैं, और जिसकी छत्रछाया ने अनगिनत मानवों को महामानव के रूप में स्थापित कर दिया है। आलोक पथ की ओर अग्रसर होते हुए तथा अपने कर्तव्य बोध, कर्मशीलता और राष्ट्र हित के महाभावों को सर्वोपरि स्थान प्रदान करते हुए हम पुनः नव संवत्सर 2083 का स्वागत अभिनन्दन करते हैं।

**डॉ. उमेश चन्द्र शर्मा**

# वैश्विक दबंगई देखने को लाचार संयुक्त राष्ट्र

**उमेश चतुर्वेदी**

ईरान के खिलाफ अमेरिकी-इजरायली कार्रवाई के बाद एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका और औचित्य दोनों पर सवाल उठा है। दिलचस्प यह है कि अमेरिका ने अतीत में जब भी ऐसी कार्रवाई की, उसने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों को लागू करने का बहाना बनाया। चूंकि मौजूदा अमेरिकी राष्ट्र डोनाल्ड ट्रंप अलबेले राजनेता हैं, उनके लिए नियम-कायदों और जगतगति से ज्यादा उनकी अपनी जुबान और सोच मायने रखत हैं। इसलिए ईरान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ की ओट लेने की औपचारिकता भी नहीं निभाई।

संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना का सबसे बड़ा कारण प्रथम विश्व युद्ध के बाद गठित लीग ऑफ नेशन्स की असफलता रही। अमेरिकी राष्ट्रपति वुडरो विल्सन की पहल पर प्रथम विश्व युद्ध के बाद 10 जनवरी 1920 को स्थापित लीग ऑफ नेशन्स पहला ऐसा अंतर्राष्ट्रीय संगठन था, जिसका मुख्य उद्देश्य कूटनीति और सामूहिक सुरक्षा के जरिए विश्व शांति बनाए रखना था। लीग ऑफ नेशन्स का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रों के बीच के विवादों को सुलझाना, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और वैश्विक स्तर पर निरस्त्रीकरण को अमली-जामा पहनाना रहा। लेकिन जिनेवा में स्थित वह संस्था ऐसा करने में पूरी तरह नाकाम रही। उसकी नाकामी के चलते जर्मनी और जापान ने विस्तारवादी नीतियां ना सिर्फ अपनाईं, बल्कि रोजाना नए-नए राष्ट्रों पर कब्जा और हमला करने लगे। इसके बाद जो हुआ, वह विश्व इतिहास के काले पन्नों में दर्ज है। बेशक लीग ऑफ नेशन्स को 20 अप्रैल 1946 को आधिकारिक रूप से भंग किया गया, लेकिन इसके पहले ही 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र की स्थापना कर दी गई। इसकी स्थापना के लिए बड़ा आधार जापान पर हुए अमेरिकी अणुबम हमले के बाद उपजी मानवीय त्रासदी रही। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को युद्ध की विभीषिका से बचाना और विश्व में शांति और सुरक्षा बनाए रखना था। लेकिन सवाल यह है कि क्या वह अपने इस प्राथमिक उद्देश्य में सफल है? इस पर चर्चा से पहले संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर ध्यान देना जरूरी है, जिसके अनुसार संयुक्त राष्ट्र का मुख्य उद्देश्य, दुनिया भर में शांति बनाए रखना और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान करना है। इसके साथ ही उसका एक और मकसद, राष्ट्रों के बीच समानता और आत्म-निर्णय के सिद्धांतों के आधार पर दोस्ताना संबंधों का विकास करना भी रहा है। संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में साफ लिखा है कि यह अंतरराष्ट्रीय संगठन बिना किसी जाति, लिंग, भाषा या धर्म के भेदभाव के पूरी दुनिया के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देगा। उसका मकसद, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय समस्याओं को हल करने के लिए राष्ट्रों के बीच सहयोग स्थापित करने के साथ ही, गरीबी दूर करने, भूख, बीमारी और निरक्षरता से लड़ने और प्राकृतिक आपदाओं के समय सहायता प्रदान करने के लिए कार्य करना भी है। इसके साथ ही उसकी भूमिका अंतरराष्ट्रीय संधियों और कानूनों के प्रति सम्मान बनाए रखने के लिए प्रयास करने की भी है। कह सकते हैं कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका ऐसे समन्वय केंद्र के रूप में कार्य करने की सोची गई, जिसके मंच पर विश्व के सभी राष्ट्र उसके साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर सकें। लेकिन सवाल यह है कि क्या संयुक्त राष्ट्र संघ ऐसा कर सका है? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र की हालत सड़क के किनारे बैठे उस असहाय व्यक्ति जैसी हो गई है, जो सड़क पर जारी मारपीट को असहाय भाव से टुकुर-टुकुर देखते को मजबूर रहता है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का सबसे प्रमुख उद्देशय युद्धों को रोकना है। लेकिन ना तो यह शीत युद्ध को रोक सका, ना ही मौजूदा दौर के संघर्षों को रोक पा रहा है। 1991 के खाड़ी युद्ध के लिए तो अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज बुश ने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव को ही बहाना बनाया था। 2001 में भी जार्ज बुश के बेटे जूनियर जार्ज बुश और तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने भी इराक और अफगानिस्तान पर हमले के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों और उसकी सेना की ओट ली थी। 1994 का रवांडा का नरसंहार हो या फिर 2011 में दक्षिण सूडान में हुआ गृहयुद्ध, 1995 में सर्ब सेना द्वारा बोस्निया में किया गया नरसंहार हो या फिर 2010 के दौरान हुई कथित अरब क्रांति की आड़ में हुई मध्य एशिया की हिंसा, किसी को भी रोकने में संयुक्त राष्ट्र अभियान सफल नहीं रहे। संयुक्त राष्ट्र का मंच राष्ट्रों के बीच संवाद बढ़ाने और विवादों को सुलझाने के बजाय,उनके बीच गाली-गलौज और आपसी आलोचना का केंद्रभर बनकर रह गया है। अभी संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख और ताकतवर अंगर सुरक्षा परिषद है। इसका गठन ही गैरबराबरी को बढ़ावा देने का बड़ा आधार बन गया है। इसमें तीन राष्ट्र ऐसे हैं, जो अक्सर अपने वीटो पॉवर का इस्तेमाल नकारात्मक तरीके से करते हैं।

## सेहत मंत्र

# महिलाओं के लिए बहुत खतरनाक है पेल्विक टीबी, गर्भधारण में आती है दिक्कत


टीबी बहुत ही खतरनाक और संवेदनशील बीमारी है। आज भारत की हालत यह है कि टीबी रोग एक गंभीर बीमारी का रूप लिए हुआ है जिसकी चपेट में हर साल लाखों लोग आते हैं। यह बीमारी इतनी घातक है कि एक बार होने पर शरीर के दूसरे भागों में भी संक्रमण फैलाती है। टीबी के कई प्रकार हैं, जिसमें पेल्विक ट्यूबरक्लोरसिस (टीबी) भी शामिल है। इस टीबी के होने का ज्यादा महिलाओं को ज्यादा होता है। रिपोर्ट बताती है कि महिलाओं को पेल्विक ट्यूबरक्लोरसिस होने पर उनकी गर्भधारण शक्ति प्रभावित होती है। जिसके चलते अधिकतर महिलाएं मां बनने का सुख नहीं ले पाती हैं। एक शोध में दावा किया गया है कि पेल्विक ट्यूबरक्लोरसिस (टीबी) से ग्रस्त हर 10 महिलाओं में से दो गर्भधारण नहीं कर पाती हैं और जननांगों की पेल्विक टीबी के 40-80 प्रतिशत मामले महिलाओं में देखे जाते हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि अधिकतर वे लोग इसकी चपेट में आते हैं, जिनका इम्यून सिस्टम या रोग प्रतिरोधक तंत्र कमजोर होता है और जो संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आते हैं। इंदिरा आईवीएफ हास्पिटल कि आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. सागरिका अग्रवाल का कहना है कि संक्रमित व्यक्ति जब खांसता या छींकता है तब बैक्टरिया वायु में फैल जाते हैं और जब हम सांस लेते हैं यह हमारे फ़ेफड़ों में प्रवेश कर जाते हैं। इसके अलावा संक्रमित व्यक्ति के साथ यौन संबंध बनाना भी जननांगों की पेल्विक टीबी होने का एक कारण है। उन्होंने कहा, ख्चूंकि यह बैक्टीरिया चुपके से आक्रमण करने वाला है इसलिए उन लक्षणों को पहचानना बहुत मुश्किल है कि पेल्विक टीबी महिलाओं में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर रही है। इसमें अनियमित मासिक चक्र, योनि से विसर्जन जिसमें रक्त के धब्बे भी होते हैं, यौन सबंधों के पश्चात दर्द होना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं लेकिन कई मामलों में ये लक्षण (संक्रमण) काफी बढ़ जाने के पश्चात दिखाई देते हैं।

## धर्म मंत्र

# पराशक्ति और सर्वोच्च देव हैं माता दुर्गा

देवी दुर्गा का निरूपण सिंह पर सवार एक निर्भय स्त्री के रूप में किया जाता है। वे आठ भुजाओं से युक्त हैं जिन सभी में कोई न कोई शस्त्रास्त्र होते है। उन्होने महिषासुर नामक असुर का वध किया। हिन्दू ग्रन्थों में वे शिव की पत्नी दुर्गा के रूप में वर्णित हैं। जिन ज्योतिर्लिंगों में देवी दुर्गा की स्थापना रहती है उनको सिद्धपीठ कहते है। ऐसी मान्यता है कि वहां किये गए सभी संकल्प पूर्ण होते है। हिन्दुओं के शाक्त साम्प्रदाय में भगवती दुर्गा को ही दुनिया की पराशक्ति और सर्वोच्च देवता माना जाता है क्योंकि शाक्त साम्प्रदाय ईश्वर को देवी के रूप में मानता है। वेदों में भी दुर्गा का व्यापक उल्लेख है, किन्तु उपनिषद में देवी का उमा हैमवती अर्थात हिमालय की पुत्री, उमा के रूप में उनका वर्णन किया गया है। पुराण में दुर्गा को आदिशक्ति माना गया है, क्योंकि उन्हें शिव की पत्नी कहा गया है जो आदिशक्ति का एक रूप हैं। शिव की उस पराशक्ति को प्रधान प्रकृति, गुणवती माया, बुद्धितत्व की जननी तथा विकार रहित बताया गया है। एकांकी यानि एक रूप होने पर भी देवी अपनी माया शक्ति से संयोगवश अनेक हो जाती हैं। उस आदि शक्ति देवी ने ही सावित्री ब्रह्मा जी की पहली पत्नी, लक्ष्मी, और पार्वती और सती के रूप में जन्म लिया और ब्रह्मा, विष्णु और महेश से विवाह किया था। यानि तीन रूप होकर भी दुर्गा आदि शक्ति एक ही हैं। देवी दुर्गा के स्वयं कई रूप हैं जो सावित्री, लक्ष्मी और पार्वती से अलग हैं। उनका मुख्य रूप गौरी है, जो शान्तिमय, सुन्दर और गोरा माना जाता है। उनका सबसे भयानक रूप काली है।

## पर्यटन



# देश की संस्कृति और वैभव को आज भी बखूबी कायम रखे हुए है ग्वालियर फोर्ट

गोपांचल पर्वत पर बना ग्वालियर का किले शहर की पहचान है। साथ ही ये देश के सबसे बड़े किलों में से एक है। 8वीं सदी में बना यह किला यहां की संस्कृति और वैभव की पहचान है। जिस पर मुगलों से लेकर ब्रिटिशर तक ने राज किया है। किला दो भागों में बंटा हुआ है एक है मान मंदिर पैलेस और दूसरा गुजरी पैलेस। जिसे अब म्यूजियम का रूप दे दिया गया है। जिसमें मध्यभारत के सबसे ज्यादा कलेक्शन देखे जा सकते हैं। किले में होने वाला लाइट एंड साउंड शो टूरिस्टों को सबसे ज्यादा अट्रैक्ट करता है। विशालकाय ग्वालियर किला बलुआ पत्थर की पहाड़ी पर बना हुआ है और मैदानी क्षेत्र से 100 मीटर ऊंचाई पर है। किले में प्रवेश के लिए दो रास्ते हैं पहला ग्वालियर गेट और दूसरा ऊरवाई गेट। किले की दीवारें एकदम खड़ी हैं। बाहरी दीवार 2 मीटर लंबी और चौड़ाई 1 किमी से लेकर 200 मीटर तक है। पहाड़ी तक जाने वाले रास्ते की चट्टानों पर खूबसूरत नक्काशी देखने को मिलती है। किले की वास्तुकला गजब की है। किले का मुख्यद्वार हाथी पूल के नाम से जाना जाता है। किले के स्तंभों पर ड्रैगन की नक्काशी है। किले पर गुरु गोविंद की स्मृति में एक गुरुद्वारा बना हुआ है। साथ ही पुरानी शैली का मानसिंह महल भी यहां है। इसके अलावा सहस्त्रबाहु मंदिर, चतुर्भुज मंदिर, तेली मंदिर 14वीं सदी की गुफाएं भी यहां आकर देख सकते हैं। इसके साथ ही जहांगीर महल, कर्ण महल, विक्रम महल और शाहजहां महल भी बहुत ही खास है। किला दो भाग में बंटा है। मुख्य किला और महल (गुजारी महल और मान मंदिर महल)। इन किलों का निर्माण राजा मान सिंह ने करवाया था। हेरिटेज साइट होने की वजह से यह किला पूरे साल सैलानियों के लिए खुला रहता है। लेकिन नवंबर से मार्च का महीना किले को घूमने के लिए है बेस्ट। जब न तो बहुत गर्मी होती है न ही ठंड। आराम से किले की हर एक जगह को एक्सप्लोर किया जा सकता है।

# शिक्षकों का पाती अभियान बदस्तूर, अपनाया ईमेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फतेहपुर/निंदूरा बाराबंकी।अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर उ प्र प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई के तत्वावधान में ब्लॉक फतेहपुर के शिक्षकों द्वारा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बाराबंकी के जिलाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ बाराबंकी के जिला संयोजक डॉ.राकेश सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रपति ,प्रधानमंत्री ,सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश व यूपी के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष को ई मेल के माध्यम से शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में ''शिक्षक पाती''भेजी है। उच्च प्राथमिक विद्यालय सरैयां मझगवा, ब्लॉक फतेहपुर बाराबंकी में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने अपने हस्ताक्षर से ज्ञापन को ईमेल के माध्यम से प्रेषित किया । इस अवसर पर प्रधानाध्यापक एवं संकुल प्रभारी राजकिशोर वर्मा ,मोहम्मद सुलेमान, लवकुश वर्मा ,रायबहादुर , धर्मेंद्र कुमार उ प्र प्राथमिक शिक्षक संघ बाराबंकी के जनपदीय संगठन मंत्री प्रमेन्द्र वर्मा ,विश्वजीत सिंह ,ब्लॉक उपाध्यक्ष शरद चन्द्र , दीपू यादव, ब्लॉक संगठन मंत्री फरीहा सुम्बुल,सबा कमर,उमेश सिंह, जबीर अहमद आदि पदाधिकारी एवं कंचन, यतेंद्र कुमार ,सर्वेश कुमार, देवकीनन्दन ,प्रदीप वर्मा,शिवपुजारी सत्यानन्द ,सहृदयाँकुर नारायण शर्मा ,अमित जायसवाल ,शिवमंगल आदि विद्यालय के शिक्षक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# स्कूली बच्चों की घोर लापरवाही मौत को दे रहे दावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। शहर के ओमनगर क्षेत्र में बुधवार सुबह नियमों की खुली धज्जियां उड़ाती एक बेहद चिंताजनक तस्वीर सामने आई। बोर्ड परीक्षा देने जा रहे छः छात्र एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर सड़कों पर दौड़ते नजर आए।

यह नजारा सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सीधे-सीधे जान से खिलवाड़ है। एक बाइक पर दो से अधिक सवारी बैठना कानूनन अपराध है, ऐसे में छः छात्रों का सवार होना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है। चौंकाने वाली बात यह रही कि इनमें से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। यदि जरा सा भी संतुलन बिगड़ता, तो गंभीर दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि परीक्षा के नाम पर इस तरह की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। अभिभावकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे बच्चों को



सुरक्षित तरीके से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाएं। प्रशासन और यातायात विभाग के लिए यह घटना एक चेतावनी है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई और निगरानी बेहद जरूरी है, ताकि भविष्य में इस तरह की खतरनाक लापरवाही पर रोक लगाई जा सके।

## गोमती नदी में मिला अधेड़ का शव

जयसिंहपुर/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बहाऊद्दीनपुर गांव स्थित निषाद बस्ती के पास बुधवार भोर गोमती नदी में एक अधेड़ का शव उतराता मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। नदी किनारे दैनिक क्रिया के लिए गए ग्रामीणों ने शव देखा तो दंग रह गए। सूचना फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची गोसाईगंज पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, शव की पहचान आधार कार्ड के आधार पर कोतवाली नगर क्षेत्र के पार्किसगंज निवासी शीतला प्रसाद (51) पुत्र मोतीलाल कसौधन के रूप में हुई है। मृतक की जेब से 250 रुपये नकद, पैन कार्ड, आधार कार्ड, रुमाल, दवा, डायरी सहित अन्य कागजात बरामद हुए हैं। वह धारीदार शर्ट, बनियान और काला पैंट पहने हुए था। दाहिने हाथ की दूसरी उंगली में अंगूठी भी मिली है। घटना की जानकारी मिलने पर एडिशनल एसपी अखंड प्रताप सिंह, सीओ जयसिंहपुर रामकृष्ण चतुर्वेदी और थाना प्रभारी रामआशीष उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

## सीतापुर के युवक का बाराबंकी में मिला शव

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीतापुर जनपद के 18 वर्षीय युवक का शव बुधवार को बड्डूपुर थाना क्षेत्र के बीबीपुर नकटौली स्थित शारदा नहर में बरामद हुआ। परिजनों की सूचना पर पहुंची बड्डूपुर पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि सीतापुर जनपद के रामपुर कला अंतर्गत रहिका (मजरा घैला) निवासी झब्बू लाल का 18 वर्षीय पुत्र बबलू 14 मार्च को अपने फूफा के यहां सरसों की थ्रेसिंग के लिए घर से बताकर निकला था। लेकिन वह न तो फूफा के यहां पहुंचा और न ही घर ही वापस लौटा।जिसपर परिजनों ने स्थानीय थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।परिवारजन युवक की तलाश करते हुए शारदा नहर पर पहुंचे थे। शिनाख्त के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

## समावेशी शिक्षा, प्रशिक्षण का शुभारंभ

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। दिव्यांग बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु एक पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के तहत कंपोजिट विद्यालय परसा में आयोजित किया जा रहा है। इसका शुभारंभ स्पेशल एजुकेटर संतोष कुमार भारती और शिवम वर्मा ने किया।प्रशिक्षण का मुख्य लक्ष्य शिक्षकों को बच्चों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण कार्य करने के लिए तैयार करना है। इसमें विशेष शिक्षण विधियों, सहायक सामग्री के उपयोग और प्रत्येक बच्चे को समान अवसर प्रदान करते हुए उसकी प्रतिभा विकसित करने के तरीके सिखाए जा रहे हैं।प्रशिक्षण सत्र के दौरान, स्पेशल एजुकेटर संतोष कुमार भारती और शिवम वर्मा ने दिव्यांगता के विभिन्न कारणों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जन्मजात कारण, पोषण की कमी, दुर्घटनाएं या अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं दिव्यांगता की वजह बन सकती हैं।प्रशिक्षण में दिव्यांगता की रोकथाम, निवारण और उपचार के उपायों पर भी प्रकाश डाला गया।प्रशिक्षण में दिलीप तिवारी, अर्चना मिश्रा, कंचन सिंह, रुद्र प्रताप पाण्डेय, मो अली, अंजू मौर्य, शिप्रा रानी, शेखर रस्तोगी, नवीन मिश्रा, सोनेलाल, दिलावर, श्यामू, तुषार सहित अनेक प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## सीडीपीओ अर्चना ने किया औचक निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आंगनवाड़ी केंद्र डूडी का सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सुपरवाइजर रेनू वर्मा भी मौजूद थीं।निरीक्षण के दौरान, सीडीपीओ वर्मा ने बच्चों से बातचीत की और उन्हें चित्रों के माध्यम से फलों के नाम व रंग बताए। उन्होंने बच्चों से फलों के नाम और रंग से संबंधित सवाल भी पूछे।उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों को गर्म भोजन वितरित करवाया और स्वयं बच्चों से भोजन की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को अपने सामने हाथ धोकर भोजन करने के लिए प्रेरित किया।सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने फ़ेस कैप्चर के माध्यम से राशन वितरण करने के साथ ही विभाग के अन्य सभी कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

## विवेक सहित तीन लोग सदस्य नामित, खुशी की लहर

जैदपुर बाराबंकी। नगर पंचायत जैदपुर के निवासी विवेक मौर्या, उमाकांत गुप्ता व रामदीन रावत को नगर पंचायत का सदस्य नामित किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा नामित किए जाने पर भाजपाइयों ने हर्ष जताया है।

## सिद्धौर क्षेत्र के विद्यालयों में परीक्षा व्यवस्था पर सवाल

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के दो परिषदीय विद्यालयों में परीक्षा व्यवस्था को लेकर अलग-अलग स्थिति सामने आई है। प्राथमिक विद्यालय इनायतपुर प्रथम में आज निर्धारित परीक्षा नहीं कराई गई। जानकारी के अनुसार विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अलका सिंह अनुपस्थित रहीं। मौके पर केवल शिक्षामित्र नीतू वर्मा मौजूद थीं, जबकि दूसरे शिक्षामित्र जे.एस. त्रिपाठी भी विद्यालय नहीं पहुंचे। विद्यालय में दर्ज 22 बच्चों में से भी बहुत कम बच्चे उपस्थित मिले। बच्चों ने बताया कि उन्होंने कल गणित का पेपर दिया था, लेकिन आज कोई परीक्षा नहीं हुई। वहीं दूसरी ओर कंपोजिट विद्यालय सादुल्लापुर में परीक्षा सुचारु रूप से कराई गई। इस विद्यालय में कुल 226 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं और यहां प्रधानाध्यापक सत्यनारायण सहित 10 शिक्षक तैनात हैं। प्रथम पाली में सामाजिक विज्ञान का पेपर शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया गया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया संगठन विस्तार का संकल्प

अमेठी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत जनपद अमेठी में आयोजित द्विदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ अत्यंत उत्साह एवं संगठनात्मक ऊर्ज़ा के साथ हुआ तथा सत्रह मार्च से प्रारम्भ होकर अठारह मार्च को सम्पन्न हुआ। यह पूर्ण चौबीस घण्टे का प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के समर्पण, अनुशासन एवं संगठन के प्रति निष्ठा का प्रतीक रहा।कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण के प्रभारी जिला महामंत्री भागीरथी मौर्य की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा, जिला मंत्री प्रभात शुक्ला, शरद शंकर मिश्रा सहित अनेक गणमान्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी मंडलों के वर्तमान एवं पूर्व मंडल अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता इस कार्यक्रम की विशेषता रही।प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं को सात प्रमुख विषयों पर गहन एवं प्रेरणादायी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।भारतीय जनता पार्टी का गौरवशाली इतिहास एवं विकास, पार्टी का वैचारिक अधिष्ठान, संगठन की कार्यपद्धति तथा कार्य विस्तार की रणनीति। इन विषयों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त करने के साथ-साथ संगठनात्मक दक्षता के लिए भी प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं के रूप में जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, भवानी दत्त दीक्षित, राजेश अग्रहरी एवं अंशु तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किए तथा कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों, सरकार की उपलब्धियों एवं जनसेवा के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया।यह प्रशिक्षण वर्ग पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों से प्रेरित रहा, जिसमें कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र सेवा, संगठन विस्तार एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का संकल्प लिया।द्विदिवसीय इस प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं ने रात्रि प्रवास करते हुए पूर्ण अनुशासन और समर्पण के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र एवं संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं सेवा भाव के संकल्प के साथ हुआ।

# बाराबंकी के वकीलों को सुप्रीम कोर्ट की सुप्रीम फटकार, टोल कर्मचारियों को मिली जमानत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी 18 मार्च । उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में एक सहकर्मी के दफ्तर में घुसकर तोड़फोड़ और आगजनी करने की घटना पर नाराजगी जताई है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इसे वकीलों की गुंडागर्दी करार देते हुए कानूनी पेशे की प्रतिष्ठा को कलंकित करने वाला बताया। ये मामला 14 जनवरी को टोल टैक्स देने से मना करने पर एक वकील और टोल प्लाजा कर्मियों के बीच झड़प का है। इस घटना के बाद बाराबंकी के वकीलों ने एक प्रस्ताव पारित किया कि कोई भी वकील टोल कर्मचारियों का केस नहीं लड़ेगा। जब वकील मनोज शुक्ला ने इस प्रस्ताव का विरोध करते हुए टोल कर्मचारियों की जमानत याचिका दायर की, तो दूसरे वकीलों ने कथित रुप से उनके दफ्तर में घुसकर फर्नीचर तोड़ दिया और आग लगा दी। उच्चतम न्यायालय ने टोल प्लाजा कर्मियों की जमानत मंजूर करते हुए कहा कि वकील समुदाय की ओर से भाईचारा के नाम पर ऐसी हिंसा स्वीकार नहीं की जा सकती है। उच्चतम न्यायालय ने मनोज शुक्ला की प्रशंसा की जिन्होंने दबाव के बावजूद केस लड़ा। उच्चतम न्यायालय ने यूपी के डीजीपी को निर्देश दिया कि वो टोल प्लाजा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उच्चतम न्यायालय ने स्थानीय वकीलों द्वारा केस न लेने की स्थिति को देखते हुए पूरी कार्रवाई को उत्तर प्रदेश से हटाकर दिल्ली ट्रांसफर कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सबसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ये रही कि यूपी बार काउंसिल ने भी मामले में दखल दिया और राज्य सरकार से रासुका लागने की अनुचित मांग की, जबकि ये मामला छोटी सी झड़प का था।

स्मरणीय है कि प्रतापगढ़ जिले के एडवोकेट रत्नेश शुक्ला 14 जनवरी को लखनऊ की ओर कार से जा रहे थे तो रास्ते में हैदरगढ़ के गोटौना टोल प्लाजा पर शुल्क देने न देने की बात को लेकर गहरा विवाद हुआ था।इस विवाद का वीडियो वायरल होते ही कई जिलों के अधिवक्ताओं ने टोल प्लाजा पर प्रदर्शन किया था।यू पी बार कौंसिल का चुनाव लड़ रहे कई उम्मीदवारों ने भी पहुंच कर आरोपी टोल कर्मियोंकी गिरफ्तारी की मांग की थी,पुलिस ने लवलेश,रवि तोमर,गोलू, वा विश्वजीत सहित दस अज्ञात के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कर नामित आरोपियों को अरेस्ट कर जेल भेज दिया था। अधिवक्ताओं के दवाब के चलते आरोपियों की पैरवी हेतु कोई वकील तैयार नहीं था।बाद में 5 फरवरी 2026 को बाराबंकी के मनोज शुक्ला एडवोकेट ने आरोपियों की ओर से अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट 17 की अदालत में वकालत नामा,मेमो के साथ जमानत याचिका दाखिल किया था,इसकी जानकारी होते ही सैकड़ों अधिवक्तगणो ने मनोज शुक्ला की सीट पर धावा बोलकर नुकसान पहुंचाया था,मनोज शुक्ला ने बाद में आरोपियों की पैरवी से इंकार कर दिया था।

# सोनी बने नगर पंचायत सदस्य, जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। नगर पंचायत हेतु प्रदेश शासन ने तीन मनोनीत सभासदों अधिवक्ता रामकुमार सोनी अनिरुद्ध रावत व इंद्रेश कुमार मौर्य के नाम घोषित किए हैं।रामकुमार सोनी के मनोनयन से टाउन के समर्थकों में खुशी का माहौल रहा लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।पेशे से अधिवक्ता रामकुमार बार एसोसिएशन के महामंत्री भी रह चुके हैं अपनी मिलनसार छवि के कारण वे अत्यंत लोकप्रिय हैं।उन्होंने नगर विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा जताते हुए भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

## सड़क हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

नोएडा । थाना फ़ेस-वन क्षेत्र के गोल चक्कर के पास हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना फ़ेस -वन के थाना प्रभारी अमित कुमार मान ने बुधवार को बताया कि दिल्ली के नारायण गांव निवासी सुनील कुमार यादव (42) गोल चक्कर के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां पर मंगलवार की देर रात रात को उनकी मौत हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच में जुट गई।

## उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक हुई संपन्न

पूरनपुर।उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश स्तरीय नेतृत्व के आवाहन पर जिला कार्यकारिणी के निर्देशन एवं उपस्थित में विकास क्षेत्र इकाई शाखा पूरनपुर ब्लाक कार्यकारिणी एवं संघर्ष समिति की एक सामूहिक समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष दयाशंकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला मंत्री उमेश गंगवार ने किया है। समीक्षा बैठक में ब्लाक कार्यकारिणी एवं संघर्ष समिति में निष्क्रिय सदस्यों के स्थान पर सक्रिय शिक्षकों को चयनित कर ब्लाक कार्यकारिणी एवं संघर्ष समिति का पुनर्गठन किया गया।वर्ष 2025 सदस्यता से अवशेष बचे शिक्षकों की सदस्यता हेतु विचार किया गया शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीजीटी की अनिवार्यता के विरोध में प्रस्तावित महारैली रामलीला मैदान नई दिल्ली 4 अप्रैल 2026 में अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों के प्रतिभाग करने पर भी विचार विमर्श किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष दयाशंकर गंगवार, जिला मंत्री उमेश गंगवार, ब्लॉक अध्यक्ष सूर्य प्रकाश गंगवार, तहसील अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान, मंत्री विमल कुमार, हुकुम सिंह,देवेश कुमार ,अर्जुन सिंह गंगवार, पूरनलाल, जयप्रकाश, सुंदरलाल, विजय शर्मा,हरिओम पांडे, जोगिंदर मौर्य सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे सभी ने मिलकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए हैं।

## आयुर्वेदिक पंजीकरण के बावजूद एलोपैथिक इलाज,कार्रवाई के निर्देश

पूरनपुर। पूरनपुर क्षेत्र में एक निजी अस्पताल द्वारा नियमों के विपरीत इलाज किए जाने का मामला सामने आया है आयुर्वेदिक पंजीकरण होने के बावजूद एलोपैथिक पद्धति से उपचार करने की शिकायत पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं मामला तब प्रकाश में आया जब राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल के सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर डॉ. के लाल ने सीएमओ को पत्र भेजकर शिकायत दर्ज कराई उन्होंने बताया कि पूरनपुर स्थित रोशनलाल हॉस्पिटल का पंजीकरण क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय से हुआ है, जिसमें केवल आयुर्वेदिक चिकित्सा की अनुमति है शिकायत के अनुसार, अस्पताल में नियमों के विपरीत एलोपैथिक पद्धति से मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इतना ही नहीं, मरीजों को भर्ती कर उपचार और प्रसव जैसी सेवाएं भी दी जा रही हैं, जो पंजीकरण की शर्तों का उल्लंघन है मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमओ ने पूरनपुर के चिकित्सा अधीक्षक (एमओआईसी) को जांच के आदेश दिए हैं निर्देशों में स्पष्ट कहा गया है कि यदि जांच में अनियमितता पाई जाती है ।

# रोजा इफ्तार में शामिल हुए सैकड़ों लोग, गणमान्य भी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।ग्राम पंचायत औरेला में ग्राम प्रधान मुकाम हुसैन द्वारा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने शिरकत की।इस अवसर पर प्रधान मुकाम हुसैन ने कहा कि रमजान का यह महीना रोजा रखने और ईश्वर की इबादत करने के साथ-साथ दया, क्षमा और एकता का संदेश भी देता है। उन्होंने बताया कि इस पवित्र महीने में ईश्वर की इबादत से बरकतों की बारिश होती है।कार्यक्रम में आठ वर्षीय कामरान अकमल मलिक ने अपना पहला रोजा रखा और इफ्तार में शामिल हुए। सभी उपस्थित लोगों ने कामरान को मुबारकबाद दी।इस दौरान नियाज प्रधान रामपुर, मकसूद रियाज, मसूद प्रधान सैदनपुर, सद्दाम प्रधान अलीनागर, फ़कीर हसन, अली हसन, अल्ताफ, मो फहीम, मेंहदी हसन, इमाम नईम बक्श, मो सिराज, सलीम, सलमान, शजेब और अदनान सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# मानक विहीन बनाया बाईपास, जानलेवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।सफदरगंज-बदोसराय मार्ग पर परसा गांव के पास एक पुलिया का निर्माण कार्य जारी है। इस निर्माण के कारण लोक निर्माण विभाग द्वारा वाहनों की आवाजाही के लिए एक वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है, जो मानकों के अनुरूप नहीं है। इससे यहां दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।यह वैकल्पिक मार्ग केवल थोड़ी सी मिट्टी डालकर तैयार किया गया है। विभाग ने इसे छोटे वाहनों के लिए बनाया था और बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया था। हालांकि, इसके बावजूद बड़े वाहन भी इस रास्ते से गुजर रहे हैं, जिससे मार्ग की स्थिति लगातार बिगड़ रही है।स्थानीय लोगों और राहगीरों ने इस जोखिम भरे रास्ते को तत्काल दुरुस्त करने की मांग की है। राहगीर शिव शंकर, आदर्श कुमार, राहुल और रामअचल ने बताया कि वैकल्पिक मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इन गड्डों के कारण वाहनों के पलटने की आशंका बनी रहती है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा खतरे में है।इस मामले पर लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अजीत कुमार पटेल ने बताया कि यह रास्ता छोटे वाहनों के लिए ही बनाया गया था, लेकिन बड़े वाहन भी इसका उपयोग कर रहे हैं। पटेल ने कहा कि बड़े वाहनों को रोकने के लिए बैरियर लगाए गए हैं और जल्द ही इस रास्ते की मरम्मत करवाकर बड़े वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा।

# अवैध अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी केंद्रों की भरमार स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जनपद में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों, क्लीनिकों एवं पैथोलॉजी लैब्स की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। नगर क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों तक बिना वैध पंजीकरण एवं निर्धारित मानकों के विपरीत इन चिकित्सा इकाइयों का संचालन किया जा रहा है, जिससे आमजन के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ हो रहा है। सूत्रो के अनुसार, मेडिकल कॉलेज के आसपास मात्र सौ मीटर के दायरे में ही कई अल्ट्रासाउंड सेंटर, क्लीनिक एवं पैथोलॉजी लैब संचालित हो रहे हैं, जिनमें से अधिकांश नियमानुसार पंजीकृत नहीं हैं। कई स्थानों पर ऐसे केंद्र भी संचालित पाए जा रहे हैं, जहां किसी अन्य चिकित्सक के नाम पर कागजी औपचारिकताएं पूरी कर, तथाकथित झोलाछाप व्यक्तियों द्वारा चिकित्सा सेवाएं दी जा रही हैं।इसी प्रकार प्यारेपट्टी रोड, घरहां खुर्द, बढ़ैयावीर, कुड़वार रोड, कूरेभार रोड, बरौंसा, जयसिंहपुर, कादीपुर, सुरापुर, दियरा, पांडेयबाबा एवं मोतीगंज सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित चिकित्सा केंद्रों की भरमार है। इन केंद्रों में न तो आवश्यक उपकरणों का मानक पूरा किया जा रहा है और न ही प्रशिक्षित चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित है। बताया जा रहा है कि कुछ पंजीकृत केंद्रों में भी संबंधित चिकित्सक की अनुपस्थिति में अन्य व्यक्तियों द्वारा संचालन किया जा रहा है, जो कि नियमानुसार पूर्णतः अवैध है। इस प्रकार की गतिविधियां क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट एवं अन्य प्रासंगिक स्वास्थ्य नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। गंभीर बात यह है कि इस संबंध में लगातार शिकायतें मिलने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग एवं औषधि विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। विभागीय स्तर पर गठित छापेमारी टीमें भी निष्क्रिय बनी हुई हैं, जिससे अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इन अवैध केंद्रों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में किसी बड़ी जनहानि या गंभीर चिकित्सकीय त्रुटि की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। जनपद में अवैध चिकित्सा केंद्रों का यह जाल न केवल कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, बल्कि आमजन के जीवन के साथ भी खिलवाड़ है। आवश्यकता है कि संबंधित विभाग तत्काल सघन जांच अभियान चलाकर दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करे, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनी रहे।

## बल्लेबाज ओली पोप को भरोसा- एशेज में निराशा जनक प्रदर्शन के बाद भी दिखाएंगे अपना सर्वश्रेष्ठ

एजेंसी



नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप का मानना है कि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अभी आना बाकी है। इस सीरीज में इंग्लैंड को 4-1 से हार मिली थी और खराब फॉर्म के चलते पोप को टीम से बाहर भी होना पड़ा था। 28 वर्षीय बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया में खेले शुरुआती तीन टेस्ट मैचों में कुल 125 रन बनाए, जो उनके स्तर के हिसाब से काफी निराशाजनक रहा। दौरे के बाद जब इंग्लैंड टीम की प्रतिबद्धता पर सवाल उठे तब पोप ने इसे आत्ममंथन और नए सिरे से तैयारी का मौका माना। अब उनका पूरा ध्यान खुद को बेहतर बनाने पर है, ताकि आगामी टेस्ट सीरीज के लिए टीम में वापसी कर सकें। एशेज के दौरान छह पारियों में से एक में भी पोप पचास रन नहीं बना पाए और चौथे व पांचवें टेस्ट में उन्हें बेंच पर बैठा दिया गया था। उनकी जगह प्लेइंग इलेवन में जैकब बेथेल को शामिल किया गया था। आईसीसी के अनुसार सरे के प्री-सीजन मीडिया डे पर पोप ने कहा कि मुझे अपनी स्थिति का पता था। टीम से बाहर होना मुश्किल था, लेकिन उस समय यह सही फैसला था। उन्होंने आगे कहा कि बातचीत का मकसद बस यही था कि वापस जाकर खूब रन बनाऊं और अगर इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन में जगह न मिले तो यह सुनिश्चित करूं कि मैं देश का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज साबित होऊं। अगर कुछ होता है तो यह सुनिश्चित करना है कि मेरी जगह लेने के लिए मैं ही सही खिलाड़ी हूं। मैंने बहुत टेस्ट क्रिकेट खेला है, लेकिन मुझे अब भी लगता है कि मेरे बल्लेबाजी के सर्वश्रेष्ठ दिन अभी आने बाकी हैं।

पोप ने 'इंग्लैंड एशेज जीतने को लेकर गंभीर नहीं था' आरोपों पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हम मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह एक लोकप्रिय टीम बनना चाहते हैं और दुर्भाग्य से ऑस्ट्रेलिया में हमारे प्रदर्शन ने ऐसा होने नहीं दिया। मैं समझ सकता हूं कि लोगों को ऐसा क्यों लगा। यह धारणा कि हम बेफिक्र थे, शायद सबसे मुश्किल बात थी। हर खिलाड़ी एशेज सीरीज के दबाव को संभालने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा कि हर कोई सिर्फ जीतना चाहता था। मुझे लगता है कि शायद कभी-कभी हमारे मन में यही बात थी कि हम टेस्ट मैच के दबाव को कम करने के लिए, जैसा कि हमने पिछले दौरों में किया था, इसे एक सामान्य सीरीज की तरह लें ताकि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। दुर्भाग्य से, ऐसा नहीं हो पाया। अपने प्रदर्शन का विश्लेषण करते हुए पोप ने माना कि उन्होंने अपनी स्वाभाविक शैली से हटकर खेलने की कोशिश की, जो उनके लिए नुकसानदायक साबित हुई। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि इसमें कोई बड़ी तकनीकी खामी थी, शायद मैं उस समय अनजाने में ही गेंदबाजों पर दबाव डालने के लिए कुछ ज्यादा ही उत्सुक था। जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं और इस पर विचार करता हूं, तो शायद यही मेरी गलती थी।

अब पोप का पूरा फोकस घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन कर इंग्लैंड टेस्ट टीम में वापसी करना है। उनका विश्वास साफ है कि यह सिर्फ एक खराब दौर है और उनका सर्वश्रेष्ठ अभी आना बाकी है।

## आईपीएल 2026: आरसीबी टीम से जुड़े विराट, भुवनेश्वर और क्रुणाल

एजेंसी

बेंगलुरू । भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली, अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, क्रुणाल पांड्या और देवदत्त पडिक्कल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले टीम से जुड़ गए हैं। आईपीएल के इस सीजन की शुरुआत 28 मार्च से हो रही है। आरसीबी अपने अभियान की शुरुआत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में करेगी। आरसीबी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए इन स्टार खिलाड़ियों के पहुंचने की पुष्टि की। आरसीबी ने एक्स पर विराट के आगमन के बारे में पोस्ट करते हुए लिखा, ''उन्हें देखने की जरूरत नहीं है.. यह जानने के लिए कि वे आ रहे हैं। कैलेंडर देखें। संकेत मिल जाएंगे।

'स्विंग किंग' भुवनेश्वर भी टीम में शामिल हो गए हैं। आरसीबी ने एक्स पर पोस्ट किया कि वह शांति लाते हैं, लेकिन



उनका प्रभाव जबरदस्त है। भुवी घर लौट आए हैं और यह अनुभवी खिलाड़ी एक बार फिर जिम्मेदारियां संभालने के लिए तैयार हैं। हमारे स्विंग किंग को अपना प्यार दिखाएं। पडिक्कल भी टीम से जुड़ गए हैं, जिन्होंने पिछले सीजन में नंबर तीन पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आरसीबी ने एक्स पर पोस्ट किया कि 2020 में पदार्पण किया। 2026 में भी हमारे ही। बेंगलुरु के अपने स्टार बॉय, देवदत्त पडिक्कल आईपीएल 2026 के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

क्रुणाल के टीम से जुड़ने पर फ्रेंचाइजी ने पोस्ट कर लिखा कि औरा 'के' से शुरू होता है और 'एल' पर खत्म होता है। वह वापस आ गया है। इसमें कोई हैरानी की बात नहीं कि बेंगलुरु का मौसम आज थोड़ा और ठंडा हो गया है। 12वीं मैन आर्मी, हमारे 'क्लच गॉड' क्रुणाल पांड्या पर अपना प्यार बरसाना शुरू कर दो। पिछले सीजन में विराट कोहली ने 15 पारियों में 54.75 के औसत और 144.71 के स्ट्राइक रेट से 657 रन बनाए थे, जिसमें आठ अर्धशतक शामिल थे।कोहली 267 आईपीएल मैचों में आठ शतक और 63 अर्धशतकों के साथ 8,661 रन बना चुके हैं। पिछले सीजन भुवनेश्वर आरसीबी के लिए तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, जिन्होंने 14 मैचों में 28.41 के औसत से 17 विकेट लिए थे। भुवनेश्वर 190 आईपीएल मैचों में 198 विकेट ले चुके हैं। वहीं क्रुणाल ने आरसीबी के लिए पिछले सीजन में 15 मैचों में 17 विकेट लेने के साथ बल्ले से 109 रन भी बनाए थे।

# संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल में पैट कमिंस की अनुपस्थिति में हैदराबाद की कप्तानी करेंगे ईशान किशन

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की शुरुआत से पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने बड़ा फैसला लेते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। किशन शुरुआती कुछ मैचों में टीम की कप्तानी करेंगे, क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस अभी तक पीठ की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को टीम का उप-कप्तान बनाया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर बुधवार को आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने बताया कि चोट से उबरने के कारण पैट कमिंस कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। जब तक वह ठीक नहीं हो जाते, ईशान किशन कप्तान और अभिषेक शर्मा उप-कप्तान रहेंगे। हालांकि फ्रेंचाइजी ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि कमिंस कितने मैच नहीं खेल पाएंगे।

ईशान किशन ने हाल ही में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था। टूर्नामेंट में उन्होंने 193 के स्ट्राइक रेट से 317 रन बनाए थे। अगर आईपीएल के पिछले सीजन के प्रदर्शन की बात करें तो किशन ने 14 मैचों में 152.58 की स्टाइकरेट से 354 रन बनाए थे, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल था। किशन ने घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में झारखंड टीम की कप्तानी करते हुए टीम को खिताब जिताया था। सनराइजर्स हैदराबाद अपने अभियान की शुरुआत 28 मार्च को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ करेगी।

### हॉकी टुर्नामेंट: श्याम लाल कॉलेज ने सेंट स्टीफंस को 13-1 से हराया

नई दिल्ली । पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के दूसरे दिन पुरुष वर्ग में श्याम लाल कॉलेज ने सेंट स्टीफंस कॉलेज को एकतरफा मुकाबले में 13-1 से करारी शिकस्त दी। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के मैदान पर श्याम लाल कॉलेज के अतुल चौधरी ने 5, प्रत्युष सिंह जग्गी ने 3, मनमोहन, अभिषेक, हर्ष, पंकज और आकाश ने एक-एक गोल किया। पराजित टीम के लिए एकमात्र गोल विशाल ने किया। श्याम लाल कॉलेज के अतुल चौधरी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। सेंट स्टीफंस कॉलेज की यह लगातार दूसरी बड़ी हार है। हंसराज कॉलेज और इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान (आईजीआईपीईएसएस) के बीच मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। हंसराज कॉलेज के गुरशीष को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला।

महिला वर्ग में दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 2-1 से मात दी। दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना की संगीता यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला।

### वेस्टइंडीज सीरीज से पहले सोफी मोलिनक्स अपनी हर भूमिका निभाने के लिए तैयार

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की कप्तान सोफी मोलिनक्स ने वेस्टइंडीज के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए खुद को तैयार बताया है। उन्होंने कहा है कि वह अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।

टी-20 सीरीज से दोनों टीमें आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी तैयारियों को और तेज करने का लक्ष्य रखेंगी। ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप ए में भारत, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नीदरलैंड्स जैसी टीमों के साथ रखा गया है। दूसरी ओर वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, आयरलैंड, स्कॉटलैंड, न्यूजीलैंड और श्रीलंका ग्रुप बी का हिस्सा हैं। मोलिनक्स पीठ की चोट के कारण घर पर भारत के खिलाफ खेले गए आखिरी वनडे मैचों में नहीं खेल पाई थीं, लेकिन कैरेबियन चुनौती से पहले वह पूरी तरह से फिट होने के करीब हैं। आईसीसी के अनुसार मोलिनक्स ने मंगलवार को सेंट विंसेंट में कहा कि यह निश्चित है, मैं अपनी भूमिका निभाने और मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हूं। मैं लड़कियों के साथ मैदान में वापस आने के लिए उत्सुक हूं। हालांकि मोलिनक्स ने यह स्पष्ट नहीं किया कि उपलब्धता के अलावा वह क्या भूमिका निभाएंगी। यह देखना बाकी है कि मोलिनक्स सभी छह व्हाइट-बॉल मैचों में खेलेंगी या नहीं। क्योंकि, उन्होंने संकेत दिया है कि टी-20 मैचों के बाद खेले जाने वाले 50 ओवर के मुकाबलों से उन्हें आराम दिया जा सकता है ताकि जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए उनका शरीर तैयार हो सके।

मोलिनक्स ने आगे कहा कि यह हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण श्रृंखला है क्योंकि टी-20 विश्व कप से पहले हमारे पास ज्यादा मैच नहीं बचे हैं। उन्होंने कहा कि हर मैच बहुत महत्वपूर्ण है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। वेस्टइंडीज इस सीरीज को टी-20 विश्व कप की तैयारी के तौर पर देखेगी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैचों के लिए पूरी ताकत के साथ उतरेगी।

टीम की कप्तान हेली मैथ्यूज ने कहा कि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण सीरीज है और मुझे लगता है कि यह इस बात का अच्छा परीक्षण होगा कि हम एक टीम के रूप में इस समय कहां हैं। उम्मीद है कि हम कुछ अच्छे परिणाम देख पाएंगे और इस सीरीज से बहुत सारी सकारात्मक बातें सीख पाएंगे। सीरीज कार्यक्रम पहला टी-20 मैच : 19 मार्च, सेंट विंसेंट।दूसरा टी-20 मैच: 21 मार्च, सेंट विंसेंट।तीसरा टी-20 मैच: 23 मार्च, सेंट विंसेंट। पहला वनडे: 27 मार्च, सेंट किट्स।दूसरा वनडे: 29 मार्च, सेंट किट्स।तीसरा वनडे: 2 अप्रैल, सेंट किट्स।

### ब्रैड हैडिन को न्यू साउथ वेल्स पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन को न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वे ग्रेग शिप्पर्ड की जगह लेंगे और जून से अपना कार्यभार संभालेंगे। ग्रेग का कार्यकाल उनके अनुबंध में एक साल शेष रहते हुए ही समाप्त कर दिया गया था।

48 वर्षीय हैडिन नवंबर 2014 में क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स के लिए अपना आखिरी मैच खेलने के बाद पहली बार वापसी कर रहे हैं। हैडिन अपने साथ कोचिंग का व्यापक अनुभव लेकर आए हैं। हैडिन ने इससे पहले डैरेन लेहमैन और जस्टिन लैंगर के मार्गदर्शन में ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम के सहायक और फील्डिंग कोच के रूप में काम किया है। वह वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग में रिकी पोंटिंग की कोचिंग वाली पंजाब किंग्स के सहायक कोच हैं और इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद के भी सहायक कोच रह चुके हैं। हैडिन ने एक बयान में कहा, ''एनएसडब्ल्यू क्रिकेट मेरे जीवन का एक अभिन्न अंग रहा है और मुख्य कोच के रूप में इस टीम में फिर से शामिल होना मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है।

## आईसीसी रैंकिंग: वनडे ऑलराउंडर्स में दूसरे पायदान पर मिराज, टी-20 में सैंटनर की छलांग

एजेंसी

दुबई । बांग्लादेश वनडे टीम के कप्तान मेहदी हसन मिराज ने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया, जिसका फायदा उन्हें नवीनतम आईसीसी प्लेयर रैंकिंग में मिला है। पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज के दौरान बांग्लादेश के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में मेहदी भी शामिल थे। इस ऑलराउंडर ने तीनों मैचों में पांच विकेट लिए और उनकी टीम ने सीरीज 2-1 से जीत ली।

इन प्रयासों की बदौलत मेहदी वनडे गेंदबाजों की नवीनतम रैंकिंग में नौ पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए, जबकि वनडे ऑलराउंडर्स की सूची में दो पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सप्ताह उल्लेखनीय सुधार करने



वाले बांग्लादेश के खिलाड़ियों में मेहदी अकेले नहीं हैं। उनके साथी खिलाड़ी तंजीद हसन (31 पायदान ऊपर चढ़कर 55वें स्थान पर) और लिटन दास (10 पायदान ऊपर चढ़कर 82वें स्थान पर) ने वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में सुधार किया, जबकि तस्कीन अहमद (12 पायदान ऊपर चढ़कर 28वें स्थान पर) और मुस्तफिजुर रहमान (13 पायदान ऊपर चढ़कर 47वें स्थान पर) ने वनडे गेंदबाजों की सूची में बढ़त हासिल की।

पाकिस्तान के सलमान अली आगा वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में नौ पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर पहुंच गए और वनडे ऑलराउंडरों की रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर आ गए। वहीं शाहीन शाह अफरीदी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में एक पायदान ऊपर चढ़कर 17वां स्थान पर हासिल किया। ताजा टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर को बड़ा फायदा हुआ है। कीवी कप्तान टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में 11 स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टी-20 ऑलराउंडरों की सूची में भी वे दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं।उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेली जा रही पांच मैचों की सीरीज के पहले दो मैचों में अच्छे प्रदर्शन के लिए यह फायदा मिला है।सैंटनर हाल ही में हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के दौरान भी न्यूजीलैंड के सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक थे। उन्होंने प्रोटियाज के खिलाफ शुरुआती दो मैचों में भी उसी फॉर्म को बरकरार रखा है, जिसमें उन्होंने तीन विकेट लिए और 35 रन बनाए, जिससे सीरीज 1-1 से बराबरी पर है और अभी तीन मैच शेष हैं। टीम के साथी लॉकी फर्ग्यूसन (18 पायदान ऊपर चढ़कर 51वें स्थान पर) ने भी टी-20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार किया है, जबकि डेवोन कॉनवे (चार पायदान ऊपर चढ़कर 70वें स्थान पर) टी-20 बल्लेबाजों की सूची में सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाले खिलाड़ी हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका के जॉर्ज लिंडे ने 33 रनों की पारी के दम पर टी-20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडरों की रैंकिंग में 11 पायदान ऊपर चढ़कर 23वां स्थान हासिल किया है।

### निर्यात आधारित औद्योगिक समूहों को फिर से मजबूत करने के प्रयास तेज

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने निर्यात आधारित औद्योगिक समूहों को फिर से मजबूत करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इसलिए निर्यात उन्मुख औद्योगिक समूहों के साथ बैठक में क्षमताओं को बढ़ाने और निर्यात बाजारों में अधिक भागीदारी को सक्षम बनाने पर बल दिया गया। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) ने निर्यात उन्मुख औद्योगिक समूहों के पुनरुद्धार पर हितधारकों के साथ वाणिज्य भवन में एक परामर्श बैठक उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया की अध्यक्षता में की। बैठक में हितधारकों ने बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी अपनाने और घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए समग्र क्लस्टर पुनरुद्धार का आह्वान किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक बैठक में लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को क्लस्टर विकास प्रयासों के केंद्र में रखने पर व्यापक सहमति बनी, जिसमें वित्त तक पहुंच में सुधार, क्षमताओं को बढ़ाने और निर्यात बाजारों में अधिक भागीदारी को सक्षम बनाने पर बल दिया गया।

## रायगढ़ स्टेडियम में आज से शुरू होगा एमएसपी कार्डिनल कप सीजन 9

एजेंसी

रायगढ़ । छत्तीसगढ़ के टेनिस बॉल क्रिकेट के प्रेमियों के लिए इंतजार की घड़ियाँ अब खत्म होने वाली हैं। 19 मार्च से एमएसपी कार्डिनल कप सीजन 9 अपने पूरे वैभव और भव्यता के साथ लौटने के लिए तैयार है। यह केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि देश के कोने-कोने से आने वाले खिलाड़ियों के लिए अपनी किस्मत और हुनर को आजमाने का एक महामंच है। कार्डिनल कप आयोजन समिति ने प्रेसवार्ता में टूर्नामेंट के बारे में विस्तार से बताया। टूर्नामेंट नॉक आउट सिस्टम से खेला जाएगा। जिसमें कुल 32 मैच होंगे। हर दिन चार मैच होंगे और हर मैच 8-8 ओवर का होगा। सेमीफाइनल और फाइनल मैच 12 ओवर का खेला जाएंगे। प्रशासन 11 और पत्रकार 11 के मैच से टूर्नामेंट का उद्घाटन होगा।सीजन 9 की तैयारियों को लेकर आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि इस बार मैदान की सजावट, पिच की गुणवत्ता और प्रकाश व्यवस्था को पिछले सभी आठ सीजनों से बेहतर बनाया गया है।

टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें शिरकत कर रही हैं। इन टीमों का चयन काफी कड़े मापदंडों के आधार पर किया गया है। कार्डिनल कप की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि इसमें किसी एक क्षेत्र के नहीं, बल्कि भारत के कोने-कोने से खिलाड़ी आ रहे हैं। मुंबई के तेजतर्रार टेनिस क्रिकेट स्टार्स से लेकर उत्तर भारत के धाकड़ बल्लेबाजों और मध्य भारत के चतुर गेंदबाजों तक, यहाँ 'विविधता में एकता' का नजारा दिखेगा।

एमएसपी कार्निडल कप की आयोजन समिति कार्डिनल रोटी बैंक ने इस बार इनामी राशि में भारी बढ़ोतरी की है । प्रथम पुरस्कार अपने नाम करने वाली टीम को दो लाख रुपये की भारी-भरकम नकद राशि और एक भव्य ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।फाइनल में कड़ी टक्कर देकर दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को एक लाख रुपये से सम्मानित किया जाएगा।

हर मैच में 'मैन ऑफ द मैच', सर्वश्रेष्ठ अनुशासित टीम, और टूर्नामेंट के अंत में 'मैन ऑफ द सीरीज' के लिए विशेष उपहार और नकद पुरस्कारों की व्यवस्था की गई है। मैदान में मैच का आनंद लेने आए दर्शकों के लिए आयोजन समिति ने आकर्षक उपहार रखें हैं।

कार्डिनल रोटी बैंक के अध्यक्ष अरुण उपाध्याय कहते हैं कि खेल दर्शकों के बिना अधूरा है। इसलिए, मैदान में आने वाले दर्शकों के अनुभव को यादगार बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। बाउंड्री लाइन के बाहर बैठने वाले दर्शकों के लिए 'कैच पकड़ो, इनाम जीतो' जैसे कई छोटे कॉन्टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक मैच के दौरान और फाइनल के दिन मैदान में मौजूद भाग्यशाली दर्शकों को आकर्षक उपहार (गैजेट्स, खेल किट और अन्य सरप्राइज) दिए जाएंगे।

### हॉकी विश्व कप: चुनौतीपूर्ण पूल डी में भारत, कोच मारिजने बोले- प्रदर्शन पर रहेगा फोकस

एजेंसी

नई दिल्ली। एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 के लिए अपनी क्वालिफिकेशन पक्की करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार शाम को टूर्नामेंट के ड्रॉ की घोषणा के बाद इस बड़े इवेंट की तैयारी कर रही है। आगामी टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम को पूल डी में इंग्लैंड, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ रखा गया है। यह टूर्नामेंट इस साल अगस्त में होने वाला है। इस ग्रुप में चीन सबसे ऊंची रैंक वाली टीम है, जो अभी दुनिया में चौथे नंबर पर है। भारत की हाल की प्रतिद्वंद्वी और एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर्स (हैदराबाद, तेलंगाना) की विजेता टीम इंग्लैंड छठे स्थान पर है, जबकि भारत और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः नौवें और उन्नीसवें स्थान पर हैं। खेलने की बिल्कुल अलग-अलग शैलियों के साथ यह ग्रुप भारतीय टीम के लिए एक रोमांचक चुनौती पेश करेगा। आगे आने वाली कड़ी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए टीम के मुख्य कोच सजोर्ड मारिजने को पूरा भरोसा है कि उनकी टीम लगातार अपनी हॉकी शैली का प्रदर्शन कर सकती है। हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में मारिजने ने कहा कि यह एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी और संतुलित पूल है। इसमें इंग्लैंड और चीन जैसी टीमें हैं जो अलग-अलग शैलियां और ढेर सारा अनुभव लेकर आती हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की महिला राष्ट्रीय हॉकी टीम हमेशा अप्रत्याशित होती है और अपने दिन पर बेहद खतरनाक साबित हो सकती है।

उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह ड्रॉ की बात नहीं है, यह इस बात की बात है कि हम मैदान पर कैसा प्रदर्शन करते हैं। विश्व कप में, हर मैच में आपको अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है। हम सभी विरोधी टीमों का सम्मान करते हैं, लेकिन हमारा ध्यान अपनी शैली की हॉकी को निरंतरता और साहस के साथ खेलने पर है। हाल ही में हैदराबाद (तेलंगाना) में संपन्न हुए एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर्स में भारत ने दूसरा स्थान हासिल किया।

### इस्पात आयात से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए मंत्रालय 23 मार्च को करेगा खुली बैठक

नई दिल्ली । इस्पात मंत्रालय 23 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के नेताजी नगर स्थित जीपीओए-3 की तीसरी मंजिल पर स्थित इस्पात कक्ष में एक खुली बैठक का आयोजन करेगा। इस बैठक में इस्पात आयात से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस्पात मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि कंपनियां और संगठन संबंधित अपने मुद्दों को इस बैठक में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस बैठक में भाग लेने के लिए पर ईमेल भेजकर उपरोक्त तिथि के लिए निश्चित समय स्लॉट प्राप्त किया जा सकता है। मंत्रायल के मुताबिक ई-मेल भेजते समय निम्नलिखित जानकारी शामिल की जा सकती है:- कंपनी/एसोसिएशन का नाम, उद्योग और उत्पाद का प्रकार, जैसे ऑटोमोबाइल /एयरोस्पेस/दूरसंचार/रक्षा, आदि। यह समस्या एसआईएमएस/एसएआरएएल एसआईएमएस और क्यूसीओ छूट से संबंधित है।

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजड़ियों का जोर, मजबूती के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। माना जा रहा है कि मजबूत ग्लोबल संकेतों, कच्चे तेल की कीमत में आई नरमी, आईटी सेक्टर में जम कर हुई खरीदारी और इंडिया वोलैटिलिटी इंडेक्स (इंडिया वीआईएक्स) के स्तर में कमी आने की वजह से शेयर बाजार में आज लगभग पूरे दिन पॉजिटिव माहौल बना रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। पहले 1 घंटे के कारोबार में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा, लेकिन इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी, रियल्टी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के



शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह टेलीकॉम, इंफ्रास्ट्रक्चर, मीडिया, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, बैंकिंग, एफएमसीजी, फार्मास्यूटिकल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, मेटल सेक्टर के शेयरों में आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 2.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.67 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े पांच लाखघ करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 438.81 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 433.30 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.51 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,432 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 3,796 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,096 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 140 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,973 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,391 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 582 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 शेयर बढ़त के साथ और 6 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 38 शेयर हरे निशान में और 12 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

# पश्चिम बंगाल चुनाव: 11 जिलाधिकारी और केएमसी कमिश्नर हटाए गए

एजेंसी

कोलकाता। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले प्रशासनिक निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एक निर्णायक कदम उठाते हुए बुधवार को 11 जिलाधिकारियों (डीएम) और कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के आयुक्त को उनके पद से हटा दिया है। आयोग इससे पहले भी राज्य के शीर्ष नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों पर भी इसी तरह की कार्रवाई कर चुका है। आयोग की बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, प्रशासनिक तटस्थता को मजबूत करने के उद्देश्य से वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर प्रमुख जिलों में जिलाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) के रूप में तैनात करने का निर्देश दिया गया है। इस बड़े फ़ेरबदल के तहत आयोग ने कई जिलों के प्रशासनिक प्रमुखों को बदलते हुए नए अधिकारियों की नियुक्ति की है। आदेश के मुताबिक, कूचबिहार में राजू मिश्रा के स्थान पर जितिन यादव और जलपाईगुड़ी में रवि प्रकाश मीणा की जगह संदीप घोष को नियुक्त किया गया है। उत्तर दिनाजपुर में भी बदलाव किया गया है, जहाँ सुरेंद्र कुमार मीणा के स्थान पर विवेक कुमार कार्यभार संभालेंगे। इसी प्रकार मालदा और मुर्शिदाबाद में क्रमशः प्रीति गोयल और नितिन सिंघानिया के स्थान पर राजबीर सिंह कपूर और आर अर्जुन को तैनात किया गया है। नदिया जिले में निखिल निर्मल को हटाकर श्रीकांत पल्ली को लाया गया है, जबकि पूर्वी बर्धमान में आयशा रानी की जगह श्वेता अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई है। आयोग ने उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों के नेतृत्व में भी बदलाव किया है, जहाँ उत्तर 24 परगना में शशांक सेठी की जगह शिल्पा गौरीसरिया और दक्षिण 24 परगना में अरविंद कुमार मीणा के स्थान पर अभिषेक कुमार तिवारी को नियुक्त किया गया है। उत्तरी पहाड़ी जिले दार्जिलिंग में सुनील अग्रवाल के स्थान पर हरिशंकर पाणिक्कर को तैनात किया गया है, वहीं अलीपुरद्वार में आर विमला को हटाकर टी बालसुब्रमण्यम को नया जिलाधिकारी-सह-डीईओ बनाया गया है। कोलकाता में केएमसी आयुक्त अंशुल गुप्ता के स्थान पर स्मिता पांडे को नियुक्त किया गया है।

# मंत्रिमंडल ने 2584 करोड़ रुपये की लागत वाली लघु जल विद्युत विकास योजना को मंजूरी दी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने विशेष रूप से देश के दूर-दराज के क्षेत्रों में पन बिजली क्षमता का दोहन करने के लिए 2584 करोड़ रुपये की लागत से 'लघु जल विद्युत विकास योजना' शुरू करने का निर्णय लिया है जिसके अंतर्गत करीब 1500 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं की स्थापना की जायेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 'लघु जल विद्युत विकास योजना' को वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए स्वीकृति दी गयी है और इसकी कुल लागत 2584.60 करोड़ रुपये है। इस योजना के अंतर्गत लगभग 1500 मेगावाट क्षमता की लघु जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना विभिन्न राज्यों में 1 से 25 मेगावाट क्षमता वाली लघु जल विद्युत परियोजनाओं को स्थापित करने में सहायता प्रदान करेगी और विशेष रूप से पहाड़ी तथा पूर्वोत्तर राज्यों को लाभान्वित करेगी, जहां ऐसी परियोजनाओं की अधिक संभावनाएं हैं। पूर्वोत्तर राज्यों तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे जिलों में प्रति मेगावाट 3.6 करोड़ रुपये या परियोजना लागत का 30 प्रतिशत (जो भी कम हो) तक की केंद्रीय वित्तीय सहायता दी जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा प्रति परियोजना 30 करोड़ रुपये होगी। अन्य राज्यों में प्रति मेगावाट 2.4 करोड़ रुपये या परियोजना लागत का 20 प्रतिशत (जो भी कम हो) तक सहायता दी जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा प्रति



परियोजना 20 करोड़ रुपये होगी। इससे दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में लघु जल विद्युत क्षमता का उपयोग करने में सहायता मिलेगी। ऐसी परियोजनाओं के लिए 2,532 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इससे लघु जल विद्युत क्षेत्र में लगभग 15,000 करोड़ रुपये का निवेश आने की संभावना है, जिससे स्वच्छ ऊर्जा पहल को बढ़ावा मिलेगा, दूर दराज के और ग्रामीण क्षेत्रों में निवेश बढ़ेगा तथा रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर उत्पन्न होंगे। यह निवेश संयंत्र और मशीनरी के 100 प्रतिशत स्वदेशी स्रोतों से उपयोग को भी प्रोत्साहित करेगा, जिससे आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य की पूर्ति होगी। यह योजना राज्यों को लगभग 200 परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के लिए भी प्रोत्साहित करेगी, जिससे भविष्य में लघु जल विद्युत परियोजनाओं की एक श्रृंखला तैयार हो सके। इसके लिए राज्य और केंद्र सरकार की एजेंसियों को सहायता प्रदान करने के लिए 30 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। यह योजना परियोजना निर्माण के दौरान 51 लाख मानव-दिवस रोजगार प्रदान करेगी तथा इन लघु जल विद्युत परियोजनाओं के संचालन और रखरखाव में भी रोजगार के अवसर उत्पन्न करेगी, जो मुख्यतः ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्थापित होंगी। लघु जल विद्युत परियोजनाएं विकेंद्रीकृत प्रकृति की होने के कारण लंबी प्रसारण लाइनों की आवश्यकता कम होती है, जिससे प्रसारण हानि भी कम होती है। इस योजना के शुरू होने से लघु जल विद्युत क्षेत्र को पुनर्जीवित किया जाएगा और उपलब्ध क्षमता का तेज गति से दोहन संभव होगा। लघु जल विद्युत परियोजनाएं पर्यावरण के अनुकूल होती हैं, क्योंकि इनमें बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण, वनों की कटाई और समुदायों के विस्थापन से बचा जा सकता है। यह योजना स्थानीय निवेश को बढ़ावा देकर दूरस्थ क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी प्रोत्साहित करेगी तथा 40 से 60 वर्ष या उससे अधिक की परियोजना आयु के साथ दीर्घकालिक रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी।

# 5 अरबवीं थाली परोसने का मनाया उत्सव

एजेंसी

नई दिल्ली । राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में अक्षय पात्र फाउंडेशन ने 5 अरबवीं थाली परोसने का उत्सव मनाया। 25 वर्ष की इस साधना-यात्रा के उत्सव में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल हुए। कार्यक्रम में अक्षय पात्र के संस्थापक-चेयरमैन और इस्कॉन बेंगलोर के प्रेसिडेंट मधु पंडित दास तथा वाइस चेयरमैन चंचलापति दास उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का विषय सुपोषित और सुशिक्षित भारत से विकसित भारत था, जिसने विकसित भारत के लिए बाल पोषण और शिक्षा की दिशा में सामूहिक प्रयासों को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में अक्षय पात्र के ट्रस्टी बोर्ड के सदस्य, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, प्रतिष्ठित नेता, सार्वजनिक नीति से जुड़े विचारक, परोपकारी, साझेदार, समर्थक और अन्य प्रमुख हितधारक शामिल हुए। इसके अलावा अक्षय पात्र के कुछ पूर्व लाभार्थी, छात्र, अभिभावक, शिक्षक और सरकारी स्कूलों के कर्मचारी भी उपस्थित थे। उत्सव के दौरान माननीय राष्ट्रपति ने बच्चों को उपहार दिए और उन्हें भोजन परोसकर इस उपलब्धि का उत्सव मनाया।

भारत सरकार की प्रमुख योजना पीएम-पोषण के कार्यान्वयन सहयोगी के रूप में अक्षय पात्र देशभर के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों बच्चों को ताजा और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रहा है। वर्तमान में फाउंडेशन 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में 78 स्थानों पर स्थित अत्याधुनिक रसोईघरों के माध्यम से 23.5 लाख बच्चों को प्रतिदिन भोजन उपलब्ध करा रहा है। संस्था का लक्ष्य वर्ष 2030 तक प्रतिदिन 30 लाख बच्चों को भोजन उपलब्ध कराना है।

# म्यांमार आतंकी कनेक्शन में सात विदेशी नागरिक गिरफ्तार

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सात विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें छह यूक्रेनी नागरिक और एक अमेरिकी नागरिक शामिल हैं। इन पर म्यांमार में आतंकी गतिविधियों से जुड़े प्रशिक्षण देने का आरोप है।

एनआईए के अनुसार, सभी आरोपी अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और म्यांमार में हथियार चलाने तथा ड्रोन ऑपरेशन का प्रशिक्षण देने में कथित रूप से शामिल थे। जांच में यह भी सामने आया है कि प्रशिक्षण में इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन यूरोप से खरीदे गए थे। गिरफ्तार आरोपियों को विशेष एनआईए अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 11 दिनों की एनआईए हिरासत में भेज दिया गया है। फिलहाल एजेंसी आरोपियों से अवैध प्रवेश, हथियार प्रशिक्षण, ड्रोन संचालन और ड्रोन खरीद नेटवर्क को लेकर गहन पूछताछ कर रही है।

# संबद्ध पुस्तकों का लोकार्पण समारोह संपन्न

## केपी सिंह अपनी सृजन कला द्वारा निरंतर रचना कर्म करते रहते हैं : प्रो.पाणी

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के विभागाध्यक्ष; दिल्ली विश्वविद्यालय गांधी भवन के निदेशक प्रो.के.पी. सिंह के 25 वर्ष ( 2001-2026) के शैक्षणिक यात्रा को समर्पित तीन पुस्तकों का लोकार्पण समारोह गांधी भवन परिसर में संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली पुस्तकालय संघ द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दिल्ली विश्वविद्यालय कुल गीत से हुआ।समारोह के मुख्य अतिथियों का परिचय डॉ.मनीष कुमार ने दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आद्या जागिनी मठ सूरत के पीठाधीश जगद्गुरु धर्माचार्य श्री 108 सूर्यनारायण दास जी महाराज जी;कार्यक्रम के अध्यक्ष डीन कॉलेजेज प्रो.बलराम पाणी जी;अन्य अतिथि प्रो.बी.पी मंगला;प्रो.इंद्र मोहन कपाही; प्रो.प्रेम सिंह; प्रो.राकेश कुमार भट्ट का अभिनंदन अंगवस्त्र,पुष्प-



गुच्छ,स्मृति चिन्ह देकर किया गया।कार्यक्रम के केंद्र बिंदु प्रो.के पी सिंह का स्वागत दिल्ली पुस्तकालय संघ के सभी पदाधिकारियों डॉ ज्ञानेंद्र नारायण सिंह,प्रो.मीरा आदि ने किया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन प्रो.प्रेरणा मल्होत्रा ने किया।

प्रो.प्रेम सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रो.बीपी मंगला,डॉ.रंगनाथन के बाद प्रो.केपी सिंह पुस्तकालय सूचना विभाग के भीष्म पितामह हैं।उन्होंने प्रो.केपी सिंह के विश्वविद्यालय सेवा के 25 वर्षों की यात्रा के लिए बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रो.केपी सिंह के अकादमिक जीवन-यात्रा पर आधारित पुस्तक,'''Silver Linings Shaping Minds and Institution'' पर चर्चा करते हुए प्रो. प्रेम सिंह ने बताया कि इस पुस्तक में प्रो.सिंह की अकादमिक यात्रा के अलग अलग पड़ावों और उपलब्धियों के विषय में संपादकों एवं लेखकों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं।

प्रो.बी.पी.मंगला ने सभी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि गुरुओं का भी कभी कभी भाग्य होता है जब प्रो.केपी सिंह जैसे शिष्य उनके हिस्से में आते हैं।उन्होंने कहा है कि निस्वार्थ भाव से परिपूर्ण केपी सिंह जहां रहते है;वह स्थान वैभवपूर्ण हो जाता है। प्रो इंद्र मोहन कपाही ने कहा कि जब आप पुस्तकालय विज्ञान विभाग में घुसेंगे तो आपको लगेगा कि किसी अलग दुनिया में आ गए हैं। केपी सिंह ने यह करके दिखाया कि अपनी कर्मभूमि को और श्रेष्ठ कैसे बनाएं। अपनी तरफ से कुछ भी सहयोग करने में संकोच नहीं करेंगे।

## अश्लील गीतों और दृश्यों पर रोक लगाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: वैष्णव

**नयी दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोक सभा में कहा कि सरकार अश्लील गीतों एवं दृश्यों पर रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे मामलों में शीघ्रता से प्रतिबंध लगाये जाते हैं। श्री वैष्णव ने समाजवादी पार्टी के आनंद भदौरिया के प्रश्न के उत्तर में बताया कि 'सरके चुनर' गीत पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सरकार अश्लील गीतों और दृश्यों को लेकर गंभीर है और इन पर प्रतिबंध लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई की जा जाती है। कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि महत्वपूर्ण खनिज की उपलब्धता के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है और विदेशों से भी इस बारे में संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रानिक उपकरणों के स्क्रैप से जरूरत के 40 प्रतिशत महत्वपूर्ण खनिज हासिल किये जा सकते हैं। राज्य सरकारों और आम लोगों से वह अपील करते हैं कि इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बर्बाद न करें और उनसे महत्वपूर्ण खनिज निकलवाने में संबंधित एजेंसियों के साथ सहयोग करें। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए उपभोक्ता हेल्पलाइन शुरू की गयी है, इस पर बड़ी संख्या में शिकायतें आ रही हैं। सरकार इस हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारी नियुक्त करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के अधिकारों के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं।

## एक साथ चुनाव के लिए गठित संसदीय समिति के प्रतिवेदन पेश करने की अवधि बढ़ी

नयी दिल्ली। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान (129 वां संशोधन) विधेयक, 2024 पर बनी संयुक्त संसदीय समिति के प्रतिवेदन को पेश करने के समय को बढ़ाने के प्रस्ताव को लोकसभा ने बुधवार को ध्वनि मत से पारित कर दिया। विधेयक की समीक्षा कर रही समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने प्रतिवेदन पेश करने की अवधि आगामी मानसून सत्र के आखिरी सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ाने का प्रस्ताव पेश किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। गौरतलब है कि श्री चौधरी की अध्यक्षता वाली संयुक्त समिति इस विधेयक की समीक्षा कर रही है। इस विधेयक का उद्देश्य सभी विधानसभाओं का कार्यकाल लोकसभा के कार्यकाल के साथ जोड़ना है।

## गारंटी के साथ एमएसपी सख्ती से लागू करे सरकार : विपक्ष

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तत्काल देने की मांग करते हुए कहा है कि खुद सरकार ने किसानों से यह वादा किया था, इसलिए उसे एमएसपी गारंटी के प्रावधान को लागू कर सख्ती से इसका पालन करना चाहिए। लोकसभा में कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वारंग ने बुधवार को केंद्रीय बजट (दूसरा प्रक्रम) वर्ष 2025-26 के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा की शुरुआत करते हुए छोटे किसानों के कर्ज माफ करने और किसानों लिए एमएसपी की गारंटी देने की मांग की। उनका कहना था कि किसानों ने इसके लिए लंबी लड़ाई लड़ी है और खुद मोदी सरकार ने किसानों से यह वादा किया था इसलिए उन्हें एमएसपी गारंटी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों ने एमएसपी मांग को लेकर दिल्ली की सीमा पर डेढ साल तक अभूतपूर्व आंदोलन किया था जिसमें वह खुद भी शामिल हुए थे लेकिन सरकार ने डेढ़ साल तक किसानों की समस्या को नहीं सुना था। इस आंदोलन में शामिल होकर उन्होंने देखा था कि किसान धूप, वर्षा, जाड़े में बैठकर अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करते रहे। इस आंदोलन में 750 किसान शहीद हुए थे और तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि तथा किसानों से संबंधित तीनों कानून वापस लेने की घोषणा की थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार तथा केंद्र की भाजपा सरकार के बीच विवाद हो सकता है और राजनीति हो रही है लेकिन इस विवाद के कारण पंजाब के किसानों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से पंजाब के किसानों को उनका हक देने की मांग की। उन्होंने लुधियाना कृषि विश्वविद्यालय को अनुदान देने की मांग की ताकि वहां कृषि संबंधी अनुसंधान बिना बाधा के हो सके। भाजपा के कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी ने कहा कि मोदी सरकार से किसानों को पूरी मदद दी जा रही है और उनके राज्य तेलंगाना में किसान केंद्र सरकार की नीतियों के कारण चावल उत्पादन क्षेत्र में संपन्न हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि तेलंगाना को केंद्र से पर्याप्त मदद दी जा रही है और किसानों को सबसे अच्छी तरह से सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों से संबंधित मामलों का परिचालन और संचालन बेहतर हो रहा है और इसका सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है।

# पेज एक का शेष

## प्रदेश में न कोई ...

पहले युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ होता। जाति और तुष्टिकरण की राजनीति ने प्रदेश को पीछे धकेला दिया था। संस्कृत पढ़ने वाले बच्चों के लिए लॉजिंग-फूडिंग की नई स्कीम लागू होगीमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गरीब का बच्चा भी वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त विद्यालय में पढ़ सकता है। प्रदेश सरकार के प्रयासों से आज ड्रॉप आउट रेट जीरो पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि संस्कृत पढ़ने वाले बच्चों के लिए लाजिंग-फूडिंग की नई स्कीम लागू की जाएगी। हमने जातीय और क्षेत्रीय चश्मे से प्रदेश को नहीं देखाः योगीमुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जातीय और क्षेत्रीय चश्मे से प्रदेश को नहीं देखा। प्रदेश में गरीब कल्याण योजनाओं के माध्यम से 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन सुविधा का लाभ मिल रहा है। मुसहर, वनटांगिया, थारू, सहरिया, बुक्सा जनजातियों को बिजली, पानी और आवास सुविधाएं दी जा रहीं हैं। दलित, वंचित, गरीब और पिछड़ी जातियों से जुड़े लोगों तक सरकार ने सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। हमने किसी का चेहरा देखकर लाभ नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व उनकी विजनरी नेतृत्व क्षमता के तहत बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में जो परिवर्तन हुआ है, वह डबल इंजन सरकार की नीतियों, पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, जनप्रतिनिधियों की सेवा भावना और जनता जनार्दन के सहयोग का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता को इन नौ वर्षों की उपलब्धियों के लिए हृदय से बधाई देते हुए कहा कि यह परिवर्तन 25 करोड़ प्रदेशवासियों की सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय प्रदेश में भर्तियां नहीं होती थीं, क्योंकि सरकार की नीयत साफ नहीं थी और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता था। लेकिन पिछले 9 वर्षों में सरकार ने 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी हैं, जिनमें 2 लाख 19 हजार से अधिक पुलिस कर्मियों की भर्ती शामिल है। कांग्रेस, सपा-बसपा ने किसान को बनाया कर्जदारमुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, सपा-बसपा ने किसानों को कर्जदार बना दिया था। हमारी सरकार ने उसे फिर उत्पादक श्रेणी में खड़ा किया है। सरकार ने पहला निर्णय ही किसानों के लिए लिया था। प्रदेश में कृषि क्षेत्र में यूपी की विकास दर 8.5 से बढ़कर 18 फीसदी पहुंच गई है।

## ईरान के खुफिया...

मंत्री इस्माइल खतीब मारे गए हैं। इजरायली अखबार टाइम्स ऑफ इजरायल ने यह जानकारी दी है। रक्षा मंत्री ने एक सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान यह भी संकेत दिया कि आज सभी मोर्चों पर ''चौंकाने वाली जानकारी'' मिल सकती है। रक्षा मंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, श्री काट्ज़ ने कहा कि ईरान और लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ चलाए जा रहे युद्ध की तीव्रता बढ़ाई जा रही है। उन्होंने पुष्टि की कि रात के समय किए गए हमलों में ईरानी खुफिया मंत्री खतीब को मार दिया गया है। रक्षा मंत्री ने चेतावनी दी है कि आज होने वाली कार्रवाई से ईरान के खिलाफ चल रहे संघर्ष में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। श्री काट्ज़ ने कहा कि उन्होंने और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) को किसी भी वरिष्ठ ईरानी सैन्य या राजनीतिक अधिकारी को खत्म करने के लिए पूर्ण अधिकार दे दिए हैं। उन्होंने बताया कि अब ऐसे ऑपरेशनों के लिए सेना को भविष्य में किसी अतिरिक्त मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगी। ईरान ने बुधवार को इजरायल पर ताजा हमले करते हुए अपने शीर्ष नेताओं की हत्या का बदला लेने की घोषणा की है।

तड़के तेल अवीव और यरुशलम में प्रत्यक्षदर्शियों ने आकाश में चमक देखे जाने की सूचना दी, जिनमें तेल अवीव के ऊपर क्लस्टर म्युनिशन मिसाइल जैसा दृश्य भी शामिल था। तेल अवीव के कई इलाकों में गिरते मलबे से नुकसान हुआ, जिसके बाद बम निरोधक दस्तों और आपातकालीन सेवाओं को तैनात किया गया। इससे पहले बुधवार को मध्य इजरायल में मिसाइल के छर्रों से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तेल अवीव के उत्तर में स्थित ब्नेई ब्राक शहर में एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ। आपातकालीन सेवाओं के हवाले से यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों में दी गई है। ईरानी सेना ने कहा कि उसने इजरायल के खिलाफ ''तीव्र'' हमले किए हैं। एक कमांडर ने इस कार्रवाई को ''तेज रफ्तार हमला'' बताया। ईरान की अर्द्ध-आधिकारिक तस्नीम समाचार एजेंसी ने ऐसे वीडियो प्रसारित किए, जिनमें तेल अवीव की ओर दागी गई मिसाइलें दिखाई गईं। इनमें खोर्रमशहर-4 मिसाइल भी शामिल बताई गई है, जिसे विशेषज्ञ 80 तक छोटे बम ले जाने में सक्षम मानते हैं।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि ये हमले राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख अली लारिजानी की हत्या के ''प्रतिशोध'' में किए गए हैं, जिन्हें कथित तौर पर मंगलवार को इजरायली हमले में मार दिया गया था। उधर, बुधवार तड़के ईरान के विभिन्न हिस्सों में भी विस्फोटों की खबरें सामने आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फारस की खाड़ी के प्रमुख बंदरगाह शहर बंदर अब्बास में नौसैनिक और बंदरगाह सुविधाओं के पास कई धमाके हुए। सुबह लगभग 8:00 बजे नौसेना क्षेत्र और शाहिद बहोनर बंदरगाह के पास विस्फोट सुने गए। इसके बाद 8:15 बजे जहानबर क्षेत्र में तथा 8:40 बजे शाहिद राजाई बंदरगाह के तेल टर्मिनल और नियंत्रण टॉवर के पास भी धमाकों की सूचना मिली। दक्षिण-पश्चिमी खुजेस्तान प्रांत के प्रमुख शहर अहवाज़ में सुबह करीब 9:30 बजे ज़ैतून करमांदी इलाके में जोरदार विस्फोट हुआ, जिससे आसपास के इलाकों में खिड़कियां टूटने की खबर है। कर्मानशाह प्रांत के सोंगहोर कस्बे में सुबह करीब 5:00 बजे विस्फोट की सूचना मिली, जबकि फार्स प्रांत के काज़ेरून के पास लगभग 6:55 बजे धमाका सुना गया। तेहरान के पश्चिम में मालार्ड क्षेत्र में सुबह 6:50 से 7:10 बजे के बीच कई विस्फोट हुए, जबकि पास के अलबोर्ज प्रांत के फर्दीस क्षेत्र में भी लगभग 7:11 बजे कई धमाकों की आवाजें सुनी गयीं।

## ईडी रेड में ममता...

की प्रक्रिया पूरी तरह दरकिनार हो जाएगी और एक विभाग दूसरे के खिलाफ इस अनुच्छेद का इस्तेमाल करने लगेगा। वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने भी कहा कि ईडी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए नहीं कह सकती। सिब्बल ने कहा, ईडी सीबीई से जांच कराने के लिए नहीं कह सकती, जब तक कोई मूल अपराध दर्ज नहीं होता, ईडी मामले में नहीं आ सकती और न ही वह मौलिक अधिकार के नाम पर सीबीआई से प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए याचिका दायर कर सकती है। जनवरी में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आई-पैक के निदेशक प्रतीक जैन के घर पहुंच गई थीं, जब ईडी इस राजनीतिक परामर्श फर्म पर छापेमारी कर रही थी। केंद्रीय एजेंसी के अनुसार, बनर्जी छापेमारी के दौरान महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंचीं और जांच में बाधा डाली, साथ ही दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे अहम सबूत अपने साथ ले गईं। ममता बनर्जी ने इन आरोपों से इनकार किया और कहा है कि केंद्रीय एजेंसी केंद्र सरकार की 'राजनीतिक बदले की भावना' के तहत काम कर रही है।

## बनेंगे 100 नये विश्व...

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसके तहत देश भर में 100 प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्कों का निर्माण किया जायेगा जिससे विनिर्माण को गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि हर औद्योगिक पार्क 100 एकड़ से 1,000 एकड़ के क्षेत्रफल में होगा। पूर्वोत्तर राज्यों और पर्वतीय इलाकों के लिए न्यूनतम 25 एकड़ की सीमा रखी गयी है। केंद्र सरकार प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये की वित्तीय मदद देगी जिससे पार्कों के अंदर सड़कें, भूमिगत यूटिलिटी सुविधाएं, नाली, साझा ट्रीटमेंट संयंत्र और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा प्रशासनिक तंत्र तैयार किये जायेंगे। साथ ही निवेशकों के लिए फैक्ट्री शेड, जांच प्रयोगशालाएं और वेयरहाउस भी पहले से तैयार होंगे। श्रमिकों के रहने के लिए घर और अन्य सहायक सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, परियोजना लागत के 25 प्रतिशत तक की केंद्रीय मदद बाह्य बुनियादी ढांचों के लिए दी जायेगी। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार की नीतियों में स्थिरता, प्रतिभा भंडार और डिजाइनिंग की क्षमता के दम पर भारत विनिर्माण के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बन कर उभरा है। प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्कों से 'आत्मनिर्भर भारत' तथा 'मेक इन इंडिया' को समर्थन मिलेगा और विशेषकर युवा वर्ग को काफी लाभ होगा। उन्हें विनिर्माण सेक्टर में रोजगार के अवसर मिलेंगे और आने वाले समय में देश को बहुत फायदा होगा। उन्होंने बताया कि यह छह साल का कार्यक्रम होगा। राज्य सरकारों, केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों और निजी डेवलपरों के साथ मिलकर कुल 34,000 एकड़ में निवेश के लिए तैयार क्षेत्र विकसित करने का लक्ष्य है। औद्योगिक पार्क के विकास के लिए शहरों का चयन चैलेंज के आधार पर किया जायेगा। योजना से विनिर्माण कंपनियों, एमएसएमई, स्टार्टअप और वैश्विक निवेशकों को लाभ की उम्मीद है। विनिर्माण गतिविधियां बढ़ने से कामगार, लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता, सेवा क्षेत्र की कंपनियां और स्थानीय लोग भी लाभान्वित होंगे।

## राजनीति में निरंतर...

नया आयाम मिलता है और निर्णय प्रक्रिया मजबूत बनती है। उन्होंने कहा कि यही हमारे लोकतंत्र की मजबूती है। श्री खरगे ने अपने संबोधन की शुरूआत एक शेर से करते हुए कहा,'' कहां से शुरू करें कुछ समझ नहीं आता है आपकी विदाई के जिक्र से दिल भर आता है।'' उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन के लोग कभी रिटायर्ड नहीं होते। मैं 50 वर्ष से अधिक समय से सार्वजनिक जीवन में हूं और राज्यसभा का मेरा अनुभव खटटा मीठा रहा है । उन्होंने कहा कि इस सदन को सार्थक बनाने के लिए और अधिक कुछ करने की जरूरत है जिससे यह समाज को और योगदान दे सकें। नेता विपक्ष ने श्री देवेगौड़ा का जिक्र करते हुए हल्के अंदाज में कहा कि उन्होंने मोहब्बत हमारे साथ की लेकिन शादी मोदी साहब के साथ की। उन्होंने कहा कि श्री शरद पवार राष्ट्रीय नेता रहे हैं और उनका लंबा अनुभव रहा है। उन्होंने कहा कि श्री अठावले अपनी कविता के रूप में मोदी जी का ही गुणगान करते हैं उनको और कोई कविता नहीं आती है। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह एक दशक तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और राज्यसभा में भी उन्होंने अच्छा काम किया। श्री खरगे ने कहा कि कांग्रेस सदस्यों शक्ति सिंह गोहिल और नीरज डांगी ने अपनी योग्यता और क्षमता के साथ योगदान दिया है तथा रजनी पाटिल समाज और बच्चों के बारे में काम करती रही हैं। उन्होंने कहा कि साकेत गोखले ने योगदान दिया है। उप सभापति हरिवंश के बारे में उन्होंने कहा कि वह शालीन और शिष्ट व्यवहार वाले नेता हैं और उन्होंने अपने कामों को हमेशा पूरा किया है। सदन में सत्ता और विपक्ष की भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने का कि अच्छे कानून में दोनों पक्षों का योगदान होता है और सभी विधेयकों पर बराबर बहस होनी चाहिए तथा सदस्यों को समान अवसर दिये जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद की कार्यवाही के दिन बढाये जाने चाहिए। उन्होंने कार्यवाही से शब्दों को हटाये जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई बार इसमें बहुत सख्ती बरती जाती है। श्री हरिवंश ने सेवा निवृत सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जतायी कि ये सभी देश को इसी तरह राहत दिखाते रहेंगे।

# कैबिनेट ने 2,584 करोड़ रुपये के लघु जल विद्युत विकास योजना’ को मंजूरी दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली । केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष 2026-27 से लेकर अगामी वित्त वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए 1500 मेगावाट क्षमता वाली 2584.60 करोड़ रुपये के लघु जल विद्युत (एसएचपी) विकास योजना’ को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 की अवधि के लिए ‘लघु जल विद्युत (एसएचपी) विकास योजना‘ को अपनी मंजूरी दे दी है। वैष्णव ने कहा कि इस योजना के तहत लगभग 1500 मेगावाट क्षमता वाली लघु जल विद्युत (एसएचपी) परियोजनाओं की स्थापना के लिए 2584.60 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह योजना अलग-अलग राज्यों में छोटे हाइड्रो प्रोजेक्ट (1-25 मेगावाट क्षमता वाले) लगाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि इससे खास तौर पर पहाड़ी और उत्तर-पूर्वी राज्यों को फ़ायदा होगा, जहाँ ऐसे प्रोजेक्ट की बहुत ज्यादा संभावना है। वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत राज्यों को लगभग 200 परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा, ताकि भविष्य में लघु जलविद्युत परियोजनाओं की एक श्रृंखला तैयार हो सके। इस प्रकार की डीपीआर तैयार करने के लिए राज्य और केंद्र सरकार की एजेंसियों को सहायता प्रदान करने हेतु 30 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना से परियोजना निर्माण के दौरान 51 लाख व्यक्ति-दिवस का रोजगार सृजित होगा। इसके साथ ही ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्थापित होने वाली इन एसएचपी (स्मॉल हैंड हीटर) परियोजनाओं के रखरखाव और संचालन में भी रोजगार सृजित होगा। एसएचपी परियोजनाएं विकेंद्रीकृत होने के कारण लंबी पारेषण लाइनों की आवश्यकता न्यूनतम होती है, जिससे पारेषण हानि भी कम होती है।

# जिले के 57 पंचायतों में पैक्स चुनाव को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से हुआ मतदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिय । जिले के 57 पंचायतों में पैक्स चुनाव को लेकर बुधवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सुबह सात बजे से पैक्स चुनाव के लिए मतदाता मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर पंक्तिबद्ध होकर खड़े हो गए।चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।दंडाधिकारी के साथ पुलिस अधिकारियों और बलों की तैनाती मतदान केन्द्र पर की गई थी,ताकि मतदाता निर्भीक होकर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कर सके।

जिले के कुल 186 मतदान केंद्रों पर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारियों और भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। मतदान सुबह सात बजे से शाम 4 बजकर 30 मिनट तक चली।जिला प्रशासन ने स्वच्छ, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक बूथ पर दंडाधिकारी और पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किया था। जानकारी के अनुसार, जिले में कुल 69 पंचायतों में चुनाव प्रस्तावित था। इनमें से 9 पंचायतों में पैक्स चेयरमैन पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन हो गया। वहीं, जोकीहाट प्रखंड की तीन पंचायतों में कोरम पूरा न होने के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया है। इस प्रकार, अब 57 पंचायतों में ही मतदान हो रहा है।खासतौर पर अररिया प्रखंड में 9 पंचायतों के लिए पैक्स चेयरमैन पद का चुनाव हो रहा है, जबकि 5 पंचायतों में कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए वोटिंग हुई।इन 9 पंचायतों के लिए कुल 25 बूथ बनाए गए थे, जहां पैक्स चेयरमैन पद के लिए 28 प्रत्याशी मैदान में हैं। इस बीच, कुसियारगांव पंचायत से निवर्तमान चेयरमैन धीरेंद्र प्रसाद सिंह और बेलवा पंचायत से पूर्व चेयरमैन तनवीर आलम निर्विरोध चुने जा चुके हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## उपराज्यपाल ने दिल्ली के सभी इलाकों और संस्थानों में अग्नि ऑडिट के दिए निर्देश

नई दिल्ली । दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पालम अग्निकांड पर चर्चा करते हुए सभी इलाकों और संस्थानों में व्यापक अग्नि ऑडिट का निर्देश दिया गया है। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्रिय आपदा जोखिम प्रबंधन के दृष्टिकोण के अनुरूप शहरी बाढ़ नियंत्रण उपायों और दिल्ली की जल निकासी मास्टर प्लान की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि आज पालम में हुई दुर्भाग्यपूर्ण आवासीय अग्नि घटना पर चर्चा की। इसी घटनाओं की रोकथाम को मजबूत करने के लिए सभी इलाकों और संस्थानों में व्यापक अग्नि ऑडिट का निर्देश दिया। उपराज्यपाल ने बताया कि आज की बैठक में एलपीजी/पीएनजी/पेट्रोल/डीजल की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई।

## कटिहार में गैस आपूर्ति की स्थिति सामान्य, अफवाहों से बचें : डीएसओ

कटिहार । मध्य पूर्व में चल रहे विवाद के कारण गैस आपूर्ति को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं और अफवाहें फैलाई जा रही हैं। जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) सुशील कुमार ने बताया कि कटिहार में गैस की स्थिति सामान्य है और पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध हैं। कटिहार जिला के तीनों अनुमंडल क्षेत्रों में कुल 54 गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स हैं, जिनके पास 16149 घरेलू ख्रध्क्गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। कल 5658 सिलेंडर की आपूर्ति की गई है, जबकि बुकिंग 5121 थी। इसके अलावा, 979 व्यवसायिक गैस सिलेंडर भी उपलब्ध हैं। जिला प्रशासन ने गैस आपूर्ति की गहन निगरानी के लिए 16 धावा दल गठित किए हैं और अफवाहों से बचने की अपील की है। जरूरतमंद संस्थानों को गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। डीएसओ ने आम लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता होने पर ही गैस बुक करें। समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर 06452-239025 और 239026 पर संपर्क करें।

## असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन पद पर बहाली के लिए आवेदकों की काउंसलिंग की गयी

अररिय । डीडीसी सह अध्यक्ष जिला चयन समिति की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री श्रमशक्ति योजनान्तर्गत असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन पद हेतु प्राप्त आवेदनों के आलोक में चयन प्रक्रिया को लेकर बुधवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में आवेदकों की काउंसलिंग की गई, जिसमें कुल 89 आवेदनों में 50 अभ्यार्थियों ने भौतिक रूप से उपस्थित होकर भाग लिया। काउंसलिंग के दौरान अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाण पत्र, तकनीकी योग्यता एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का गहन जांच किया गया। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने के उद्देश्य से सभी आवेदकों का क्रमवार मूल्यांकन किया गया। इस क्रम में अभ्यर्थियों से उनके कौशल एवं अनुभव से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की गई। बैठक में सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण,सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग तथा संबंधित प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री श्रमशक्ति योजना के तहत युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित होगी।

## राज्यसभा चुनाव में अनुपस्थिति पर कांग्रेस के तीन विधायकों से जवाब-तलब

पटना । प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ने राज्यसभा चुनाव के दौरान पार्टी के तीन विधायकों की अनुपस्थिति को गंभीर मानते हुए उन्होंने कांग्रेस विधायक मनोहर प्रसाद सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद एवं मनोज विश्वास से दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। कपिलदेव प्रसाद यादव ने कहा कि दिनांक 16 मार्च 2026 को संपन्न राज्यसभा चुनाव के दौरान संबंधित विधायक मतदान प्रक्रिया से अनुपस्थित पाए गए, जिसके कारण महागठबंधन को पराजय का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान संबंधित विधायकों से मोबाइल के माध्यम से लगातार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन न तो कॉल रिसीव किया गया और बाद में उनका फोन स्विच ऑफ पाया गया। अनुशासन समिति अध्यक्ष ने तीनों विधायकों से इस संबंध में दो दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण देने को कहा है।

## पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर ठगी के पांच आरोपित गिरफ्तार

नालंदा, बिहारशरीफ। नालंदा जिले के कतरीसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत साइबर ठगी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गोरैया बिगहा तथा कतरपुर गांव में चलाये गये विशेष छापेमारी अभियान में आज बुधवार को पांच शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से ठगी में प्रयोग होने वाली सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ युवक बागीचे में बैठकर साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। एसपी नालंदा के निर्देश पर डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पकड़े गये ठगों में कतरपुर निवासी राजकुमार प्रसाद के पुत्र शुभम कुमार उर्फ हिमांशु, बजड़ा चक निवासी राजकुमार प्रसाद के पुत्र प्रिंस कुमार उर्फ अंजनी कुमार, गोरैया बिगहा निवासी अरविन्द कुमार के पुत्र आदित्य राज उर्फ जेपी, अखिलेश कुमार के पुत्र अमित कुमार तथा सरमेरा थाना क्षेत्र के अहियापुर निवासी प्रितम कुमार के पुत्र पियुष कुमार उर्फ अंजनी कुमार शामिल है। पुलिस ने इनके पास से 11 स्मार्टफोन, दो कीपैड मोबाइल, चार फर्जी सिम कार्ड तथा 89 पन्नों की ऑर्डर शीट बरामद की है, जिसमें ग्राहकों के नाम, पते और मोबाइल नंबर दर्ज थे। इसके अलावा साइबर ठगी से संबंधित अन्य उपकरण भी जब्त किए गए हैं। डीएसपी ने बताया कि यह गिरोह पेट्रोल पंप की डीलरशिप दिलाने के नाम पर लोगों से रजिस्ट्रेशन और प्रोसेसिंग शुल्क के बहाने ठगी करता था। पुलिस अब गिरोह के नेटवर्क और अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। छापेमारी दल में गिरियक पुलिस निरीक्षक सुमंत कुमार, थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, एएसआई धर्मेन्द्र कुमार, एएसआई मनीष कुमार, एएसआई रुदल पासवान, एएसआई संजय दास सहित थाना के जवान शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में साइबर अपराधियों में हड़कंप मच गया है। लोगों की मानें तो राजगीर प्रखंड के छबिलापुर थाना क्षेत्र के गांवों में यह धंधा प्रचंड रूप ले चुका है। अब यह थाना क्षेत्र कतरीसराय को फ़ेल करता नजर आ रहा है। लोगों ने कहा कि पुलिस को इस ओर भी देखने की जरूरत है।

# स्वास्थ्य विभाग को 30 और विशेषज्ञ चिकित्सक, मंत्री ने तैनाती प्रस्ताव को दी मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून । उत्तराखंड के स्वास्थ्य विभाग को 30 नए विशेषज्ञ चिकित्सक मिले हैं। इन चिकित्सकों की तैनाती के प्रस्ताव को स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही राज्य में विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या में और वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने बुधवार को बताया कि राज्य में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती लगातार की जा रही है और 30 नए विशेषज्ञों के जुड़ने से चिकित्सा सेवाओं को और मजबूती मिलेगी, जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद राज्य सेवा में लौटे इन विशेषज्ञ चिकित्सकों को उनकी विशेषज्ञता के अनुरूप विभिन्न जनपदों में एक यूनिट के रूप में तैनात किया गया है। विभाग के अनुसार इससे न केवल विशेषज्ञों के बीच समन्वय बेहतर होगा, बल्कि मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही उपचार की सुविधा मिल सकेगी।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार बागेश्वर में ईएनटी, ऑब्स एंड गायनी और एनेस्थीसियोलॉजी के विशेषज्ञ, पौड़ी में जनरल सर्जरी, रेस्पिरेट्री मेडिसिन, एनेस्थीसियोलॉजी और ऑर्थोपेडिक्स के साथ जनरल मेडिसिन व ऑब्स एंड गायनी के दो-दो विशेषज्ञ, जबकि पिथौरागढ़ में ऑब्स एंड गायनी, पैथोलॉजी,फॉरेंसिक मेडिसिन और माइक्रोबायोलॉजी के विशेषज्ञ तैनात किए गए हैं। इसी प्रकार रुद्रप्रयाग में पीडियाट्रिक्स, जनरल मेडिसिन और एनेस्थीसियोलॉजी, हरिद्वार में कम्युनिटी मेडिसिन, एनेस्थीसियोलॉजी और जनरल सर्जरी, उत्तरकाशी में जनरल सर्जरी, ईएनटी, एनेस्थीसियोलॉजी और ऑप्थल्मोलॉजी, चमोली में जनरल मेडिसिन और ईएनटी, जबकि देहरादून में पैथोलॉजी, एनेस्थीसियोलॉजी और फॉरेंसिक मेडिसिन के विशेषज्ञों की तैनाती की गई है। विभाग का कहना है कि इन नियुक्तियों से विशेष रूप से पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी। साथ ही चारधाम यात्रा के दौरान आने वाले तीर्थयात्रियों को भी बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। पीजी कोर्स के उपरांत विभाग में लौटे विशेषज्ञ चिकित्सकों को एक यूनिट के रूप में विभिन्न जनपदों में नवीन तैनाती दी गई। जिसमें डॉ. मुकेश वर्मा को जिला चिकित्सालय बागेश्वर,डॉ.सोनम सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गरूड़ तथा डॉ. शिप्रा चन्द्रा को मुख्य चिकित्साधिकारी बागेश्वर के अधीन तैनाती दी गई है। इसी प्रकार डॉ. दीपिका,डॉ.आशीष सांगवान व डॉ.मोनिका नौटियाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीरोंखाल पौड़ी, डॉ.दीक्षा बिष्ट व डॉ. गरिमा उप जिला चिकित्सालय थलीसैण, डॉ. शिल्पी व डा. प्रीति गौड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाबौं, डॉ. संजय डालाकोटी को उप जिला चिकित्सालय कोटद्वार में तैनाती दी गई है। डॉ. रूचिका कविदयाल, डॉ.कमल किशोर, डॉ.निवेदिता सजवाण व डॉ.मणि भूषण पंत को जिला चिकित्सालय पिथौरागढ़,डॉ.हेमा असवाल, डॉ.गिरीश सिंह रावत व डॉ. किरण रावत को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अगस्तमुनि, डा. भारती बलूनी को जिला चिकित्सालय हरिद्वार,डॉ.पल्लवी वर्मा व डॉ.गार्गी त्यागी को उप जिला चिकित्सालय रूड़की,डा.सीमा शर्मा को जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी,डॉ.आजम अकील को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़कोट,डॉ.गौरव कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिन्यालीसौड़ तथा डॉ.लोकेश कुमार को मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरकाशी के अधीन नवीन तैनाती मिली है।

## किशनगंज में बिना पंजीकरण चल रहे विद्यालयों पर विधायक गोपाल अग्रवाल का गंभीर आरोप

किशनगंज । जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधायक गोपाल अग्रवाल ने जिले की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि शिक्षा विभाग की मिलीभगत से दर्जनों विद्यालय बिना पंजीकरण के संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन अनियमितताओं पर न तो कोई प्रभावी जांच हो रही है और न ही निगरानी। विधायक अग्रवाल के अनुसार, जिले के कई स्थानों पर कोचिंग संस्थानों को विद्यालय का स्वरूप देकर चलाया जा रहा है, जबकि कुछ जगहों पर विद्यालय के नाम पर कोचिंग सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने इसे शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ बताते हुए कहा कि इससे छात्रों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिना मान्यता वाले संस्थानों का संचालन अपराध की श्रेणी में आता है और ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

# झारखंड में वीबी-जी राम-जी नहीं, मनरेगा रहेगा नाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## विधानसभा में मनरेगा को यथावत रखने का संकल्प पारित, 150 दिन रोजगार की मांग

रांची । झारखंड विधानसभा के बजथट सत्र के दौरान बुधवार को मनरेगा को उसके पुराने नाम से ही जारी रखने का संकल्प पारित किया गया। यह संकल्प राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सदन में पेश किया। संकल्प में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित ‘वीबी-जी राम-जी’ अधिनियम की जगह मनरेगा को ही जारी रखने की बात कही गई। साथ ही मनरेगा के तहत 100 दिनों के बजाय 150 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया गया। सदन में प्रस्तुत प्रस्ताव में कहा गया कि ‘वीबी-जी राम-जी’ अधिनियम के प्रावधानों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि इससे रोजगार की कानूनी गारंटी, मानव दिवसों की सुरक्षा, ग्राम सभा की शक्तियों और राज्य के वित्तीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए राज्य के हित में मनरेगा को ही जारी रखना आवश्यक है। इसके अलावा, 5 जनवरी-2026 को इस विषय पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और अन्य संबंधित पक्ष शामिल हुए थे। समीक्षा के बाद इस अधिनियम को लेकर कई चिंताएं जताई गईं। संकल्प में यह भी कहा गया कि नए प्रावधानों से काम मांगने पर रोजगार मिलने की कानूनी गारंटी समाप्त हो सकती है, काम के दिनों में कमी आ सकती है, महिलाओं के सशक्तिकरण पर असर पड़ेगा और पलायन बढ़ने की आशंका है। साथ ही इससे राज्य पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ भी पड़ सकता है।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में गश्ती बढ़ाने और सतर्क रहने की सख्त हिदायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया । डीएम विनोद दूहन की अध्यक्षता में परमान सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 20 मार्च एवं 21 मार्च को मनाए जाने वाले ईद-उल-फितर तथा 27 मार्च को आयोजित होने वाले रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने विधि-व्यवस्था के संधारण को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। साथ ही उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से गश्ती बढ़ाने एवं सतर्क रहने का निर्देश दिया। शांति समिति के सदस्यों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। सदस्यों ने आपसी भाईचारा बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों के प्रसार को रोकने पर विशेष बल दिया। साथ ही आम नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में बताया गया कि पर्व के दौरान डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त जुलूस मार्गों सत्यापन पूर्व में करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के आलाधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने राजस्व वसूली में लापरवाही पर दी कार्रवाई की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पौड़ी गढ़वाल। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित मासिक स्टाफ बैठक में जनपद के राजस्व संवर्धन और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। डीएम ने राजस्व वसूली पर लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व प्राप्ति में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी तथा सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए सभी उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को वसूली में अपेक्षित प्रगति लाने तथा लंबित वादों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से पुराने लंबित राजस्व वादों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने पर जोर दिया। साथ ही तहसीलदारों को वादों के शीघ्र निस्तारण तथा उपजिलाधिकारियों को तहसीलदार न्यायालयों के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अतिरिक्त प्रभार वाले उपजिलाधिकारी सप्ताह में कम से कम एक दिन संबंधित तहसील में बैठकर जनसमस्याओं का समाधान करें। उन्होंने स्थायी निवास, जाति एवं ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्रों का रेंडम सत्यापन कर त्रुटि पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बताया कि दैवीय आपदा के क्षतिग्रस्त जनपद की 63 राजस्व उप निरीक्षक चौकियों की मरम्मत हेतु 3.25 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इसके अलावा जिला कार्यालय से परिषद को राजस्व उप निरीक्षक चौकियों के प्रेषित आंगणनों के सापेक्ष तहसील रिखणीखाल की 14 एव तहसील लैन्सडौन की 2 चौकियों के मरम्मत हेतु धनराशि स्वीकृत हुई है। डीएम ने 30 अप्रैल तक सभी निर्धारित निर्माण कार्य पूर्ण करने को कहा। जिलाधिकारी ने बताया कि डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के 402 राजस्व न्यायालयों के कम्प्यूटरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद गढ़वाल के 41 राजस्व न्यायालयों के लिए प्रति न्यायालय एक कंप्यूटर, एक प्रिंटर एवं एक यूपीएस की व्यवस्था हेतु की धनराशि स्वीकृत की गयी है। स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष 41 कंप्यूटर क्रय कर जनपद की सभी तहसीलों को वितरित कर दिए गए हैं, जिससे राजस्व न्यायालयों के कार्यों में दक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

कहा कि यदि किसी क्षेत्र में बड़े प्रोजेक्ट अथवा महत्वपूर्ण निर्माण कार्य की आवश्यकता है, तो संबंधित अधिकारी उसे स्पष्ट रूप से चिन्हित कर विस्तृत प्रस्ताव तैयार करते हुए प्रस्तुत करें, ताकि आवश्यकतानुसार ऐसे प्रस्तावों को जिला योजना में शामिल कर विकास कार्यों को गति दी जा सके। डीएम ने फॉर्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत तहसीलदारों एवं पटवारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का सत्यापन 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी तथा नियमित समीक्षा करते हुए प्रगति सुनिश्चित की जाए।

## आईसीडीएस की संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी

अररिया । समेकित बाल विकास परियोजना के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी कविता कुमारी की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में सभी परियोजनाओं की महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं प्रखंड समन्वयकों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में आईसीडीएस द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में कोई भी आंगनबाड़ी केंद्र कच्चे मकान में संचालित नहीं होगा। साथ ही केंद्रों पर साफ-सफाई एवं सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में महिला पर्यवेक्षिकाओं को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सबसे पहले संबंधित पर्यवेक्षिका के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063